www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान





आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 23 सितंबर 2025 | 8 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 266, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

सूर्योदय 6:10 सूर्यास्त 6:17

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16 न्यू | 24 अधि |
| धर्मशाला | 20 न्यू | 26 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,160 |
| निफ्टी | 25,202 |

सोना 1,11,167 चांदी 1,32,170

# जीएसटी सुधारों से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा भारत : प्रधानमंत्री

## नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए देश के नाम लिखा पत्र, स्वदेशी अपनाने की अपील

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवरात्र के पहले दिन देश के नाम खुला पत्र लिखा। उन्होंने देशवासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार सभी के जीवन में सुख और समृद्धि लेकर आए। पीएम ने लिखा, '22 सितंबर से नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म लागू होने के साथ ही पूरे देश में 'जीएसटी बचत उत्सव' की शुरुआत हो गई है। इन रिफॉर्म्स से किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग सभी को फायदा होगा।' पीएम मोदी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प देश के सामने रखा है। उन्होंने लिखा कि देश ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है और इसे



सिद्ध करने के लिए आत्मनिर्भरता के रास्ते पर चलना जरूरी है। नए जीएसटी से आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी तेज गति मिलेगी। आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक है कि हम स्वदेशी को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। चाहे ब्रांड कोई भी हो, कंपनी कोई भी हो, अगर उसमें भारतीय श्रमिक और कारीगर की मेहनत लगी है, तो वो स्वदेशी है। उन्होंने पत्र में लिखा, 'नागरिक देवो भव हमारा मंत्र है। पिछले 11 वर्षों में हमारे प्रयासों से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। देश में एक नियो मिडिल क्लास तैयार हुआ है। अब इसे और सशक्त बनाया जा रहा है। हमने मध्यम वर्ग को भी मजबूत किया है। जीएसटी यात्रा की शुरुआत का जिक्र करते हुए पीएम ने लिखा, हमारी जीएसटी यात्रा 2017 में शुरू हुई थी। तब देश को अनेक तरह के टैक्स और टोल के जंजाल से मुक्ति मिली थी। अब जीएसटी रिफॉर्म्स हमें और आगे ले जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**जीएसटी रिफॉर्म्स से किसान, महिला व युवा सभी को होगा फायदा**

### हमने नॉर्थ ईस्ट के 8 राज्यों को अष्टलक्ष्मी माना

**ईटानगर।** प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा के दौरे पर रहे। उन्होंने ईटानगर में 5,100 करोड़ रुपए के नए प्रोजेक्ट्स की नींव रखी। उन्होंने कहा कि नॉर्थ ईस्ट को कांग्रेस ने नजरअंजाद किया। पीएम ने कहा कि जिनको कभी किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी पूजता है। जिस नॉर्थ ईस्ट को कांग्रेस ने भुला दिया था, वह 2014 के बाद विकास की प्राथमिकता बन गया है। हमने नॉर्थ ईस्ट में लास्ट माइल कनेक्टिविटी को अपनी सरकार की पहचान बनाया और यहां के 8 राज्यों को अष्टलक्ष्मी माना है।

# अमेरिका ने एच-1बी वीजा फीस बढ़ाई, तो के-वीजा लाया चीन

## दुनियाभर के टैलेंटेड युवाओं को बुलाना मकसद, 1 अक्तूबर से होगा लागू

**एजेंसी, बीजिंग**

अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा की फीस एक लाख डॉलर करने के बाद चीन ने दुनियाभर के टैलेंट को अपने देश में बुलाने के लिए के-वीजा शुरू करने का ऐलान कर दिया है। नया वीजा 1 अक्तूबर, 2025 से लागू होगा।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक के-वीजा उन युवा और कुशल प्रोफेशनल्स के लिए है, जो साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ के क्षेत्र से जुड़े हैं और रिसर्च की पढ़ाई पूरी की है या अभी रिसर्च कर रहे हैं। आवेदन करने वालों को जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे। इससे जुड़ी अधिक जानकारी चीनी दूतावास और कॉन्सुलेट जारी करेंगे। चीन सरकार ने अगस्त में इस फैसले को मंजूरी दी थी।

बता दें कि अमेरिका ने 21 सितंबर से एच-1बी वीजा की फीस को एक लाख डॉलर कर दिया है। इससे प्रोफेशनल्स को अमेरिका जाने में मुश्किलें होंगी, जिससे वे चीन का रुख कर सकते हैं। ऐसे में चीन के के-वीजा को यूएस के एच-1बी वीजा के विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

**अमेरिका ने एच 1बी वीजा शुल्क को कर दिया है एक लाख डॉलर**

### अभी 12 तरह के वीजा जारी करता है चीन

**चीन** अभी 12 तरह के वीजा जारी करता है। अभी चीन में काम करने के लिए आर-वीजा या जेड-वीजा का इस्तेमाल किया जाता है। जेड-वीजा की वैधता 1 साल की है, जबकि आर-वीजा में ठहरने के लिए सिर्फ 180 दिन मिलते हैं। आर-वीजा के लिए कोई फीस नहीं लगती, लेकिन इसकी आवेदन प्रक्रिया लंबी और पेचीदा है, इसलिए यह सफल नहीं हो पाया। वहीं, के-वीजा में विदेशियों को ज्यादा समय तक चीन में रहने की सुविधा मिलेगी। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि यह कितने समय के लिए होगी। के-वीजा में कुछ ऐसी सुविधाएं दी गई हैं, जो अभी चल रहे जेड-वीजा में नहीं हैं।

### हाई स्किल्ड लोगों के लिए वीजा फीस खत्म कर सकता है ब्रिटेन

**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन भी हाई स्किल्ड लोगों के लिए वीजा फीस खत्म करने पर विचार कर रहा है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक जिन लोगों ने दुनिया के टॉप 5 यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की है या फिर कोई बड़ा इंटरनेशनल अवॉर्ड जीता है, उनकी पूरी वीजा फीस माफ हो जाएगी। फिलहाल, ब्रिटेन के ग्लोबल टैलेंट वीजा की आवेदन फीस 766 पाउंड (करीब 90 हजार) है। ब्रिटेन में 26 नवंबर को बजट पेश होगा, इससे पहले वो इस फीस को खत्म करने का फैसला ले सकता है। (अनंत ज्ञान)

### द्वितीय ब्रह्मचारिणी



**दूसरे** नवरात्र पर मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाती है। ब्रह्मचारिणी माता को ब्राह्मी भी कहा जाता है। इस दिन माता की पूजा-अर्चना और उपवास करने से जीवन में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है और हर समस्या से मुक्ति मिलती है। मां सृष्टि में ऊर्जा के प्रवाह, कार्यकुशलता और आंतरिक शक्ति में विस्तार की जननी हैं।

**या देवी सर्वभूतेषु मां ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।**
**दधाना कपाभ्यामक्षमालाकमण्डलू।**
**देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।**

### सोना 1.11 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम 22 सितंबर को अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,392 रुपए बढ़कर 1,11,167 पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 1,09,775 रुपए पर था। वहीं, चांदी भी 4,170 रुपए बढ़कर 1,32,170 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पहले ये 1,28,000 रुपए पर थी। इस साल अब तक सोने की कीमत 33,613 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,11,167 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 41,983 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,32,170 रुपए प्रति किलो हो गई है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हिमाचल प्रदेश को मिला स्कॉच गोल्ड अवॉर्ड -पेज 3
- डाडासीबा में बस पलटी, 53 यात्री जख्मी -पेज 5
- कंगना के खिलाफ यूथ कांग्रेस का हल्ला बोल -पेज 9
- विभाजन के बाद भी माता कुहा देवी की चर्चा पाकिस्तान तक -पेज 10
- मृतका के मायके पक्ष ने जताई हत्या की आशंका -पेज 11


# हिमाचल में मेडिकल अधिकारियों के भरे जाएंगे 200 पद : मुख्यमंत्री सुक्खू

## 38 सहायक प्रोफेसर और 400 स्टाफ नर्सें भी रखी जाएंगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े सुधारों की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। सरकार ने 200 मेडिकल अधिकारी, 38 सहायक प्रोफेसर और 400 स्टाफ नर्सों की नियुक्ति को मंजूरी दी है। साथ ही शिमला के अटल सुपर स्पेशियलिटी इंस्टीट्यूट चमियाणा और टांडा मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू कर दी गई है। आने वाले समय में यह सुविधा हमीरपुर, चंबा, नेरचौक और नाहन के मेडिकल कॉलेजों में भी उपलब्ध करवाई जाएगी। इन प्रयासों से मरीजों को प्रदेश से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। सरकार ने घोषणा की है कि शिमला और टांडा में शुरू की गई रोबोटिक सर्जरी को भविष्य में अन्य मेडिकल कॉलेजों तक भी विस्तारित किया जाएगा। इससे मरीजों को जटिल ऑपरेशन आधुनिक तकनीक से यहीं पर करवाने की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही जोनल, रीजनल और सिविल अस्पतालों को भी आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया जा रहा है, ताकि हर स्तर पर लोगों को उन्नत उपचार मिल सके।



### मेडिकल अधिकारियों के बनाए दो कैडर

**स्वास्थ्य** सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार ने 3020 मेडिकल अधिकारियों के कैडर को दो हिस्सों में विभाजित करने का निर्णय लिया है। इसमें 2337 पद मेडिकल अधिकारी जनरल के लिए रखे गए हैं, जो ओपीडी, आईपीडी और सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं देंगे। वहीं, 683 पद मेडिकल अधिकारी स्पेशलिस्ट के लिए होंगे, जिनके पास पीजी डिग्री या डिप्लोमा आवश्यक होगा और वे विशेष क्लीनिकल सेवाएं उपलब्ध करवाएंगे। यह व्यवस्था भविष्य की चिकित्सा चुनौतियों को देखते हुए स्वास्थ्य ढांचे को और सक्षम बनाएगी।

# बिना हमला किए वापस मिलेगा पीओके : राजनाथ

## कहा-एक दिन खुद कहेगा-मैं भारत हूं, दोबारा शुरू हो सकता है ऑपरेशन सिंदूर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत को बिना किसी लड़ाई या हमले के अपने आप मिल जाएगा। पीओके के लोग खुद आजादी की मांग कर रहे हैं और एक दिन वे कहेंगे कि मैं भी भारत हूं। राजनाथ सिंह ने यह बात मोरक्को में भारतीय समुदाय से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने याद दिलाया कि पांच साल पहले कश्मीर में सेना के एक कार्यक्रम में भी उन्होंने यही बात कही थी।

यह बयान उस समय आया है जब विपक्ष केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहा है कि हमने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पीओके को कब्जाने का मौका गंवा दिया गया। उस समय भारतीय वायुसेना ने कई पाकिस्तानी फाइटर जेट गिराए थे, लेकिन सरकार ने सीजफायर मान लिया।

दरअसल, राजनाथ सिंह दो दिन के दौरे पर मोरक्को पहुंचे हैं। यहां उन्होंने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के नए व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म 8×8 मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन किया। यह अफ्रीका में किसी भारतीय रक्षा कंपनी का पहला संयंत्र है। (अनंत ज्ञान)




### कहा- हमने धर्म नहीं कर्म देखकर मारा

**रक्षा** मंत्री ने कहा कि भारत ने आतंकियों को उनके धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि उनके कर्म (अपराध) देखकर मार गिराया। उन्होंने कहा, 'आतंकवादी हमारे लोगों को धर्म पूछकर मारते हैं, लेकिन भारत ने उनका धर्म नहीं देखा, सिर्फ उनके बुरे काम देखकर जवाब दिया है।'

### आतंकी मसूद अजहर का परिवार तबाह

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के अगले ही दिन सीडीएस, तीनों सेनाध्यक्षों और रक्षा सचिव के साथ बैठक में उन्होंने पूछा था कि अगर सरकार आदेश दे तो क्या सेना तैयार है। उन्होंने बिना एक पल गंवाए कहा कि बिलकुल तैयार हैं। इसके बाद पीएम मोदी ने हमें पूरी छूट दी और आपने नतीजा देखा कि सीमा पर नहीं, बल्कि 100 किमी अंदर जाकर आतंकी ठिकाने तबाह किए गए। जैश-ए-मोहम्मद का एक बड़ा आतंकी कह रहा था कि भारत ने हमला करके मसूद अजहर के परिवार को तबाह कर दिया है।

# भारतीय उपग्रहों की रक्षा करेंगे बॉडीगार्ड सैटेलाइट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अंतरिक्ष में बढ़ते खतरे और दुश्मन देशों की सैटेलाइट गतिविधियों को देखते हुए भारत सरकार अपने उपग्रहों की सुरक्षा मजबूत करने की योजना बना रही है। मोदी सरकार अब ऐसे खास 'बॉडीगार्ड सैटेलाइट' बनाने की तैयारी कर रही है, जो अंतरिक्ष में भारतीय सैटेलाइट की सुरक्षा करेंगे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि का तुरंत जवाब देंगे। ब्लूमबर्ग के सूत्रों के अनुसार, इस तैयारी को तेजी तब मिली, जब 2024 के बीच एक पड़ोसी देश का सैटेलाइट इसरो के सैटेलाइट के सिर्फ 1 किलोमीटर पास से गुजरा था। रिपोर्ट के मुताबिक, यह सैटेलाइट 500-600 किलोमीटर की ऊंचाई पर था और मैपिंग और जमीन की निगरानी जैसे सैन्य काम कर रहा था। हालांकि, दोनों सैटेलाइट्स की टक्कर तो नहीं हुई, लेकिन यह घटना किसी दूसरे देश की ताकत दिखाने की कोशिश हो सकती थी। (अनंत ज्ञान)

**इससे अंतरिक्ष में संदिग्ध गतिविधि भी पता चलेगी**

### अंतरिक्ष सुरक्षा को लेकर दी थी चेतावनी

**एयर** मार्शल आशुतोष दीक्षित ने जून में सर्विलांस एंड इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स इंडिया सेमिनार चेतावनी दी थी कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी तेजी से अंतरिक्ष क्षमता बढ़ा रही है और यह भारत की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश मामले में सर्वोच्च अदालत की अहम टिप्पणी

# पायलट की गलती की चर्चा अफसोसजनक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश मामले में पायलट की गलती को लेकर उठ रही चर्चाओं को अफसोसजनक बताया है। इसके लिए कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो से जवाब मांगा है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बैंच ने इस मामले में स्वतंत्र जांच करवाने की संभावना पर भी ध्यान दिया है। इसको लेकर एविएशन सुरक्षा एनजीओ सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन ने पीआईएल दायर की है। इसमें आरोप लगाया गया है कि प्रारंभिक रिपोर्ट में जरूरी जानकारी छुपाई गई है और यह नागरिकों के जीवन, समानता और सही जानकारी पाने के अधिकार का उल्लंघन करती है। पीआईएल में कहा गया कि ईंधन स्विच की खराबी और इलेक्ट्रिकल फॉल्ट जैसी तकनीकी समस्याओं को नजरअंदाज किया गया और दुर्घटना का दोष केवल पायलट पर डाल दिया गया। (अनंत ज्ञान)



**कोर्ट ने केंद्र, डीजीसीए और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो से मांगा जवाब**

### अपराध की श्रेणी से बाहर की जाए मानहानि

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अब समय आ गया है कि मानहानि को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जाए। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच पूर्व जेएनयू प्रोफेसर अमिता सिंह की ओर से 2016 में एक मीडिया संस्थान के खिलाफ दाखिल मानहानि मामले की सुनवाई कर रही थी। मीडिया संस्थान की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि प्रोफेसर अमिता सिंह ने एक डॉजियर (दस्तावेज) तैयार किया था, जिसमें जेएनयू को अश्लील गतिविधियों और आतंकवाद का अड्डा बताया गया। अमिता सिंह का आरोप है कि रिपोर्टर और संपादक ने बिना सत्यता जांचे यह खबर प्रकाशित की, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा।

# वाराणसी आ रहे जहाज का कॉकपिट खोलने की कोशिश

**एजेंसी, वाराणसी**

बेंगलुरु से वाराणसी आ रही एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में एक यात्री ने कॉकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश की। उसने दरवाजे का सही पासकोड भी डाला, लेकिन कैप्टन ने हाईजैक के डर से दरवाजा नहीं खोला। केबिन क्रू ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसके साथ के लोग आ गए। अंदर जाने की कोशिश करने लगे। एयरलाइंस कर्मियों ने उन्हें फटकार लगाते हुए सीट पर बैठाया। कैप्टन ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीएस) को इसकी जानकारी दी। एटीएस ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को सूचना दी। जैसे ही विमान वाराणसी में लैंड हुआ, सीआईएसएफ ने आरोपी और उसके 8 साथियों को हिरासत में लिया। सूचना मिलते ही एटीएस, एलआईयू, सेंट्रल इंटेलिजेंस और साइबर क्राइम की टीम मौके पर पहुंची। सभी बेंगलुरु के निवासी हैं। लोकल पुलिस के जरिए उनके एड्रेस का वेरिफिकेशन कराया जा रहा है। बाबतपुर पुलिस चौकी में सुबह 10.30 बजे से उनसे पूछताछ की जा रही है। सभी के मोबाइल और कॉल डिटेल चेक किए जा रहे हैं। वाराणसी पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। कॉकपिट का विमान का अगला हिस्सा होता है, जहां से पायलट विमान को कंट्रोल करता है। (अनंत ज्ञान)

**हाईजैक के डर से कैप्टन ने नहीं खोला, 9 को लिया हिरासत में**

# विक्रमादित्य ने डॉ. अमरीन संग लिए फेरे

## चंडीगढ़ में हुई शादी, दोनों परिवारों के करीबी रिश्तेदार हुए शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल के लोक निर्माण मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह सोमवार को डॉ. अमरीन कौर के साथ वैवाहिक बंधन में बंध गए। चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित गुरुद्वारा साहिब में आनंद कारज की रस्में पूरी हुईं। इस मौके पर दोनों परिवारों और करीबी रिश्तेदारों ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की।

डॉ. अमरीन कौर, जो अब डॉ. अमरीन सेखों सिंह के नाम से जानी जाएंगी, पंजाब यूनिवर्सिटी में सहायक प्रोफेसर हैं। उन्होंने अंग्रेजी और मनोविज्ञान में दोहरी मास्टर डिग्री हासिल की है और मनोविज्ञान में पीएचडी भी की है। चंडीगढ़ निवासी अमरीन सरदार जोतिंदर सिंह सेखों और सरदारनी ओपिंदर कौर की पुत्री हैं। बता दें कि बुशहर राजघराने के वारिस विक्रमादित्य सिंह हिमाचल प्रदेश की राजनीति में एक अहम चेहरा हैं। वह शिमला ग्रामीण से विधायक हैं और वर्तमान में राज्य सरकार में लोक निर्माण विभाग एवं शहरी विकास विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से स्नातक और लंदन से इतिहास में मास्टर डिग्री लेने के बाद उन्होंने 2013 में सक्रिय राजनीति में कदम रखा। इसके बाद युवा कांग्रेस के अध्यक्ष से लेकर कैबिनेट मंत्री तक का सफर तय किया।



परिणय सूत्र में बंधने के बाद विक्रमादित्य अपनी पत्नी अमरीन और मां प्रतिभा सिंह के साथ।

**राहत** सीमेंट सहित निर्माण सामग्री हुई सस्ती, सेब पैकिंग मैटेरियल भी हुआ सस्ता

# जीएसटी कटौती से सस्ता हुआ हिमाचल का बाजार

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** इस बार नवरात्र की दस्तक से पहले ही उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। जीएसटी परिषद ने कई वस्तुओं और सेवाओं की दरों में बदलाव कर दिया है, जिसका सीधा असर अब हिमाचल प्रदेश की जनता की जेब पर दिखाई देने लगा है। कहीं राहत की फुहार बरसी है तो कहीं महंगाई की कड़वाहट भी बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में निर्माण कार्य कर रहे लोगों को सबसे बड़ी राहत मिली है। अब सीमेंट के दाम 30 से 40 रुपए तक घट गए हैं। पहले से महंगे मिल रहे एसीसी, अल्ट्राटेक और बांगड़ जैसे ब्रांड अब उपभोक्ताओं को कम दाम पर उपलब्ध होंगे। बिलासपुर में एसीसी गोल्ड सीमेंट 480 रुपए से घटकर 440 से 445 रुपए में मिल रहा है। एसीसी सुरक्षा सीमेंट 390 से 395 रुपए में और अल्ट्राटेक भी 425 रुपए से गिरकर 390 रुपए में उपलब्ध है।

शिमला और मनाली जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर होटल कमरों का किराया कम होने से कारोबारियों में नई उम्मीद जगी है। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित पर्यटन उद्योग को इस राहत से संजीवनी की उम्मीद है। सेब सीजन के बीच कार्टन और ट्रे पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत हो गया है। हालांकि, बागवान नेता हरीश चौहान का कहना है कि इसका असर बहुत बड़ा नहीं होगा। फिलहाल यूनिवर्सल कार्टन 54 से 61 रुपए और प्रति ट्रे का भाव 570 रुपए ही बना हुआ है।

वहीं, कृषि उपकरणों के दाम कम होने से किसानों को राहत मिलेगी। हालांकि सरिया पहले से 18 प्रतिशत जीएसटी के दायरे में था, इसलिए उसमें कोई बदलाव नहीं होगा।

**खेती उपकरण भी हुए सस्ते, होटल कारोबारियों को राहत की उम्मीद**

### 10 हजार से ज्यादा गाड़ियों की एडवांस बुकिंग

**माता** रानी के नवरात्र की रौनक बाजार में साफ दिख रही है। नवरात्र से पहले ही राज्यभर में 10 हजार से ज्यादा गाड़ियों की एडवांस बुकिंग हो चुकी है। शिमला, कांगड़ा और सिरमौर में गाड़ियों की डीलरशिप पर ग्राहकों की लंबी कतारें लगी हैं।




### लग्जरी वाहन महंगे

**जहां** एक ओर उपभोक्ताओं को कई मोर्चों पर राहत मिली है, वहीं 1200 सीसी से अधिक की कारें, 350 सीसी से ऊपर की मोटरसाइकिलें और रेसिंग कारें अब महंगी होंगी। निजी विमानों पर भी भारी कर लगाया गया है। इसी तरह कोल्ड ड्रिंक, कैफीन-युक्त पेय और मीठे स्वाद वाले पेय पदार्थ अब 40 प्रतिशत कर की चपेट में आ गए हैं।

### तंबाकू पर राहत नहीं

**केंद्र** सरकार ने साफ कर दिया है कि तंबाकू, गुटखा और सिगरेट पर 28 प्रतिशत जीएसटी पहले की तरह जारी रहेगा। राज्यों को राजस्व हानि की भरपाई के लिए यह उपकर लागू रहेगा।

# मनचाही मांगें पूरी करती है मां टौणी देवी, नवरात्र में श्रद्धालुओं की भीड़

संजीव चौहान, अनंत ज्ञान

**टौणीदेवी।** चौहान वंश की कुल देवी माता टौणी देवी के मंदिर में नवरात्र में विशेष सजावट की गई है व सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

टौणी देवी मंदिर ऐतिहासिक मंदिर है व इसका इतिहास क्षेत्र के चौहान वंश से जुड़ा है। बताया जाता है कि आज से लगभग 800 वर्ष पूर्व जब दिल्ली पर मुगलों का अधिपत्य हो गया, तो उन्होंने राजपूतों की मां बहनों पर अत्याचार व व्यविचार करना प्रारंभ कर दिया और राजपूतों को जनेउ उतारने कर धर्म परिवर्तन करवाने लगे, तो चौहान वंश के बारह भाइयों ने इन पहाड़ी दुर्गम क्षेत्र में शरण ली थी, ताकि अपने धर्म व परिजनों की रक्षा कर सकें। उनके साथ उनकी बहन जिसे सुनाई नहीं देता था वह भी साथ थी। परिवार के मुखिया ने बाकर कुनाह व पृंग खड्ड के केंद्र पर भवन की योजना बनाई, मगर जिस स्थान पर आधारशिला रखी गई, वहां पर खून की धारा निकलने पर सब अचंभित हो गए, इस पर कुल पुरोहित से मशबरा लिया और उन्होंने इसके लिए घर की कुवारीं कन्या को दोषी बताया। घर की महिलाओं ने माता टौणी देवी पर आरोप लगाए, जिस पर क्षुब्ध माता ने इस स्थान पर घोर तपस्या की और आषाढ मास के 10 प्रविष्टे को अर्न्तध्यान हो गई।

उसी की याद में उसके भाइयों ने यहां छोटे से मंदिर की स्थापना की, जो कि आज भव्य रूप धारण कर चुका है। माता टौणी देवी को सुनाई नहीं देता था इसलिए जब भी कोई मन्नत मांगता है, तो मंदिर में रखे पत्थरों को आपस में टकराता है और उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। माता के दरबार में पजांब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, जम्मू, उतर प्रदेश व अन्य राज्यों से भी चौहान वंश के लोग दर्शन करने आते है, नवरात्र में हर बार की तरह इस बार भी 30 सितंबर अष्टमी को भंडारा आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी मंदिर कमेटी प्रधान सरवन चौहान ने दी।

## उत्तरी भारत का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल संतोषी माता मंदिर

सुनील कुमार, अनंत ज्ञान



**जाहू।** उत्तरी भारत का प्रसिद्ध संतोषी माता मंदिर, लदरौर, नवरात्र के अवसर पर भव्य रूप से सजाया गया है। यह मंदिर हमीरपुर और बिलासपुर जिलों की सीमा पर स्थित एक प्रमुख धार्मिक स्थल है।

नवरात्र के दौरान हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु यहां आकर माता के दरबार में माथा टेकते हैं। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग गेट बनाए गए हैं, जिससे भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और किसी को असुविधा न हो। मंदिर कमेटी हर दिन निशुल्क लंगर की व्यवस्था करती है और रात रुकने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी समुचित प्रबंध किए गए हैं। सफाई को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त शौचालय बनाए गए हैं और पूरे मंदिर परिसर की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई गई है। मंदिर समिति के प्रधान बलवंत सिंह और सदस्य बतन सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और किसी भी समस्या की स्थिति में मंदिर समिति से संपर्क करें। संतोषी माता मंदिर का ऐतिहासिक महत्व भी है, जिस स्थान पर मंदिर स्थित है, उसे पहले झंडे वाला फट कहा जाता था, जो बाद में धूरी का रिडा के नाम से जाना जाने लगा। वर्ष 1968 में गांव खूथड़ी के बुजुर्गों को स्वप्न में माता के मंदिर निर्माण का संकेत मिला। इसके बाद गांववासियों ने मंदिर निर्माण का कार्य आरंभ किया और वर्ष 1970 में माता की मूर्ति की विधिवत स्थापना की गई। मंदिर के समीप हर वर्ष सायर मेले का आयोजन भी होता है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण होता है।

# सीटू ने कामगार कल्याण बोर्ड के कार्यालय का किया घेराव

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान



प्रदर्शन करते सीटू कार्यकर्ता।

**हमीरपुर।** हिमाचल भवन, सड़क एवं अन्य निर्माण मजदूर यूनियन से संबंधित सीटू के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के मुख्य कार्यालय का घेराव किया।

यह प्रदर्शन कामगारों को बोर्ड से मिलने वाले लाभों की बंदी के खिलाफ था। प्रदर्शनकारियों ने बोर्ड के अध्यक्ष और सचिव के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और कार्यालय के बाहर बैठकर रोष जताया। स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई, जब अध्यक्ष और सचिव कार्यालय से बाहर आए, जिस पर कार्यकर्ता भड़क गए और धक्का-मुक्की की नौबत आ गई। मामले को सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने शांत कराया। सीटू नेताओं ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद से ही मजदूरों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। पंजीकरण और नवीनीकरण की प्रक्रिया में भी बार-बार नए नियम जोड़े जा रहे हैं, जिससे हजारों मजदूर लाभ से वंचित हो रहे हैं। बोर्ड की बैठकों में फैसले तो होते हैं, पर लागू नहीं किए जाते। तीन वर्षों से लंबित लाभ आज तक जारी नहीं किए गए हैं। सीटू नेताओं ने आरोप लगाया कि मजदूरों के कल्याण के लिए जमा फंड का दुरुपयोग हो रहा है। यह पैसा मजदूरों की सहायता के बजाय गैर-जरूरी भवन, हॉस्टल, जागरूकता कार्यक्रमों और प्रचार-प्रसार में खर्च किया जा रहा है। यूनियन ने सरकार और बोर्ड को दो माह का अल्टीमेटम दिया है कि अगर इस अवधि में मजदूरों के लाभ जारी नहीं हुए और समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो बोर्ड कार्यालय के बाहर स्थायी मोर्चा लगाया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी। प्रदर्शन को डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर, प्रेम गौतम, विजेंद्र मेहरा, जोगिंदर कुमार, अमित, करतार चंद चौहान और सुषमा सहित कई नेताओं ने संबोधित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### दियोटसिद्ध में विकसित हों मठ समाधियां

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** यूके लंदन में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का जोरदार स्वागत करते हुए भारतीय मूल के नागरिक वीरेंद्र चौधरी मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश के कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने हिमाचल के लोगों का हाल-चाल जाना। वीरेंद्र चौधरी ने बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में मठ समाधियों क्षेत्र को विकसित किए जाने की बात कही। बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध के साथ मठ समाधियों में बाबा बालक नाथ व राजा भर्तृहरि का मंदिर बना हुआ है व पुरानी बावड़ी भी बनी हुई है। इस स्थान को सड़क सुविधा से जोड़ने की भी मांग लंबे समय से की जा रही है। इस मांग को वीरेंद्र चौधरी ने मुख्यमंत्री के समक्ष पुरजोर से उठाया। इस क्षेत्र को सड़क सुविधा से जोड़ा जाए, ताकि बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में गुफा दर्शन करने के बाद पूर्व में रहे महंतों की जीवनी के साथ उनकी बनी प्रतिमाओं का भी दर्शन कर सकें।

### सोशल मीडिया से ब्लैकमेल कर 8 लाख की ठगी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन क्षेत्र के चलेटा गांव निवासी लक्की पुत्र मदन लाल ने पुलिस अधीक्षक हमीरपुर को शिकायत दी है कि गाजियाबाद निवासी शिल्पी, आकाश शर्मा व मोहित शर्मा ने उसे पहले भरोसे में लेकर डीमैट अकाउंट में निवेश करवाया और फिर अश्लील वीडियो कॉल की रिकॉर्डिंग से ब्लैकमेल कर करीब 8 लाख रुपए की ठगी की। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने जांच शुरू करने की पुष्टि की है।

### युवाओं में फिटनेस को बढ़ावा देने का संदेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत नमो मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन को भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर और विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने रवाना किया। कार्यक्रम में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। राकेश ठाकुर ने युवाओं से नशामुक्त भारत और फिटनेस को अपनाने का आह्वान किया। नरेंद्र अत्री ने कहा कि नमो मैराथन प्रधानमंत्री की सोच का हिस्सा है, जो युवाओं को स्वास्थ्य, सेवा और राष्ट्र निर्माण की ओर प्रेरित करता है। सेवा पखवाड़ा समाज सेवा और देशभक्ति को बढ़ावा देने वाला अभियान है, जिसमें युवाओं की भागीदारी अहम है।

### 20 अक्तूबर तक बंद रहेगी लंबलू-कैहरवीं सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएमजीएसवाई के तृतीय चरण के अंतर्गत हमीरपुर-भोरंज-जाहू सड़क का कार्य जारी है। लगातार खराब मौसम के चलते लंबलू से कैहरवीं तक इस सड़क को अब 20 अक्तूबर तक बंद किया गया है। पहले यह अवधि 12 सितंबर तक थी। डीसी अमरजीत सिंह ने आदेश जारी कर बताया कि इस दौरान हमीरपुर से भोरंज जाने वाले वाहन लंबलू-नुहाड़ा-डुगली-डबरेड़ा मार्ग से कैहरवीं पहुंच सकते हैं। वहीं, भोरंज से हमीरपुर आने वाले वाहन कैहरवीं से झनिक्कर-ताल-बढार सड़क को वैकल्पिक मार्ग के रूप में इस्तेमाल करें। प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### पेंशन जारी न होने पर पेंशनरों में आक्रोश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजमेर ठाकुर ने कहा कि 22 सितंबर तक भी पेंशन जारी नहीं की गई है। सरकार और निगम प्रबंधन पेंशनरों की अनदेखी कर रहे हैं। जुलाई माह की पेंशन भी विधायक सतपाल सत्ती के सवाल के बाद ही दी गई थी। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की जिम्मेदारी के बावजूद पेंशन जारी नहीं हो रही। मंच ने चेताया कि अगर पहली तारीख को पेंशन नहीं मिली, तो पेंशनर सड़कों पर उतरेंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

### रैली निकालकर दिया आयुर्वेद अपनाने का संदेश

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर कॅरियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के आयुर्वेद, योग श्व नेचुरोपैथी विभाग ने बस्सी में जागरूकता रैली निकाली। एसडीएम शशिपाल शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद जीवन जीने की एक समृद्ध शैली है जो शरीर और मन को सशक्त बनाती है। रैली में विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेटों, स्काउट्स और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। 'आयुर्वेद अपनाओ, स्वस्थ जीवन पाओ' जैसे नारों से लोगों को जागरूक किया गया। औषधीय पौधों जैसे अश्वगंधा, नीम, बेलपत्र आदि का वितरण लगभग 300 दुकानदारों को किया गया। साथ ही इन पौधों के गुणों से संबंधित जानकारी पुस्तिकाओं के माध्यम से भी लोगों तक पहुंचाई गई।

### विज्ञान अध्यापिका उत्तर भारत में टॉप 10 में

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सरकारी कन्या विद्यालय हमीरपुर की विज्ञान अध्यापिका विमला देवी ने भारती एयरटेल फाउंडेशन द्वारा आयोजित चैंपियन ऑफ चेंज प्रतियोगिता में उत्तर भारत में सातवां स्थान प्राप्त किया। उन्होंने विज्ञान विषय को रोचक बनाने के लिए 3डी वीडियो, चित्रात्मक सामग्री और ऑनलाइन क्विज का उपयोग किया। उनके नवाचारों से विद्यार्थियों की समझ और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। कई छात्रों ने विज्ञान क्विज, एनएमएमएस छात्रवृत्ति और पॉलीटेक्निक परीक्षाएं उत्तीर्ण कीं। विमला देवी का मानना है कि शिक्षक की असली सफलता छात्रों की सफलता से ही मापी जाती है।

### 40 करोड़ देशवासियों को मिला तोहफा: राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर किए वादे को नवरात्र के पहले दिन लागू कर 140 करोड़ देशवासियों को बड़ा तोहफा दिया है। जीएसटी की नई व्यवस्था से इलेक्ट्रॉनिक्स, खाद्य पदार्थ और रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती हो गई हैं, जिससे जनता को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 'एक देश, एक संविधान, एक टैक्स' की अवधारणा को साकार किया है। यह कदम आर्थिक सुधारों में ऐतिहासिक और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने वाला है।

### सुरेंद्र का दो कमरों का स्लेटपोश मकान गिरा

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के डुगियार गांव में सुरेंद्र कुमार का दो कमरे का मकान गिर गया। परिवार दिन के समय होने के कारण सुरक्षित बाहर भाग गया, जिससे कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। प्रशासन ने प्रभावित परिवार को 10,000 रुपए और तिरपाल देकर फौरी सहायता दी। स्थानीय विधायक इंद्र दत्त लखनपाल भी दलबल के साथ परिवार से मिले और 10,000 रुपए की आर्थिक मदद की। प्रधान रणजीत ववी ने प्रशासन और विधायक का आभार व्यक्त किया।

### 9 वार्डों में से 6 के सदस्य निर्विरोध चुने

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** नादौन के बड़ा की को-ऑपरेटिव सोसायटी के चुनाव में 9 वार्डों में से 6 वार्डों के सदस्य निर्विरोध चुने गए। वार्ड-5 प्लासी से मेहर चंद को चुनाव अधिकारी ने सुभाष चंद का नामांकन रद्द करने के बाद निर्विरोध सदस्य बनाया। झगड़ियाल, चमराल और धंगड़ बार्डों में कुल 6 प्रत्याशी हैं, जिनका चुनाव 6 अक्तूबर को होगा। झगड़ियाल से सुंदर्शन कुमार जरियाल, महिंद्र सिंह; चमराल से प्रवीण कुमार, दलीप चंद; धंगड़ से देव राज गोस्वामी, करतार सिंह मतदान में हिस्सा लेंगे। चुनाव सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक होगा।

# सर्वजन कल्याण सभा के हमीरपुर कार्यालय का उद्घाटन

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान



कार्यक्रम में मौजूद नेता और महंत राजेंद्र गिरी।

**हमीरपुर।** जिला मुख्यालय में सर्वजन कल्याण सभा के नवनिर्मित कार्यालय का भव्य उद्घाटन उत्तर भारत के सबसे बड़े शक्तिपीठ बाबा बालक नाथ के महंत राजेंद्र गिरी महाराज के कर-कमलों द्वारा हुआ।

कार्यक्रम में समाजसेवा के प्रति संस्था की वर्षों से जारी प्रतिबद्धता और प्रदेश भर में किए जा रहे कार्यों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वजन कल्याण सभा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन शर्मा ने बताया कि संस्था ने पिछले दो-तीन वर्षों से प्रदेश भर में गरीबों, जरूरतमंदों और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा, कोई भी अकेला व्यक्ति बड़े कार्य को पूरा नहीं कर सकता। इसके लिए टीमवर्क और एक संगठित प्रयास आवश्यक है। इसी सोच के साथ हमने सर्वजन कल्याण सभा का गठन किया, जिसमें पढ़े-लिखे, जागरूक और संवेदनशील लोगों की एक सशक्त टीम जुड़ी है। नवीन शर्मा ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि गरीब घरों की बेटियों की शादियों का दायित्व उठाना, युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के लिए खेलकूद गतिविधियों का आयोजन करना, महिलाओं का मनोबल बढ़ाने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाना तथा प्राकृतिक आपदाओं के समय राहत कार्यों में सक्रिय भागीदारी करना संस्था के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल हैं। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि हाल ही में हिमाचल प्रदेश में आई बाढ़ के दौरान संस्था की टीम ने राहत सामग्री पहुंचाकर जरूरतमंद परिवारों की सहायता की। इस अवसर पर महंत राजेंद्र गिरी महाराज ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जब शिक्षा और स्वास्थ्य का व्यापारीकरण बढ़ता जा रहा है, तब गरीब व जरूरतमंद लोग इन सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में सर्वजन कल्याण सभा जैसी संस्थाएं आगे बढ़कर सेवा कार्य करेंगी, तो यह समाज और गरीब कल्याण के लिए अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायी कदम होगा। समाज सेवा ही सच्चा धर्म है और ऐसे प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है। महंत राजेंद्र गिरी महाराज ने सर्वजन कल्याण सभा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन शर्मा और उनकी पूरी टीम को इस पुनीत कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी इसी समर्पण भाव से कार्य करते रहने का आह्वान किया।

## सरकार का जीएसटी के नाम पर बचत उत्सव मात्र ढोंग : दीपक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** मोदी सरकार ने जीएसटी के नाम पर पिछले आठ सालों में देश की जनता से 55 लाख करोड़ की लूट की है, अब भी जीएसटी की पांच दरें हैं। दो, तीन, पांच, अठारह एवं चालीस प्रतिशत 12 एवं 28 प्रतिशत को हटा कर 40 प्रतिशत कर दिया गया है, जो कि अव्यवहारिक है। यह बात अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक दीपक शर्मा ने सोमवार को एक बयान में कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने कांग्रेस के सरल और कुशल जीएसटी के बजाए, अलग-अलग 9 स्लैब से वसूली कर गब्बर सिंह टैक्स लगाया और 8 साल में 55 लाख करोड़ से ज्यादा वसूले। उन्होंने कहा कि अब 2.5 लाख करोड़ के बचत उत्सव की बात कर के जनता को गहरे घाव देने के बाद मामूली बैंड ऐड लगाने की बात की जा रही है। जनता कभी नहीं भूलेगी कि उनके दाल-चावल-अनाज, पेंसिल, किताबें, इलाज, किसानों के ट्रैक्टर सबसे जवरी वसूला था।

# संप्रेषण कौशल के महत्वपूर्ण तथ्यों पर प्रस्तुत किए विचार



त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एनके शर्मा के मार्गदर्शन में संप्रेषण कौशल कार्यशाला का आयोजन।

सुनील कुमार, अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा के मार्गदर्शन में संप्रेषण कौशल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें प्रवक्ताओं ने अपने-अपने विचारों के माध्यम से संप्रेषण कौशल के महत्वपूर्ण तथ्यों पर विचार प्रस्तुत किए। संप्रेषण कौशल के समापन पर एनके शर्मा ने अपने विचार प्रस्तुत किए, जिसमें उन्होंने कहा कि संचार कौशल की महत्ता व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों जीवन में स्पष्ट विचारों के आदान-प्रदान, मजबूत संबंध बनाने, समस्याओं को सुलझाने व लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए है। यह गलतफहमियों को कम करता है, टीमवर्क को बढ़ावा देता है, करियर के अवसरों को बढ़ाता है और बेहतर व्यक्तिगत संबंधों के लिए एक मजबूत नींव बनाता है। छह दिवसीय संप्रेषण कौशल में प्रवक्ताओं ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। इसमें संचार कौशल को बेहतर बनाने के लिए, आपको प्रभावी ढंग से सुनने और बोलने का अभ्यास करना चाहिए, आत्मविश्वास के साथ बात करनी चाहिए, बॉडी लैंग्वेज पर ध्यान देना चाहिए, स्पष्ट रूप से अपनी बात कहनी चाहिए। दूसरों की बातों को ध्यान से सुनना चाहिए, भले ही उनके विचार अलग हों। प्रवक्ताओं के रूप में कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पूनम भारद्वाज, हर्ष गुलेरी, सरिता वर्मा, चंपा ठाकुर, सुनीता कुमारी तथा यशिका कुसुम रहे।

# हिम सिने, अचीवर्स अवार्ड में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले प्रतिभाओं को सम्मानित किया



राजधानी शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में मनाया हिम सिने-अचीवर्स अवार्ड 2025।

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

राजधानी शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में भव्य तरीके से आयोजित हिम सिने-अचीवर्स अवार्ड 2025 कार्यक्रम में असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) हिमाचल प्रदेश प्रदेश चेयरमैन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव राजीव राणा ने बतौर विशेष अतिथि अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

इस कार्यक्रम में फिल्म, मीडिया, सामाजिक सेवा, शिक्षा, कला और संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राजीव राणा ने कहा कि नशा एक अभिशाप है, जो हमारे युवाओं के सपनों और समाज की प्रगति को बाधित करता है। कला, सिनेमा और संस्कृति जैसे मंच युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में सबसे प्रभावशाली माध्यम हैं। हम सबका सामूहिक प्रयास ही एक नशा मुक्त, प्रगतिशील और समृद्ध हिमाचल का निर्माण कर सकता है।

## नेक्स्ट जेन जीएसटी पर की गई चर्चा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी ने व्यापारियों के साथ नेक्स्ट जेन जीएसटी पर संवाद बैठक आयोजित की।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने की। इस अवसर पर पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, डॉ. अनिल धीमान सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश सचिव सुमीत शर्मा ने कहा कि नेक्स्ट जेन जीएसटी आर्थिक सुधार और सहयोगी संघवाद का मॉडल है। अब केवल दो दरें (5 फीसदी और 18 फीसदी) लागू होंगी, जिससे दवाइयां, खाद्य सामग्री, कृषि उपकरण और स्वास्थ्य सेवाएं सस्ती होंगी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 2018 में जीएसटी प्राप्तियां 7.19 लाख करोड़ थीं, जो 2025 में बढ़कर 22.08 लाख करोड़ हो गईं। अप्रत्यक्ष करदाताओं की संख्या 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हो चुकी है। कमलेश कुमारी ने कहा कि मोदी सरकार ने व्यापारियों को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का माहौल दिया है। डॉ. अनिल धीमान ने कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है।

# उच्च कृषि तकनीक से किसान होंगे संपन्न : डॉ. सुनील चौहान

अनंत ज्ञान, हमीरपुर



हिमाचल प्रदेश जायका कृषि परियोजना के परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान ने खेतों में उपयुक्त उन्नत कृषि तकनीक लागू करके, उच्च मूल्य वाली उपज और उत्पादों को विशिष्ट बाजारों तक पहुंचाकर किसानों को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने टिकाऊ कृषि उत्पादन की उपयुक्त प्रणालियां बनाने के लिए राज्य कार्यशालाओं की सिफारिशों को लागू करने का आह्वान किया। डॉ. सुनील चौहान परियोजना द्वारा आयोजित दोनों कार्यशालाओं के समापन समारोह में जापान से ऑनलाइन जुड़ कर बोल रहे थे। ये दोनों कार्यशालायें शुक्रवार व शनिवार को मशोबरा स्थित समिति में आयोजित की गई। अपने समापन संबोधन में डॉ. सुनील चौहान ने कहा कि परियोजना-एक और परियोजना-दो के लगभग 50 हजार लाभार्थी किसान परिवार हैं, जिनमें से कम से कम 30,000 हजार किसानों परिवारों को बाजारीकरण से जोड़ना चाहिए। डॉ. सुनील चैहान ने कहा कि विकास के केंद्र बिंदु में गांव हैं राज्य के मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, कृषि सचिव डॉ. सी पॉलरासु, कृषि निदेशक परियोजना में नवाचार तकनीकी अपनाने के लिए हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। प्रदेश और केंद्र सरकारें सुरक्षित खाद्य के साथ ही खाद्य सुरक्षा को बढ़ाने के लिए हमारा समर्थन दे रही हैं। परियोजना निदेशक ने कहा कि हमें किसानों के साथ अच्छे संबंध बनाते हुए जमीनी स्तर पर जिला परियोजना प्रबंधक ईकाइयां, खंड स्तर पर खंड परियोजना प्रबंधक ईकाइयां के 2-4 गांवों के क्लस्टर बनाने के लिए, किसान समूह के क्लस्टर में सुधार के साथ उनका एक क्लस्टर बनाना और दूसरा शेप अप्प्रोच के माध्यम से किसान और बाजारों से लिंक करें- 4-5 गांवों के फिर एक क्लस्टर बनाकर प्रमुख फसलों पर किसान उत्पादक कंपनी को खड़ा करें।

## हमीरपुर में श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के साक्षात्कार 26 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड कंपनी के हमीरपुर कार्यालय में बीडीई, बीडीएम और सीनियर बीडीएम के चार पदों को भरने के लिए 26 सितंबर को सुबह 11 बजे जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय में साक्षात्कार लिए जाएंगे।

जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बारहवीं पास, बीए और एमबीए तथा आयु सीमा 25 से 35 वर्ष तक रखी गई है। कंपनी द्वारा चयनित उम्मीदवारों को 20 हजार से 30 हजार रुपए तक मासिक वेतन दिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है, तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

**नुकसान** पीडब्ल्यूडी टौणीदेवी के 97 लाख 3 हजार 448 लाख रुपए पर मारी कुंडली

# एनएचएआई ने लिंक सड़कों के तोड़े जंक्शन

संजीव चौहान अनंत ज्ञान




**टौणीदेवी।** पीडब्ल्यूडी टौणी देवी सब डिवीजन के लिंक रोड के जंक्शन एनएचएआई ने नेशनल हाइवे नंबर-3 के निर्माण के दौरान तोड़ डाले, जिससे पीडब्ल्यूडी को करीब 97 लाख 3 हजार 448 लाख रुपए का नुकसान हो चुका है। बार-बार के रिमाइंडर देने के बावजूद प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर और प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटेशन यूनिट इसका जवाब तक देना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं।

मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड टौणी देवी से कक्कड़ जंक्शन का हाल सबसे खतरनाक बना हुआ है, अब सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय (मोरथ) का प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटेशन यूनिट हमीरपुर बंद होने से लोक निर्माण विभाग की छह सड़कों को हुए नुकसान की रिकवरी होने का संकट गहरा गया है। चार रिमांडर भेजे जाने के बाद भी इन छह सड़कों को सुरक्षा की दृष्टि से बेहतर करने के लिए मोरथ की ओर से कोई कदम उठाना, तो दूर जवाब तक नहीं मिला है। अंतिम रिमाइंडर 2 सितंबर को भेजा गया था। इन छह सड़कों को 97 लाख रुपए के करीब नुकसान हुआ है। लोक निर्माण विभाग उपमंडल टौणीदेवी की ओर से तो मेजर डिस्ट्रिक रोड (एमडीआर) टौणीदेवी ऊहल कक्कड़ को यातायात के लिए नौ माह पूर्व ही असुरक्षित घोषित कर दिया था। बाकायदा इसके लिए नोटिस बोर्ड लगाकर लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की गई थी। इस एमडीआर सड़क की दूरी 30 किमी है। 20 से अधिक पंचायतों की यह सड़क यातायात का मुख्य साधन है। इस सड़क से क्षेत्र के लोग टौणीदेवी और हमीरपुर पहुंचते हैं, लेकिन नौ माह से असुरक्षित हो चुकी इस सड़क पर डर के साये में सफर करने को मजबूर हैं। लोक निर्माण विभाग टौणीदेवी कार्यालय की ओर से मोरथ को इस समस्या के समाधान के लिए चार दफा पत्र जारी किया गया, लेकिन एक बार भी पत्र का जवाब नहीं मिला है। भोरंज एसडीएम कार्यालय की ओर से भी मोरथ से जवाब मांगा गया था, लेकिन धरातल पर समस्या लगातार बनी हुई है। कार्यालय बंद होने से अब दोबारा व्यवस्था पत्राचार में उलझने की आशंका है। एनएच निर्माण के चलते झनिकर से बारी मंदिर, टौणीदेवी जंक्शन, कलंझड़ी से कंगरी, कोट से धवां और बराड़ा से पटनौण में सड़कों को नुकसान पहुंचा है। सड़कों के लिए सतर्क रास्ते, लोगों के घर, पेजयल पाइपलाइन, खेतों के रास्ते भी प्रभावित हुए हैं, लेकिन यह अभी तक दुरुस्त नहीं किए गए हैं। इस बारे नीतीश कुमार, एसडीओ लोक निर्माण विभाग उपमंडल टौणीदेवी ने बताया कि चार बार मोरथ को पत्राचार किया गया है, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला है। लोगों को सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है। विभाग अपने स्तर पर हर संभव प्रयास कर रहा है। वहीं, शशिपाल, एसडीएम भोरंज के अनुसार प्रशासन ने भी पत्राचार किया है, लेकिन मोरथ से कोई जवाब नहीं मिला है। इस बारे में प्रोजेक्ट डायरेक्टर से बातचीत हुई है। उन्होंने समस्या के समाधान के लिए कदम उठाने की बात कही है।

### जल शक्ति विभाग के डिवीजन का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने पूर्व विधायक को अपने दायरे में रहकर बयानबाजी करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के खिलाफ अनर्गल टिप्पणियां गलत हैं। रणजीत सिंह ने सुजानपुर में जल शक्ति विभाग के डिवीजन का शुभारंभ किया और क्षेत्र के विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने जनता को विकास की निरंतरता का भरोसा दिलाया और मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री का धन्यवाद किया।

### ठाकुर रामसिंह स्मृति न्यास ने बांटी सहयोग राशि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर।** ठाकुर रामसिंह स्मृति न्यास हमीरपुर ने तीसा के 42 आपदा प्रभावित परिवारों को 10.50 लाख रुपए का आर्थिक सहयोग दिया। न्यास अध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया कि यह पहल समाज के प्रति उनका उत्तरदायित्व है। इसके अलावा न्यास पहले भी सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी भी उपस्थित थे और उन्होंने भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया। प्रभावित परिवारों में तीसा, चंबा, दुलड़ा सहित कई क्षेत्रों के लोग शामिल हैं।

### भरेड़ी बाजार में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** थाना भोरंज पुलिस ने भरेड़ी बाजार में बिना पंजीकरण के तंबाकू उत्पाद बेचने वाली विजय बेकरी पर कार्रवाई की। दुकान स्कूल से 100 मीटर के दायरे में होने के कारण यह गैरकानूनी था। दुकान संचालक विजय कुमार के खिलाफ हिमाचल प्रदेश टोबैको प्रोडक्ट्स एक्ट और सिगरेट अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने भविष्य में भी ऐसे उल्लंघन रोकने की चेतावनी दी। स्थानीय लोग पुलिस की कार्रवाई की सराहना कर रहे हैं।

### बड़ा में की 165 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** आयुष विभाग ने राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर बड़ा में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। हिमाचल प्रदेश ओबीसी निगम के उपाध्यक्ष डॉ. मोहन लाल कौंडल ने शिविर का उद्घाटन किया और 'एक पेड़, मां के नाम' अभियान में पौधारोपण किया। शिविर में 165 लोगों की जांच हुई, जिसमें किशोरियों और महिलाओं को स्वास्थ्य जागरूकता और योगाभ्यास भी कराया गया। आयुष अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### टैक्सी चालक और सिक्योरिटी गार्ड के बीच झगड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सोमवार सुबह आईजीएमसी में एक सामान्य बहस अचानक हाथापाई में बदल गई जब एक टैक्सी चालक और अस्पताल के सिक्योरिटी गार्ड के बीच किसी मामूली विवाद पर तकरार हुई। घटना ने अस्पताल के सामान्य वातावरण को कुछ देर के लिए तनावपूर्ण बना दिया। दोनों पक्षों के बीच का विवाद सुरक्षा कर्मचारियों और प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद शांत हुआ, लेकिन इस घटना ने अस्पताल के सामने आम लोगों और मरीजों के लिए थोड़ा तनाव उत्पन्न कर दिया।

### रामपुर कॉलेज की नई कार्यकारिणी गठित

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** जीबी पंत मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय रामपुर में अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कि सत्र 2025-2026 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसी के साथ-साथ गत वर्ष की कार्यकारिणी को भंग किया गया। बैठक का प्रतिनिधित्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ, पंकज बासोतिया ने किया। बैठक में मुख्य रूप से महाविद्यालय के शिक्षक, गैर शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। श्री सुरेन्द्र ठाकुर को अध्यक्ष, मोहर सिंह को उपाध्यक्ष, तिलक शर्मा और देविका को सह -सचिव, प्रकाश सिंह को कोषाध्यक्ष, ललित भद्रेल व ज्योति लाल को लेखा परीक्षक, डॉ0 प्रताप ठाकुर को महा सचिव तथा रीना व लोक ठाकुर को सलाहकार सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त मीना नेगी, मंगल सेन, प्रकाश चन्द ,राजेश कुमार गुप्ता व दिनेश कुमार को सदस्य के रूप में चुना गया। डॉ. विद्या बंधु, डॉ. टीडी वर्मा तथा प्रोमिला ठाकुर को संघ के महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया गया।

### छात्रों ने रुंडा गांव में मनाया पोषण माह

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहडू।** राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहडू के विद्यार्थियो ने रुंडा गांव में पोषण माह के दौरान नुक्कड़ नाटक और पौधरोपण से जागरूकता का संदेश दिया। राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय, रोहडू ने उन्नत भारत अभियान के तहत अपने गोद लिए गांव रुंडा में पोषण माह का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस अवसर पर एक पोषण बैठक आयोजित की गई, जिसमें बाल विकास परियोजना अधिकारी शकुंतला, महिला मंडल प्रधान रक्षा और अन्य स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों में पोषण के महत्व को उजागर करना था। संस्थान के एनएसएस स्वयंसेवकों ने एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वास्थ्य और सतत जीवन शैली पर जागरूकता फैलाई, जिसकी सभी ने सराहना की। जागरूकता गतिविधियों के अलावा, कार्यक्रम में सामुदायिक सशक्तिकरण पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम का समापन करते हुए, संस्थान की समन्वयक व सहायक आचार्या शिवानी ने संस्थान के निदेशक विवेक कुमार शर्मा के समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उन्नत भारत अभियान के तहत उनकी ओर से उठाए गए सभी मुद्दों का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा और गांव के समग्र विकास के लिए संस्थान प्रतिबद्ध रहेगा।

### सुजल मिस्टर और मुस्कान बनी मिस फ्रेशर

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** राजकीय बहुतकनीकी कॉलेज रोहडू में जनपद अभियांत्रिकी के द्वितीय वर्ष के छात्रों ने प्रथम वर्ष के नव आगंतुक छात्र एवं छात्राओं का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के प्राचार्य डॉ. धीरज कौशिक ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। उनके साथ किन्नौर के प्राचार्य पंकज पथिक भी बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद उपस्थित रहे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. धीरज कौशिक ने छात्रों को संबोधित किया और संस्थान में नए बच्चों का स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर सुजल और मिस फ्रेशर मुस्कान को चुना गया। इस कार्यक्रम में नए छात्र छात्राओं से विभिन्न गतिविधियां करवाई गई और प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने नाटी का भी आयोजन किया ।संस्थान के मीडिया प्रभारी श्री देविंद्र सिंह प्रेमी ने बताया कि नए सत्र के प्रारंभ में वरिष्ठ छात्र नए छात्रों के स्वागत में फ्रेशर पार्टी का आयोजन करते है! ताकि विभिन्न परिवेश से आए बच्चे नए वातावरण में जल्दी ढल सकें।

### जैव विविधता संरक्षण में अनोखी पहल को राष्ट्रीय मान्यता, गोल्डन माहशीर के संरक्षण में बड़ी उपलब्धि

# हिमाचल को मिला स्कॉच गोल्ड अवॉर्ड

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश मत्स्य पालन विभाग को गंभीर रूप से लुप्तप्राय गोल्डन माहशीर के संरक्षण के लिए प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार 20 सितंबर को नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में विभाग के निदेशक विवेक चंदेल और सहायक निदेशक डॉ. सोम नाथ ने प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विभाग को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश सरकार की जैव विविधता संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता और अभिनव दृष्टिकोण का प्रतीक है।

विभाग ने 2016 में मछ्याल फार्म से गोल्डन माहशीर के कैप्टिव प्रजनन कार्यक्रम की शुरुआत की थी। शुरुआती चुनौतियों के बावजूद वर्ष 2023 से विशेष अभियान के तहत बड़े सुधार किए गए। आईसीएआर–सीआईसीएफआर भीमताल के सहयोग से नई तकनीकें और आहार पद्धतियां अपनाई गईं। नतीजतन वित्तीय वर्ष 2024–25 में विभाग ने रिकॉर्ड 87,000 अंगुलिकाओं का उत्पादन किया और पहली बार 34,500 अंगुलिकाओं का संग्रहण कर उन्हें पौंग और गोबिंदसागर जलाशयों में छोड़ा गया।


नई दिल्ली में स्कॉच गोल्ड अवॉर्ड ग्रहण करते हिमाचल प्रदेश मत्स्य पालन विभाग के निदेशक विवेक चंदेल और सहायक निदेशक डॉ. सोम नाथ।

#### अंगुलिकाओं का उत्पादन 1 लाख के आंकड़े को पार करेगा

**विभाग** को उम्मीद है कि इस वर्ष अंगुलिकाओं का उत्पादन 1 लाख के आंकड़े को पार करेगा। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में संरक्षण और आवास बहाली को जोड़कर इसे और विस्तार दिया जाएगा। विवेक चंदेल ने कहा कि सरकार और विभागीय कर्मचारियों की मेहनत से राज्य में मछली उत्पादन भी बढ़ा है, जो अब 19,019 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। यह उपलब्धि आने वाले वर्षों में अन्य राज्यों और देशों के लिए भी एक मॉडल साबित हो सकती है।

#### मछुआरों और पर्यटन को होगा लाभ

**गोल्डन** माहशीर न केवल पारिस्थितिकी संतुलन की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है, बल्कि मछुआरों की आजीविका और पर्यटन के लिए भी वरदान साबित हो रही है। प्रदेश में करीब 20,000 लोग मछली पालन से जुड़े हैं और 2024–25 में 3700 से अधिक एंगलर्स ने हिमाचल का रुख किया। सरकार शिमला जिले के सुन्नी में नव निर्मित फार्म में भी अंगुलिकाओं के पालन की योजना बना रही है, जिससे संरक्षण और रोजगार दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

# लिम्बड़ा गांव में 12 वर्षीय बच्चे ने जहर खाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, रोहडू**

- बच्चे को आत्महत्या के लिए उकसाने पर तीन महिलाओं पर केस दर्ज

पुलिस थाना चिड़गांव क्षेत्र से स्तब्ध कर देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ 12 वर्षीय एक बच्चे की जहर खाने से मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में गांव की तीन महिलाओं के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने, पिटाई और प्रताड़ना करने का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार चिड़गांव के लिम्बड़ा गांव निवासी बिट्टू ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि 16 सितंबर की शाम करीब साढ़े सात बजे जब वह घर पहुंचा तो उसका बेटा अचेत अवस्था में बिस्तर पर पड़ा हुआ था। परिजन तुरंत उसे इलाज के लिए नागरिक अस्पताल रोहडू ले गए, जहां से डॉक्टरों ने उसे आईजीएमसी शिमला के लिए रैफर कर दिया। ईलाज के दौरान 17 सितम्बर की रात करीब डेढ़ बजे बच्चे की मौत हो गई।

परिजनों को आईजीएमसी में पता चला कि बच्चे ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। उसके बाद 18 सितंबर को जब परिजन घर लौटे



तो मृतक की मां सीता देवी ने खुलासा किया कि 16 सितंबर को उसके बेटे को गांव की तीन महिलाओं ने पीटा और उसे गोशाला में बंद कर दिया।

इस प्रताड़ना से आहत होकर बेटे ने जहर खा लिया, जिससे उसकी जान चली गई। एसडीपीओ रोहडू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि 19 सितंबर को बच्चे का अंतिम संस्कार करने के बाद उसका पिता उनके कार्यालय में आया और आपबीती सुनाई। पिता की शिकायत पर पुलिस थाना चिड़गांव में मामला दर्ज हो गया है और आगे की जांच की जा रही है।

# लंदन में हिमाचलियों ने किया मुख्यमंत्री सुक्खू का स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इन दिनों लंदन के निजी दौरे पर हैं। उनके साथ उनकी पत्नी एवं विधायक कमलेश ठाकुर और उनकी बेटियां भी मौजूद हैं। यह दौरा पूरी तरह निजी बताया जा रहा है और मुख्यमंत्री 27 सितंबर तक लंदन से लौट सकते हैं। इस बीच वहां बसे हिमाचलियों ने उनका शानदार स्वागत किया।

लंदन में रह रहे हिमाचल प्रदेश के लोगों ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने हिमाचली संस्कृति और परंपराओं को याद किया। इस अवसर पर शिमला निवासी और साहित्यकार पूरन भारद्वाज ने मुख्यमंत्री सुक्खू को अपनी चर्चित पुस्तक हिमालयन बॉन्ड भेंट की। पुस्तक पाकर मुख्यमंत्री ने उनका आभार जताया और कहा कि हिमाचल की सांस्कृतिक धरोहर को साहित्य के माध्यम से विश्व पटल पर पहुंचाने का प्रयास सराहनीय है।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने स्वागत समारोह में कहा कि हिमाचल की संस्कृति, टोपी, नाटी और व्यंजन पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रवासी हिमाचलवासी जहां भी रहते हैं, वहां की भूमि पर हिमाचल की खुशबू बिखेरते हैं और अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं। यही कारण है कि हिमाचली समुदाय विदेशों में भी मजबूत और संगठित दिखाई देता है। सीएम ने प्रवासी हिमाचलियों की मेहनत और समर्पण की भी प्रशंसा की। विदेशों में हिमाचली न केवल परिवारों के लिए बल्कि अपने राज्य और देश की प्रतिष्ठा के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

### भद्राश गांव में ग्रामीणों ने हटाए कूड़े के ढेर

**अनंत ज्ञान, कुमारसैन।** उपमंडल रामपुर के अंतर्गत भद्राश गावं में एसजेवीएनएल की लूहरी जल विद्युत परियोजना चरण–1, ग्राम विकास समिति, महिला मंडल व देवता गणेश यूथ क्लब के सदस्यों ने सामूहिक रूप से सोमवार को सफाई अभियान चलाया। इस दौरान गांव में नियमित सफाईकर्मी न आने से जगह–जगह जमा कूड़े को ग्रामीणों ने खुद श्रमदान कर हटाया।

अभियान की अगुवाई ग्राम विकास समिति के सचिव अश्वनी शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि सफाई बनाए रखने के लिए हर किसी का सहयोग जरूरी है। सहायक प्रबंधक लेख राज ने कहा कि इस पहल से लोगों को स्वच्छ, सुंदर व रोगमुक्त वातावरण मिलेगा। कार्यक्रम में उपमहाप्रबंधक एचआर धीरज गुप्ता, मनीष, महेंद्र ठाकुर, महिला मंडल प्रधान बिमला देवी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# चित्रकला प्रतियोगिता में अविश्का और रिद्धम प्रथम

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**

- रक्तदान सेवा सोसायटी ने मनाया 8वां स्थापना दिवस

रक्तदान सेवा परिवार सोसायटी रामपुर ने अपना 8वां स्थापना दिवस सम्मान समारोह के रूप में मनाया। इस समारोह में उपमंडलाधिकारी रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में लोनिवि रामपुर के एक्सईन शक्ति सिंह, एमएस खनेरी डॉ. रोशन कौंडल, डॉ. पदम शर्मा और डॉ. संदीप नेगी शामिल हुए।

समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से हुई। सोसायटी के प्रधान नितेश भारती ने मुख्यातिथि का तथा अन्य पदाधिकारियों ने विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताएं हुईं। थैलेसीमिया पर आधारित नाटक और नृत्य के माध्यम से छात्रों ने समाज को जागरूक करने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में एंबुलेंस सेवा की शुरुआत की गई और बेहतर सेवाओं के लिए चालक विजय कॉन्ग सहित अन्य सहयोगियों को सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि हर्ष अमरेंद्र सिंह ने सोसायटी की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक प्रेरणा देते हैं। डीएसपी रामपुर नरेश शर्मा ने आयोजन की प्रशंसा की। इस



कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता में दिव्यांशी सन शाइन पब्लिक स्कूल की दिव्यांशी ने प्रथम, नियति बिष्ट कमला मेमोरियल स्कूल की नियति, सिग्मा स्कूल ऑफ साइंस से बिष्टव रितुल टंडल ने द्वितीय और लिटल फ्लावर स्कूल ब्रौ की मन्नत , कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामपुर से मन्नत व देव भूमि स्कूल जगातखाना से शबनम ने तृतीय स्थान हासिल किया।

चित्रकला प्रतियोगिता में अविश्का (डीएवी स्कूल रामपुर) और रिद्धम (डीएवी दत्तनगर) ने प्रथम, तनविष (डीएवी दत्तनगर) ने द्वितीय और इशान (साई विद्या स्कूल मंदिर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग, सोसायटी के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों को दिए करियर के टिप्स

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में सोमवार को करियर काउंसलिंग पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. कुलदीप शर्मा (आईएफएस) विषय–विशेषज्ञ व स्रोतविद ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने सर्वप्रथम विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई तत्पश्चात उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कैरियर का चयन करना, लक्ष्य निर्धारित तथा कामयाबी के मार्ग में आने वाली समस्याओं और समाधान विषयों पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रो. मनोज कुमार ने किया।

उन्होंने शर्मा का महाविद्यालय में पधारने तथा विद्यार्थियों के ज्ञानवर्द्धन में सहयोग देने के लिए स्वागत किया तथा शिक्षा एवं कैरियर के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों व योगदान से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। प्रो. नमिता खागटा और डॉ. रमेश चौहान ने मुख्य वक्ता का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# छात्रों ने वॉकथॉन निकालकर लोगों को एड्स के खिलाफ किया जागरूक



रेड रिबन क्लब की ओर से एचआईवी व एड्स जागरूकता रैली के दौरान शिक्षक व छात्र।

**अनंत ज्ञान, रोहडू**

राजा वीरभद्र सिंह राजकीय महाविद्यालय सीमा में युवाओं के द्वारा स्वास्थ्य व सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेड रिबन क्लब के छात्रों ने एड्स जागरूकता वॉकथॉन का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम को डॉ. ललिता रावत प्राचार्य आरवीएस कॉलेज सीमा ने झंडी दिखाकर रवाना किया । इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्यों में डॉ. राय सिंह नेगी और डॉ. अनिल चौहान, डॉ. अश्विनी शर्मा रजिस्ट्रार क्लब एवं सोसायटी, सहायक प्रो. रसायन विज्ञान डॉ. रवि किरण शर्मा नोडल अफसर और डॉ. रघुवीर सिंह सहायक प्रो. प्राणीशास्त्र, आरआरसी अध्यक्ष कशिश भापटा, उपाध्यक्ष श्रेया , सचिव विनय व संयुक्त सचिव त्रिज्या एवं रेड रीबन के सभी सदस्यों ने मिलकर एचआईवी व एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सीमा कॉलेज से बिजोरी गांव तक वॉकथॉन में भाग लिया। वॉकथॉन का उद्देश्य एचआईवी एवं एड्स जागरूकता, रोकथाम और उपचार के महत्व से लोगों को शिक्षित करवाना है। समुदाय की भागीदारी जिसमें वॉकथॉन समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा देते हैं और लोगों को स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

# आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत देने की आवश्यकता: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- सड़कें बंद होने से सेब और सब्जियां हुई बर्बाद
- आर्थिक और पर्यटन गतिविधियों पर भी असर

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में आपदा के कारण सड़क मार्ग बंद हैं। इसका सीधा असर बागवानी और कृषि उत्पादों पर पड़ा है। गाड़ियों के न चलने के कारण किसानों और बागवानों के सैकड़ों करोड़ के सेब और सब्जियां बाजार तक नहीं पहुंच पा रही हैं और सड़ चुकी हैं। ठाकुर ने सरकार से आग्रह किया कि प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत पहुंचाने और ज्यादा से ज्यादा सड़कें खोलने के लिए कदम उठाए जाएं, ताकि उत्पादक अपना मूल्य प्राप्त कर सकें।

नेता प्रतिपक्ष ने शिमला से जारी बयान में कहा कि सड़क मार्ग बहाल होने से केवल कृषि और बागवानी ही नहीं, बल्कि आपदा से प्रभावित अन्य सुविधाएं भी तेजी से पुनः चालू हो सकेंगी। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और पर्यटक आसानी से प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंच पाएंगे। उन्होंने केंद्र सरकार को आरोप लगाने की बजाय प्रदेश सरकार से आपदा प्रभावितों तक सहायता पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया।


कार्यक्रम के दौरान जयराम ठाकुर को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

#### एशियन डॉजबॉल चैंपियनशिप में प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन

**जयराम** ठाकुर ने पंचकुला में आयोजित कार्यक्रम में जापान में होने जा रही एशियन डॉजबॉल चैंपियनशिप–2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों से भेंट की। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाना चाहिए और विजय पताका फहराना चाहिए। ठाकुर ने कहा कि इन होनहार खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर देश में खेल संस्कृति और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना आवश्यक है।

#### सरकार राहत कार्यों को दे प्राथमिकता

**पूर्व** मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि केंद्र और विपक्ष पर आरोप लगाने से किसी को फायदा नहीं होगा। आपदा प्रभावितों को राहत देने और बुनियादी सुविधाएं बहाल करने के लिए सभी स्तरों पर काम करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार को आर्थिक सहायता और राहत सामग्री सीधे प्रभावितों तक पहुंचाने पर ध्यान देना चाहिए।

# आम आदमी पार्टी हिमाचल के नए प्रदेश कार्यालय उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- जनता के हितों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई

शिमला में आम आदमी पार्टी ने अपना प्रदेश कार्यालय भव्य रूप से खोला। उद्घाटन प्रदेश प्रभारी रितुराज गोविंद झा के कर कमलों द्वारा किया गया, जबकि प्रदेश सह प्रभारी अजय राजपूत भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि संगठन की मजबूती और जनता की सेवा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

अक्तूबर माह में विधानसभा स्तर पर कार्यकारिणी गठित की जाएगी, जिससे पार्टी का आधार और अधिक सशक्त बने। आप नेताओं के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस सरकार को उसके वादों की याद दिलाएगी और इसके लिए बड़े धरने और मुख्यमंत्री का घेराव भी आयोजित किया जाएगा। पार्टी का उद्देश्य राज्य में अरविंद केजरीवाल की काम की राजनीति स्थापित करना और भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करना है। पार्टी कार्यकर्ता जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हिमाचल के विकास और पारदर्शी शासन के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।


प्रदेश कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर रितुराज गोविंद झा और अजय राजपूत कार्यकर्ताओं के साथ।

### योजना | शिमला के गांव एक करोड़ के सौर पुरस्कार की दौड़ में शामिल

# 10 पंचायतें पुरस्कार के लिए चयनित

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल के शिमला जिले के गांव अब स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में बड़ा कदम उठाने की तैयारी में हैं। प्रधानमंत्री सूर्या घर योजना के तहत दस पंचायतों को एक करोड़ रुपए के पुरस्कार के लिए चुना गया है। यह पुरस्कार उस पंचायत को मिलेगा जो सबसे अधिक रूफटॉप सौर ऊर्जा इकाइयां स्थापित करेगी।

जानकारी के अनुसार चुनी गई पंचायतों में त्याल, चक्रैल, दत्त नगर, किटबाड़ी, परहेच, शिंगला, सराहन, कुमारसैन, बौंदा और मेहली शामिल हैं। इन गांवों को आदर्श सौर ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रत्येक छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने पर संबंधित पंचायत को 1,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी मिलेगी। लाभार्थियों के लिए आवश्यक औपचारिकताओं की अंतिम तिथि




28 फरवरी 2026 तक बढ़ा दी गई है, जिससे ग्रामीणों को योजना में शामिल होने और आवश्यक कदम उठाने के लिए पर्याप्त समय मिल गया है।

इस योजना के तहत, तीन किलोवाट क्षमता वाले रूफटॉप सोलर प्लांट के लिए परिवारों को 85,000 रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। शिमला जिले में अब तक 676 आवेदनों में से 204 आवेदकों ने अपने विक्रेताओं का चयन ऑनलाइन नहीं किया है, 205 ने अधूरे दस्तावेज अपलोड किए हैं, जबकि केवल 76 रूफटॉप सिस्टम ही लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त 16 सिस्टम प्रक्रियाधीन हैं और चार बिजली विभाग द्वारा निरीक्षण का इंतजार कर रहे हैं।

योजना का उद्देश्य न केवल ऊर्जा बचत करना है, बल्कि ग्रामीण समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी है। घरों के बिजली बिल कम होंगे और बेकार पड़ी छतों को उत्पादक संपत्तियों में बदला जाएगा। पहले दो किलोवाट के लिए लागत का 60 प्रतिशत और अगले किलोवाट के लिए 40 प्रतिशत सब्सिडी के साथ यह योजना किफायती और आकर्षक दोनों तरह से डिज़ाइन की गई है। प्रतिस्पर्धा के माध्यम से पंचायतें ग्रामीणों को नामांकन के लिए प्रेरित करेंगी। इस एक करोड़ रुपए के पुरस्कार से न केवल गांवों को मान्यता मिलेगी, बल्कि स्थानीय विकास के लिए धन भी जुटाया जा सकेगा।

#### योजना की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें पंचायतें : डीसी

**डीसी** अनुपम कश्यप ने कहा हमने पंचायतों और ग्रामीणों को निर्देश दिए हैं कि वे योजना की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें। जब तक आधिकारिक पोर्टल पर विक्रेता का चयन नहीं होगा, पैनल नहीं लगाए जा सकते। यह योजना परिवारों को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और ग्रामीण समुदाय को सशक्त बनाने की क्षमता रखती है। हमें जमीनी स्तर पर अधिक जागरूकता और भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। इस कार्य के लिए सभी पंचायत प्रतिनिधियों को जल्द से जल्द कार्य निपटाने को कहा।

### सफाई कर्मचारियों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** सतलुज जल विद्युत निगम के सौजन्य से स्वच्छता ही सेवा मिशन के तहत सुन्नी में सफाई कर्मचारियों की निशुल्क स्वास्थ्य की जांच की गई तथा दवाइयां भी वितरित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीजीएमएच आर विपुल ठाकुर तथा अध्यक्ष नगर परिषद सुन्नी प्रदीप शर्मा द्वारा किया गया । इस दौरान ठाकुर ने उपस्थित सफाई कर्मचारी को संबोधित जाते हुए कहा कि अपने शहर को स्वच्छ रखना हर शहर वासी की नैतिक जिम्मेदारी है और हर नागरिक को पर्यावरण प्रेमी होना चाहिए।

उन्होंने नगर परिषद सुन्नी में कार्यरत सफाई कर्मचारी को सुन्नी को स्वच्छ रखने के लिए बधाई भी दी। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर परिषद सुन्नी द्वारा भी समस्त प्रतिभागियों को सुन्नी शहर को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। शहरवासियों को सुन्नी शहर की सफाई में योगदान देने वाले कमचारियों के सहयोग करने की भी बात कही ।

# राज्यपाल ने शिमला के काली बाड़ी मंदिर में की पूजा–अर्चना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- देवी दुर्गा से की प्रदेशवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला और लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला ने शिमला के ऐतिहासिक काली बाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान दोनों ने देवी दुर्गा से हिमाचल प्रदेश के लोगों की सुरक्षा, कल्याण और समृद्धि की कामना की।

राज्यपाल ने प्रार्थना की कि देवी माता प्रदेशवासियों को हर प्रकार की विपत्तियों से बचाएं और उन्हें शक्ति, सौहार्द और एकता प्रदान करें।

इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि देवी की कृपा से सभी धर्म, सौहार्द और सामूहिक प्रगति के मार्ग पर


राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला एवं लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला काली बाड़ी मंदिर में पूजा करते हुए।

अग्रसर हों। इस अवसर पर सी.पी. वर्मा, राज्यपाल के सचिव, भी उपस्थित रहे।

### 30 तक कराएं पेंशन दस्तावेजों का सत्यापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने 8.31 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशनरों के लिए ई–केवाईसी और ई–कल्याण मोबाइल ऐप के माध्यम से विशेष सत्यापन अभियान शुरू किया है।

यह अभियान जिला, तहसील, पंचायत और आंगनबाड़ी स्तर पर चल रहा है, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आधार कार्ड, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर और स्थाई पते सहित नवीनतम जानकारी दस्तावेजों के आधार पर सत्यापित कर रहे हैं।

विभाग के अनुसार अधिकतर पेंशनरों का सत्यापन पूरा हो चुका है। यदि कोई पेंशनर 30 सितंबर से पहले दस्तावेजों का सत्यापन नहीं करवाता है, तो विभाग के नए पोर्टल से पेंशन वितरण बाधित हो सकता है। यह सत्यापन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन के साथ–साथ वृद्धावस्था, विधवा/ परित्यक्ता/ एकल नारी, दिव्यांग राहत, कुष्ठ रोगी और ट्रांसजेंडर पेंशन पर भी लागू होगा।

न त्वेवाहं जातु नासं न त्वं नेमे जनाधिपाः।
न चैव न भविष्यामः सर्वे वयमतः परम्॥

न तो ऐसा ही है कि मैं किसी काल में नहीं था, तू नहीं था अथवा ये राजा लोग नहीं थे और न ऐसा ही है कि इससे आगे हम सब नहीं रहेंगे ॥



# नवरात्र देवी आराधना का पर्व

## आदि शक्ति; की कृपा से सुख, वैभव और मनवांछित फल की प्राप्ति करता है साधक



**नवरात्र** में आध्यात्मिक उपासना का विशेष महत्व है। नवरात्रि को ऋषि-मुनियों ने आध्यात्मिक दृष्टि से उपयुक्त बताया है। सतयुग में ब्रह्मा आदि देवताओं ने दयामयी मां दुर्गा का विविध प्रकार से पूजन किया। पूजन से प्रसन्न होकर देवी दुर्गा देवताओं के समक्ष प्रकट हुईं और वर मांगने को कहा। देवताओं ने कहा-हे माता, ऐसा कोई मंत्र बताएं, जिससे आप जगत की रक्षा के लिए शीघ्र प्रसन्न हो जाएं। माता बोलीं-हे देवगण! मेरे बत्तीस नामों के जाप से मैं शीघ्र प्रसन्न हो जाती हूं। समस्त लोकों में इसके समान दूसरी कोई स्तुति नहीं है। सुनो, मैं तुम्हें अपने नाम बतलाती हूं, जिसका जाप कर समस्त लोकों के प्राणियों को सुख, वैभव और मनवांछित फल की प्राप्ति होगी। श्रद्धा भक्ति से पाठ करने वाले साधक को मैं काल के मुंह से छीन कर ले आती हूं। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है, किंतु ध्यान रहे जो मनुष्य अभक्त, नास्तिक और शठ हो, उसे इसका उपदेश नहीं देना चाहिए। मार्कंडेय पुराण में ब्रह्माजी ने जिन नौ देवियों का वर्णन किया है, उनके अनुसार देवी की नौ मूर्तिया हैं, जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। इनमें प्रथम शैलपुत्री, दूसरी ब्रह्मचारिणी, तीसरी चंद्रघंटा, चौथी कूष्मांडा, पांचवी दुर्गा स्कंदमाता, छटी कात्यायनी, सातवीं कालरात्री, आठवीं महागौरी तथा नवम सिद्धिदात्री देवी है। यह सभी नाम सर्वज्ञ महात्मा वेद भगवान के द्वारा प्रतिपादित हुए हैं, जो मनुष्य अग्नि में जल रहा हो, रण भूमि में शत्रुओं से घिर गया हो, विषम संकट में फंस गया हो अथवा किसी प्रकार के भय से दुःखी होकर जो भगवती दुर्गा की शरण में आता है उसका कभी कोई अमंगल नहीं होता। युद्ध के समय संकट पड़ने पर भी कोई विपत्ति नहीं आती है, इसलिए नवरात्रि पर देवी दुर्गा की विविध प्रकार से पूजा अर्चना और आराधना करनी चाहिए।

नवरात्र पर विशेष...

*जिन जातकों को रोग लगातार कष्ट दे रहा हो या एक रोग के बाद दूसरा रोग लग जाता है। वह नवरात्र में अरिष्ट निवारण के लिए औषधि स्नान करें और रोग से मुक्ति पाएं, किंतु ध्यान रहे स्नान से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि कौन सा ग्रह महादशा या अंतर्दशा में है और किस ग्रह की शांति के लिए स्नान करना अनिवार्य है...*

### सूर्य ग्रह

कुंडली में यदि सूर्य की वजह से कोई रोग लगातार बढ़ रहा हो, तो निम्न **उपाय करें :** ***मन :*** शिला, इलायची, देवदारू, केशर, खस, रक्तपुष्प, लाल चंदन, कनेर पुष्प व गंगाजल को रात्रि को 12 बजे एक पात्र में भिगो दें, तत्पश्चात सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं।

*सर्वमंङ्गलमङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।*
*शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।*
*(या) देवी मंत्र-कौमार्यै नमः*

### चंद्र ग्रह

**पंचगव्य,** गऊ का दूध, गोबर गजमद, शंख सीप, गंगाजल, रवेत चंदन, स्फटिक व गोमूत्र को रात्रि 12 बजे एक पात्र में भिगो दें, तत्पश्चात सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं-

*सर्वमंङ्गलमङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।*
*शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।*
*(या) देवी मंत्र- त्रिमूर्त्यै नमः*

### मंगल ग्रह

बिल्व छाल, लाल पुष्प, हींग गोदनी, जटामासी, मौलसिरी, सिगरफ, मालकंगनी व गंगाजल को रात्रि को 12 बजे एक पात्र में भिगो दें, तत्पश्चात सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं-

*सर्वमंङ्गलमङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।*
*शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।*
*(या) देवी मंत्र-कल्याण्यै नमः*

### बुध ग्रह

गोबर, अक्षत, मोती, शहद, सुवर्ण, जायफल, पिपरामूल, नागकेशर व गंगाजल को रात्रि को 12 बजे एक पात्र में भिगो दें, तत्पश्चात सुबह नहाने के पानी में डालकर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं

*सर्वमंङ्गलमङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।*
*शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।*
*(या) देवी मंत्र- रोहिण्यै नमः*

### गुरु ग्रह

चमेली पुष्प, पुष्प, श्वेत सरसों, शहद, गुलर, दमयंती, मुलट्ठी, नवीनपत्ते, गंगाजल व तुलसी को रात्रि 12 बजे एक पात्र में भिगो दें, सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं

*सर्वमंङ्गलमङ्गल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।*
*शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।*
*(या) देवी मंत्र-कालिकायै नमः*

### शुक्र ग्रह

पिपरामूल, जायफल, केसर, मूली बीज, मनःशिल, इलायची, श्वेत चंदन, गंगाजल व रवेत कमल को रात्रि को 12 बजे एक पात्र में भिगो दें। सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं

*सर्वमंङ्गलमङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।*
*शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।*
*(या) देवी मंत्र-चण्डिकायै नमः*

### शनि ग्रह

काले तिल, सूरमा, लोबान, सौंफ, खस, खिल्ला, शतकुसुम व गांदमिश्रित को रात्रि 12 बजे एक पात्र में भिगो दें तत्पश्चात सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं

*सर्वमंङ्गलमङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।*
*शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।*
*(या) देवी मंत्र-शम्भव्यै नमः*

### राहु ग्रह

लोबान, तारपीन, मोथा, गजदंत, कस्तूरी, बिल्वपत्र, गंगाजल, लालचंदन को रात्रि 12 बजे एक पात्र में भिगोएं। सुबह नहाने के पानी में मिलाएं। मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से सिर पर गिराएं

*सर्वमंङ्गलमङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।*
*शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।*
*(या) देवी मंत्र-दुर्गायै नमः*

### केतु ग्रह

लोबान, तारपीन, तिलपत्र, गजदंत, छागमूत्र, लाल चंदन, गंगाजल व कस्तुरी को 12 बजे एक पात्र में भिगो दें। सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं

*सर्वमंङ्गलमङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।*
*शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।*
*(या) देवी मंत्र-सुभद्रायै नमः*

## ऐसे करें नवरात्र पर नवग्रहों को प्रसन्न

### सूर्य

**सूर्य** ग्रह की महादशा या अंतर्दशा में साधक घी का तिलक लगाकर कमल के फूलों से शैलपुत्री भगवती का पूजन करें। पूजन पश्चात आक के वृक्ष को पानी से सींचें। गुड़ लाल गाय को खिलाएं।

### चंद्र

**चंद्र** ग्रह की महादशा या अंतर्दशा में साधक दही का तिलक लगकार श्वेत पुष्पों से ब्रह्मचारिणी देवी का पूजन करें व श्वेत वस्त्र अर्पित करें। माता को श्वेत चंदन का तिलक लगाएं। पूजन के पश्चात पलाश के वृक्ष को चांदी के पात्र में पानी लें, उसमें दही डाल सींचें। तत्पश्चात मिश्री श्वेत बैल को खिलाएं। ऐसा करने से जातक को समस्त सुख प्राप्त होंगे।

### मंगल

**मंगल** ग्रह की महादशा या अंतर्दशा में साधक घी का तिलक लगाकर लाल कनेर के पुष्पों से चंद्रघंटा देवी का पूजन करें व लाल वस्त्र अर्पित कर लाल चंदन से देवी को तिलक करें। तत्पश्चात खैर के वृक्ष को तांबे के पात्र में पानी लेकर उसमें घी मिलाकर सींचें। उसके बाद गुड़ लाल बैल को खिलाएं। राज्य में वैभव बढ़ेगा।

### बुध

बुध ग्रह की महादशा या अंतर्दशा में साधक घी का तिलक लगाकर सभी रंगों के पुष्पों से कूष्मांडा देवी का पूजन करें व हरा वस्त्र अर्पित कर नाना प्रकार के फल देवी को भेंट करें। इसके बाद अपामार्ग के पौधे को कांस्य के पात्र में जल लेकर उसमें घी डालकर सींचें। तत्पश्चात शक्कर गाय को खिलाएं। ऐसा करने से अनेक लाभ प्राप्त होंगे।

### गुरु

**गुरु** ग्रह की महादशा या अंतर्दशा में साधक केसर का तिलक लगाकर पीले फूलों से स्कंदमाता का पूजन करें व पीला वस्त्र अर्पित कर पीले फल देवी को समर्पित करें। पीपल के पेड़ को कांस्यपात्र में जल लेकर उसमें लाल शहद डाल कर सींचें। शहद अश्व को चटाएं या खिलाएं। ऐसा करने से देवी विद्या, धन व सुदंर रूप प्रदान करती है।

### शुक्र

**शुक्र** ग्रह की महादशा या अंतर्दशा में साधक दूध का तिलक लगाकर अक्षत व सुगंधित द्रव्यों से कात्यायिनी देवी का पूजन करें व देवी को हीरा भेंट स्वरूप चढ़ाएं। हीरे के अभाव में जरकन आदि चढ़ा सकते हैं। इसके बाद गूलर की बेल को चांदी के पात्र में जल लेकर उसमें चावल दही व अन्य द्रव्य डाल कर सींचें। तत्पश्चात मिश्री श्वेत घोड़े को खिलाएं। ऐसा करने से देवी राजनीति क्षेत्र में सफलता प्रदान करेगी व भू-संपत्ति दिलाएगी।

### शनि

**शनि** ग्रह की महादशा व अंतर्दशा में साधक तेल का तिलक लगाकर काले पुष्पों से कालरात्रि देवी की पूजा करें व काले वस्त्र अर्पित करें। इसके बाद शमी के वृक्ष को लोहे के पात्र में जल लेकर उसमें तेल व थोड़े से उड़द डालकर सींचें। तत्पश्चात भैंसे को कुलथी की दाल खिलाएं।

### राहु

राहु ग्रह में साधक सरसों के तेल का तिलक कर महागौरी देवी की कृष्ण पुष्पों से पूजा करें व खड़ग माता को भेंट करें। इसके बाद दूर्वा को नारियल के खोपे में जल लेकर उसमें धनिया (सूखा) डालकर सींचें तथा सीसा, गोमेद व कंबल धर्मस्थान में दान दें।

### केतु

**केतु** ग्रह की महादशा व अंतर्दशा में साधक कड़वे तेल का तिलक लगाकर सिद्धिदात्री देवी का धूम्र पुष्पों से पूजन करें व देवी को शस्त्र व ध्वज प्रदान करें। इसके पश्चात कुशा को नारियल के खोपे में जल डालकर उसमें केसर डालकर सींचें तथा बकरे को तेल (सरसों का तेल) पिलाएं और सप्तधान्य दान करें। ऐसा करने से देवी समस्त अभिलाषाएं पूर्ण करती है।

प्रस्तुति :
अनिल शर्मा
नौबाही, मंडी

---

## सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान
# मां काली बाड़ी मंदिर



**हिमाचल** प्रदेश को प्राचीन काल से ही ऋषि-मुनियों और देवी-देवताओं की तपोस्थली माना गया है, इसीलिए इसे 'देवभूमि' कहा जाता है। यहां के कण-कण में आस्था बसती है और राज्य के हर कोने में ऐतिहासिक व प्राचीन मंदिरों की भरमार है। शिमला जो इस राज्य की राजधानी है, प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। शिमला का रिज मैदान पर्यटकों का मुख्य आकर्षण है। यहां स्थित ऐतिहासिक चर्च आज भी अपने ब्रिटिशकालीन वैभव को संजोए हुए है। रिज के चारों ओर स्थापित महात्मा गांधी, स्व. इंदिरा गांधी, स्व. अटल बिहारी वाजपेयी और हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार की प्रतिमाएं पर्यटकों और छायाकारों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। लक्कड़ बाजार और माल रोड भी सैलानियों के लिए लोकप्रिय स्थल हैं। शिमला की हरियाली, देवदार के ऊंचे-ऊंचे वृक्ष, मंद समीर और चहकते पक्षियों का कलरव इसे और भी मनोहारी बना देते हैं। शिमला के पास जाखू हिल स्थित हनुमानजी का मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत उदाहरण भी है। समुद्र तल से 2,438 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह स्थान शिमला का सर्वोच्च बिंदु है। यहां स्थापित हनुमान जी की 108 फुट ऊंची मूर्ति श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति प्रदान करती है। इस मूर्ति के दर्शन दूर-दूर से भी किए जा सकते हैं। इसी तरह शिमला के रिज मैदान के पास स्थित काली बाड़ी मंदिर न केवल एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, बल्कि इसकी ऐतिहासिकता और वास्तुशिल्प भी इसे विशेष बनाते हैं। इस मंदिर की स्थापना सन् 1823 में राम चरण ब्राह्मण द्वारा की गई थी। यहां मां काली की दिव्य मूर्ति



*तुलसी राम डोगरा, पालमपुर*

### चित्रकारी कला और सौंदर्य का परिचायक

**मूर्ति** के ऊपर चांदी का छत्र और समीप नाग देवता की कलात्मक मूर्ति भी भक्तों के आकर्षण का केंद्र है। मंदिर की दीवारों पर मां काली की विभिन्न मुद्राओं में झलकती शीशा-जड़ित चित्रकारी इसकी कला और सौंदर्य का परिचायक है। मंदिर में प्रतिदिन प्रातः और सायं आरती होती है। नवरात्र के समय यहां विशेष पूजा, झांकियां और मूर्ति विसर्जन जैसे भव्य आयोजन होते हैं। इन आयोजनों में कोलकाता से विशेष कलाकार भी आमंत्रित किए जाते हैं, जो पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की गूंज से माहौल को भक्तिमय बना देते हैं। मंदिर का प्रबंधन काली बाड़ी ट्रस्ट की ओर से किया जाता है और इसके विशाल प्रांगण में सैकड़ों श्रद्धालु एक साथ पूजा कर सकते हैं। प्रांगण के एक कोने में स्थित शिवलिंग भी विशेष पूज्यनीय है। यहां आने वाले श्रद्धालु धर्मशाला में ठहरने की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं, जो सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त है। मां काली बाड़ी मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह शिमला के सांस्कृतिक वैभव को भी सजीव करता है। शिमला घूमने आने वाले पर्यटक इस मंदिर में दर्शन किए बिना अपनी यात्रा अधूरी मानते हैं। मंदिर से शिमला के विहंगम दृश्य भी अत्यंत आकर्षक दिखाई देते हैं। वास्तव में, हिमाचल प्रदेश और विशेषकर शिमला धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत संगम है। मां काली बाड़ी मंदिर इस देवभूमि की सांस्कृतिक धरोहर और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक बनकर आज भी श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन कर रहा है।

---

# मां शक्ति के नौ रूपों की आराधना

**भारतीय** संस्कृति में शक्ति की उपासना को अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। देवी दुर्गा को आदिशक्ति माना गया है, जिनके नौ रूपों की आराधना नवरात्र के पावन पर्व पर की जाती है। वर्ष भर में कुल चार प्रकार के नवरात्र मनाए जाते हैं। चैत्र, शारदीय, आषाढ़ और पौष। इनमें चैत्र और शारदीय नवरात्र आम श्रद्धालुओं द्वारा धूमधाम से मनाए जाते हैं, जबकि आषाढ़ और पौष मास के नवरात्र को गुप्त नवरात्र कहा जाता है, जिनमें विशेष तांत्रिक साधनाएं की जाती हैं। इन चारों में शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व है। यह पर्व आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से प्रारंभ होकर नौ दिन तक चलता है और दसवें दिन विजय दशमी मनाई जाती है। नवरात्र में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा विधिवत की जाती है, जिनका आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और रंगों से जुड़ा गहरा अर्थ होता है। मान्यता के अनुसार, महिषासुर नामक असुर ने कठिन तपस्या करके ब्रह्मा से वरदान प्राप्त किया कि उसे कोई देवता पराजित नहीं कर सकेगा। इस वरदान से अहंकारी होकर उसने स्वर्ग पर आक्रमण कर दिया और देवताओं को पराजित कर स्वर्ग पर अधिकार कर लिया। सभी देवता भगवान शिव और विष्णु की शरण में गए। तब समस्त देवताओं की शक्तियों से एक दिव्य देवी उत्पन्न हुईं- मां दुर्गा। देवी ने लगातार नौ दिनों तक युद्ध कर दसवें दिन महिषासुर का वध कर दिया। तभी से यह दिन विजय का प्रतीक बनकर विजय दशमी कहलाने लगा।



*डॉ. कमल के. प्यासा*
*परुथी, लोअर समखेतर, मंडी*

### मां दुर्गा के नौ रूप

**शैलपुत्री :** हिमालय की पुत्री, त्रिशूल और कमल धारण करती हैं। इनकी पूजा में पीले वस्त्र पहने जाते हैं।

**ब्रह्मचारिणी :** तपस्विनी रूप, कमंडल और माला धारण करती हैं। इनकी पूजा में हरे वस्त्र धारण किए जाते हैं।

**चंद्रघंटाः** दस भुजाओं वाली देवी, राक्षसों का नाश करती हैं। इनके लिए भूरे वस्त्र उपयुक्त माने जाते हैं।

**कूष्मांडा :** ब्रह्मांड की सृष्टिकर्ता मानी जाती हैं। इनकी उपासना नारंगी वस्त्रों में की जाती है।

**स्कंदमाताः** कार्तिकेय की माता, सिंह पर सवार। इनकी पूजा में सफेद वस्त्र धारण करने का विधान है।

**कात्यायनी :** ऋषि कात्यायन की कन्या, वीरता की प्रतीक। इनकी पूजा में लाल वस्त्र पहनने चाहिए।

**कालरात्रि :** अंधकार का विनाश करने वाली। इनकी पूजा में नीले वस्त्र उपयुक्त होते हैं।

**महागौरी :** तप के बाद गौरवर्ण प्राप्त किया। इनकी पूजा गुलाबी वस्त्रों में की जाती है।

**सिद्धिदात्री :** सभी सिद्धियों की दात्री, कमल पर विराजमान। इनके लिए बैंगनी वस्त्रों का प्रयोग होता है।

*हर देवी के साथ विशेष रंग, भोग और पूजा विधि जुड़ी होती है। नवरात्रों में इनका पालन करने से साधक को मानसिक, आध्यात्मिक और पारिवारिक रूप से शांति, शक्ति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। नवरात्र के अंतिम दिन कन्या पूजन और मां दुर्गा के जल में विसर्जन के साथ पर्व का समापन होता है। कन्याओं को देवी के स्वरूप मानकर उनकी पूजा की जाती है और उन्हें भोजन तथा उपहार दिए जाते हैं।*

---

# दिव्य दैवीय शक्ति उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र

*या देवी सर्वभूतेषु सृष्टिरूपेण संस्थिता*
*नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः*

**यह** अलौकिक सृष्टि शक्ति से ही उत्पन्न हुई है और शक्ति से ही संचालित हो रही है। शक्ति के विभिन्न स्वरूपों का अवलोकन हम जीवन में हर पर और हर क्षण अनुभव किया करते हैं। प्रकृति के पंच महाभूतों अग्नि, वायु, आकाश, पृथ्वी और जल भी अपने प्रत्येक स्वरूप में शक्ति का ही स्रोत हैं, जिनकी हम नित्य किसी न किसी रूप में उपासना करते हैं। सनातन परंपरा में हमारी आस्था और श्रद्धा को अभिव्यक्त करने के लिए वर्ष भर अनेक पर्व और त्योहार मनाए जाते हैं, जिनका आस्था के साथ-साथ वैज्ञानिक महत्व भी होता है। शारदीय नवरात्र का दैवीय शक्ति उपासना में अपना अद्वितीय और अलौकिक महत्व है, जो कि हिंदू संस्कृति में उपासना के महत्व को दर्शाता है। मानव जीवन में शक्ति और ऊर्जा का विशेष महत्व होता है और यह शक्ति और ऊर्जा हम उपासना के द्वारा ही अर्जित कर सकते हैं। नवरात्र के दिव्य अवसर पर देवी मां के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना और उपासना करके हम अपने आप को दैवीय शक्ति के सानिध्य का अहसास करते हैं।शारदीय नवरात्र में विभिन्न शक्तिपीठों में शीश नवाकर अपने जीवन में श्रद्धा भाव और आस्था को प्रकट करते हैं। देवी दुर्गा के स्वरूपों में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध स्वरूप महालक्ष्मी, महाकाली और महासरस्वती का माना जाता है, जो मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं और क्षेत्रों से संबंधित हैं। जीवन में बुद्धि, विद्या, ज्ञान के महत्व को मां सरस्वती की उपासना से जाना जाता है। धन और वैभव के लिए मां लक्ष्मी के स्वरूप की उपासना करना महत्वपूर्ण माना जाता है। मां का तीसरा स्वरुप शक्ति और पराक्रम की उपासना करना है। महाकाली रूप धारण कर माता ने आसुरी शक्तियों के विनाश और सात्विक शक्ति के प्रसार का संदेश दिया है। नवरात्र में उपासना के समय द्वीप प्रज्जविलत करना अपने आप में एक अद्वितीय संस्कृति है, क्योंकि दीप ज्योति हमारे मन और जीवन से अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर ज्ञान और विवेक का प्रकाश फैलाने का कार्य करती है।



*विक्रम वर्मा, चंबा*

***'शुभं करोति कल्याणं, आरोग्यं धन संपदाम् शत्रु बुद्धि विनाशाय, दीपं ज्योति नमोस्तुते'***

नवरात्र में उपवास रखना सबसे अधिक महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि उपवास का अर्थ ही उप+वास अर्थात अपने आप को शक्ति के साथ या समीप स्थित करना या जोड़ने का प्रयास किया जाता है। उपवास रखने से शरीर, मन और आत्मा की शुद्धि होती। कई प्रकार की शारीरिक और मानसिक व्याधियां मात्र उपवास रखने से ही दूर हो जाती हैं। नवरात्र में अन्न दान और कन्या पूजन से देवी शक्ति के स्वरूप का बालिकाओं में दर्शन करने से संसार में नारी को देवी शक्ति के स्वरूप मानकर सृष्टि की रचना और संचालन में उनके योगदान के महत्व को माना जाता है। आधुनिकता के इस दौर में पूरी तरह से भौतिक सुख सुविधाओं और वस्तुओं पर आश्रित हो चुकी हमारी वर्तमान सामाजिक व्यवस्था और युवा पीढ़ी अपने जीवन में प्रकृति और प्राकृतिक शक्तियों के महत्व से अनजान और अनभिज्ञ हैं, जो सनातन परंपरा के लिए विचारणीय विषय है। इसके लिए हमें अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने की परम आवश्यकता है। हमें यह बात नहीं भूलनी चाहिए कि यह संपूर्ण ब्रह्मांड शक्ति से ही उत्पन्न हुआ है और शक्ति से ही संचालित भी होता है। प्राकृतिक शक्तियों की उपासना और उनके समीप वास करने से हम अपने जीवन में सकारात्मक भावनाओं को पल्लवित और पुष्पित करने का ही प्रयास करते हैं। नवरात्र में उपवास रखने और उपासना करके हम अपने आप को दिव्य शक्ति के साथ एकाकार होकर जीवन में मंगल को प्राप्त करते हैं। वर्तमान समय में यह हम सभी का नैतिक कर्तव्य और उत्तरदायित्व भी है कि हम अपने मन से अंधकार और नकारात्मकता को दूर करने और सकारात्मकता और दिव्यता हासिल करने के लिए अपने आप को प्राकृतिक शक्तियों के साथ जोड़ने का प्रयास करें और उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है कि हम अपने बच्चों तथा भावी पीढ़ी को सनातन परंपरा की अनमोल धरोहर से अवगत करवा कर उन्हें भी संस्कृति के प्रति ज्ञानवान और जागरूक करने का प्रयास करें।

**'देहि सौभाग्यं आरोग्यं देहि मे परम सुखम्**
**रुपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि'**

## न्यूज ब्रीफ

### चौधरी फाउंडेशन ने मांगों को लेकर मांगा समर्थन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** चौधरी फाउंडेशन ने हिमाचल प्रदेश सरकार और सभी 68 विधायकों से अपील की है कि वे संविधान के 93वें संशोधन के तहत ओबीसी समुदाय को 27 फीसदी आरक्षण सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। फाउंडेशन का कहना है कि यह संशोधन 20 जनवरी, 2006 को लागू हुआ था, लेकिन 19 वर्ष के बाद भी हिमाचल में ओबीसी को पूर्ण आरक्षण नहीं मिला है, जबकि अन्य राज्यों ने राष्ट्रीय मानक के अनुसार 27 फीसदी आरक्षण लागू कर दिया है। फाउंडेशन ने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों से आग्रह किया कि वे इस मुद्दे पर एकजुट होकर संवैधानिक न्याय व सामाजिक समानता की लड़ाई में ओबीसी समाज का समर्थन करें।

### पालमपुर में मतदाता सत्यापन अभियान चलाया

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं उपमंडलीय अधिकारी (सिविल) नेत्रा मेती ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर निगम पालमपुर के सहयोग से एक मतदाता सत्यापन अभियान चलाया गया है। मृत्यु, विवाह व स्थानांतरण के कारण कुछ मतदाताओं का सत्यापन लंबित है। ऐसे अप्रमाणित मतदाताओं की सूची 26 सितंबर तक उपमंडलीय अधिकारी (सिविल) व नगर निगम कार्यालय में प्रदर्शित की जाएगी। सत्यापन के लिए आधार कार्ड, पहचान पत्र, निवास प्रमाण, विवाह/मृत्यु प्रमाण पत्र आदि आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

### डॉ. विवेक करोल ने संभाला सीएमओ का कार्यभार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में सोमवार को डॉ. विवेक करोल ने बतौर सीएमओ कार्यभार संभाल लिया है। एमएस धर्मशाला डॉ. अनुराधा शर्मा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश सूद व विभिन्न चिकित्सा अधिकारियों व स्टाफ ने उनका स्वागत किया गया। कार्यभार संभालने के बाद सीएमओ डॉ. विवेक करोल ने कहा कि जिले में आमजनमानस तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करके टीम के रूप में मिलकर आमजनमानस तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

### पूर्व विधायक जगजीवन ने किया वीरगढ़ का दौरा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** उपमंडल भवारना के तहत रोड़ा पंचायत के वीरगढ़ गांव में सुलह के पूर्व विधायक जगजीवन पाल वीरगढ़ में अजीत सिंह पुत्र प्रकाश चंद का गिरने के कगार पर पड़े घर को देखने गए। घर के साथ नाले की ओर जो जमीन दरक गई है, उससे उसके घर को ढहने का खतरा बना हुआ है। पूर्व विधायक ने कहा कि घर के साथ जमीन खिसकने से अजीत सिंह के घर के ढहने का खतरा बना हुआ है। इस मौके पर गांव वासी भी उपस्थित रहे।

### रिड़कमार कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** रिड़कमार की एनएसएस इकाई की ओर से नव नामांकित स्वयंसेवकों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशा मिश्रा एवं प्रो. मनोज कुमार ने स्वयंसेवकों को प्रेरित किया कि वे स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जागरूकता, आपदा प्रबंधन और ग्रामीण/शहरी समुदाय की समस्याओं के समाधान में सक्रिय रूप से भाग लें।

### मझीण स्कूल में किशोरियों के खून की जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** ज्वालामुखी उपमंडल के तहत राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मझीण में सोमवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत अध्ययनरत सभी किशोरियों के खून व स्वास्थ्य की जांच की गई। संतुलित आहार के साथ आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी अहम जानकारियां दी। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। सिविल अस्पताल ज्वालामुखी से इस टीम में डॉक्टर राहुल आचार्य, डॉक्टर नीलम व फीमेल हेल्थ वर्कर मोनिका ने किशोरियों के स्वास्थ्य व खून की जांच की। प्रधानाचार्य सुरेश ठाकुर ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य कैंप विद्यालय में समय-समय पर लगते रहने चाहिए, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य की भी निगरानी की जा सके।

### सुमन ने प्रथम और चंपा देवी ने द्वितीय स्थान झटका

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** मिनी सचिवालय स्थित शिक्षा खंड कार्यालय बैजनाथ में सोमवार को मिड-डे मील योजना के तहत खंड स्तरीय खाना पकाने की प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 10 विद्यालयों की मिड-डे मील कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्राथमिक स्कूल फेडरेशन के अध्यक्ष मुनीष आनंद ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और योजना को बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ा हुआ बताया। मिड-डे मील इंचार्ज मुनीष कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए चयन विद्यालय स्तर पर जांच के आधार पर किया गया। कार्यक्रम में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली वर्करों को सम्मानित भी किया गया। प्रतियोगिता में सुमन कुमारी (कुंसल) ने प्रथम, चंपा देवी (उतराला) ने द्वितीय तथा गुड्डी देवी (धानग) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### सूचियों के पुनर्निरीक्षण के लिए 24-25 को ग्रामसभाएं

**अनंत ज्ञान, देहरा।** पुनर्निरीक्षण अधिकारी एवं कार्यवाहक खंड विकास अधिकारी देहरा संजीव मिन्हास ने बताया कि पंचायतीराज संस्थाओं के आगामी निर्वाचन के लिए मतदाता सूचियों का पुनर्निरीक्षण किया जा रहा है। इस वर्ष पंचायत चुनावों के लिए विधानसभा मतदाता सूचियों का उपयोग किया जा रहा है। मतदाताओं को पंचायतों के सहयोग से वार्ड वार मैप किया गया है, लेकिन कुछ मतदाताओं की पहचान नहीं हो पाई है। इसे मतदाताओं की सूची व ड्राफ्ट रोल की प्रतियां ग्रामसभा बैठकों में निरीक्षण के लिए रखी जाएंगी। 24 व 25 सितंबर को होने वाली इन बैठकों के लिए पंचायत सचिवों को कार्यवाई सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

### सीयू में विश्व पर्यटन दिवस समारोह का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन विद्यालय ने विश्व पर्यटन दिवस 2025 के उपलक्ष्य में सप्ताह भर चलने वाले समारोहों की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव प्रो. नरेंद्र सांख्यान मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह का आयोजन धौलाधार परिसर एक में कुलपति, प्रो. सत प्रकाश बंसल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

### कमलेश ने संभाला उपनिदेशक उच्च शिक्षा का कार्यभार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा उच्च शिक्षा विभाग में उपनिदेशक पद पर कमलेश कुमारी ने सोमवार को कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार संभालते ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि कांगड़ा में अब क्वालिटी एजुकेशन पर फोकस किया जाएगा। समय-समय पर स्कूलों में औचक निरीक्षण किए जाएंगे। इस दौरान बेहतरीन कार्य करने वाले स्कूल अन्य संस्थानों के लिए मॉडल बनेंगे, जबकि कमियां पाए जाने पर स्कूलों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। कमलेश जोगिंद्रनगर जिला मंडी की रहने वाली हैं।

## केवल पठानिया ने पॉलीक्लिनिक निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने पॉलीक्लिनिक निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि शाहपुर के पशुपालकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए 1.76 करोड़ रुपए की लागत से नया वेटरनरी पॉलीक्लिनिक भवन तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पशुओं के उपचार व देखभाल के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह पॉलीक्लिनिक बनाया जा रहा है।

## शारदीय नवरात्र: पहले दिन श्री चामुंडा मंदिर में कम रही भीड़

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिले के शक्तिपीठों में सोमवार को शारदीय नवरात्र शुरू हो गए। प्रदेश में आई आपदा के चलते पहले दिन श्रद्धालुओं की भीड़ कम रही। श्री चामुंडा मंदिर के कपाट सुबह पांच बजे खोल दिए गए थे, लेकिन आपदाओं से डर के चलते भीड़ कम रही।

श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर मां चामुंडा से बारिशें थमने और आपदा से राहत दिलाने की कामना की। चैत्र और शारदीय नवरात्र पर शक्तिपीठों में खासी भीड़ उमड़ती रही है, लेकिन इस बार प्रदेश में जिस तरह से आपदाएं आई हैं, उसके चलते श्रद्धालुओं की संख्या पहले दिन कम दर्ज की गई। मंदिर में सुरक्षा, सफाई के बेहतर इंतजाम किए गए हैं। मंदिर के पुजारी ओम प्रकाश व्यास ने कहा कि सुबह पांच बजे मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए थे। प्रदेश में आई आपदा के चलते श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आई है। श्रद्धालुओं से अपील है कि अब यहां कोई घबराने की बात नहीं है, श्रद्धालु बिना किसी डर के देवी दर्शनों के लिए आ सकते हैं। श्री चामुंडा मंदिर में देवी दर्शनों को आए चंडीगढ़ के सोनू जायसवाल ने कहा कि पहले नवरात्र पर ज्यादा भीड़ नहीं दिख रही है, हिमाचल में जो आपदा की घटनाएं हुई हैं, उसके चलते ज्यादा भीड़ नहीं हैं। पालमपुर की गुड्डी जायसवाल ने कहा कि बारिशें ज्यादा होने के चलते नवरात्र पहले दिन कुछ ज्यादा भीड़ नहीं देखी जा रही है।



पहले नवरात्र पर श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम में देवी दर्शनों को पहुंचे श्रद्धालु।

## डीसी ने बज्रेश्वरी धाम में सुविधाओं का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी हेमराज बैरवा ने अश्विन नवरात्र के पहले दिन बज्रेश्वरी माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने मंदिर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेलों के दौरान सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं और लंगर जैसी व्यवस्थाओं में कोई कमी न रहे। उन्होंने सरायों के निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्यों की भी समीक्षा की। इस अवसर पर एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल, डॉ. ज्योति, मंदिर अधिकारी अशोक पठानिया, ट्रस्ट सदस्य अशोक हिमाचली, उमाकांत, कैप्टन मदन लाल व अन्य उपस्थित रहे।

# डाडासीबा में बस पलटी, 53 यात्री जख्मी

## गुराला मोड़ में ब्रेक फेल होने से पेश आया हादसा, छह यात्री टांडा रेफर

**कमलजीत, अनंत ज्ञान**

**डाडासीबा।** डाडासीबा पुलिस थाना क्षेत्र के गुराला मोड़ पर सोमवार सुबह तलवाड़ा से बद्दी जा रही बस ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस हादसे में 53 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें करीब 37 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कई यात्रियों की हालत नाजुक बताई जा रही है। बस में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे।

स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को निजी वाहनों व एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल डाडासीबा पहुंचाया गया। वहीं, गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। खबर लिखे जाने तक 6 मरीजों को टांडा भेजा जा चुका है। डीएसपी डाडासीबा राजकुमार ने बताया कि इस हादसे में कुल 53 सवारियां घायल हुईं, जिनमें से छह यात्रियों की गंभीर हालत के चलते मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर किया गया है। पूर्व मंत्री एवं जसवां-परागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया भी अस्पताल पहुंचे और घायलों से मिले। उन्होंने प्रशासन से पीड़ितों को हरसंभव सहायता दिलाने की अपील की है।



अस्पताल में घायलों का कुशलक्षेम पूछते कांग्रेस नेता सुरेंद्र मनकोटिया।

### गंभीर घायल दस बच्चों को 20 हजार की आर्थिक मदद

**डीएम** हमीरपुर राजकुमार भी डाडासीबा पहुंचे और घायलों का हाल जाना। उन्होंने गंभीर रूप से घायल 10 बच्चों को कुल 20,000 तथा मामूली रूप से घायल 7 बच्चों को 7,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की। वहीं, प्रशासन की ओर से घायलों को कुल 27,000 की तत्काल राहत राशि दी गई।

## न्यूगल स्कूल में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** भवारना स्थित न्यूगल पब्लिक स्कूल में भारत विकास परिषद की ओर से गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया और छात्रों ने अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। शाखा अध्यक्ष डॉ. रिपन सूद ने नैतिक शिक्षा और देश प्रेम के महत्व पर बल दिया। प्रबंध निदेशक अशोक कटोच, प्रधानाचार्या निशा गुलेरिया व निदेशक अंकुर कटोच ने परिषद के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में सचिव पवन शरोत्री, कोषाध्यक्ष सतेंद्र सूद, मनोज भागड़ा, विजय भागड़ा, ध्रुव पटियाल, डॉ. कमलेश व एमसी कटोच सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## खडोता, पटोला में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने सूचित किया कि विद्युत लाइनों के उचित रखरखाव के लिए 24 सितंबर को सुबह 9:30 बजे से कार्य समाप्ति तक 11 केवी खनियारा फीडर के तहत आने वाले क्षेत्रों थात्रि, जूल, खडोता, पटोला, तरापडा, ठेड, टिल्लू, खनीआरा बाजार, नड्डी, सोकनी-दा-कोट आदि क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा की स्थिति में यह कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है।

## शाहपुर कॉलेज में शांति दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर कॉलेज में रोवर-रेंजर इकाई एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शांति दिवस का आयोजन किया गया। स्वयंसेवियों ने प्रो. भावना, प्रो. आशा शर्मा, प्रो. हरीश कुमार एवं प्रो. शिल्पा के मार्गदर्शन में विज्ञान परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी यदि धैर्य और सहिष्णुता के मूल्यों को अपनाए, तो वे समाज में विश्वास, एकता और प्रगति का वातावरण निर्मित कर सकते हैं। शांति ही वह आधार है, जिस पर मानवता और राष्ट्र की उन्नति टिकी है।

## समाज कल्याण सैनिक सभा ने किया कार्यालय का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** तहसील रक्कड़ के शांतला गांव में समाज कल्याण सैनिक सभा ने अपने कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड कर्नल विपिन शर्मा ने की। कार्यालय का मुख्य उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों और स्थानीय लोगों की समस्याओं का निवारण करना तथा प्रशासनिक सहायता प्रदान करना है। कार्यक्रम में नई कमेटी का गठन किया गया और भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं पर चर्चा हुई। कैप्टन जगदीप, कैप्टन राणा, सूबेदार नरेश सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## हिंदी पखवाड़े में नारा लेखन प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के हिंदी विभाग द्वारा 15 से 29 सितंबर तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान संस्थान के सभा कक्ष में नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं हुई, जिनमें लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। विजेता प्रतिभागियों को 29 सितंबर को समापन समारोह में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

## आईटीआई बैजनाथ में साक्षात्कार 29 को

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बैजनाथ की प्रधानाचार्या रीता शर्मा ने बताया कि डेंसो हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 29 सितंबर को संस्थान परिसर में कैंपस साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। फिटर, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, टर्नर, मैकेनिस्ट व वायरमैन ट्रेड के 2024 और 2025 पासआउट अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। चयनित उम्मीदवारों को 18,655 रुपए प्रतिमाह इन-हैंड वेतन मिलेगा। अभ्यर्थियों को सभी शैक्षणिक दस्तावेज व पहचान पत्र साक्षात्कार में लाना अनिवार्य होगा।

## केवल बीस रुपए में करवाएं जीवन बीमा

**अनंत ज्ञान, गगल।** यूको बैंक की ओर से सोमवार को इच्छी के निजी होटल में ग्रामीण योजनाओं को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता कांगड़ा के विधायक पवन काजल ने की। धर्मशाला के आंचल मैनेजर कमल शर्मा ने कहा कि ब्रांच में किसी का भी खाता हो खाते से 20 रुपए जमा करवा कर अपना साल भर का बीमा करवा सकते हैं और इसकी आयु 18 से 70 वर्ष तक होगी। वहीं, 450 रुपए देकर सालभर का बीमा करवाने पर 2 लाख का प्रावधान है, जिसकी आयु 18 से 50 वर्ष तक होगी। विधायक काजल ने लोगों से आग्रह किया कि मात्र केवल 20 रुपए से आप अपने नजदीकी यूको बैंक शाखा में जाकर अपने खाते से 20 रुपए देकर जरूर जीवन बीमा करवाएं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत गगल की प्रधान रेनू पठानिया ने योजनाओं की सराहना की और जन-जन तक पहुंचाने के लिए आग्रह किया।

## आशा वर्कर्स को चार माह से नहीं मिला वेतन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आशा वर्कर्स को चार माह से वेतन नहीं हमला है, जिस कारण उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक तंगी से जूझ रही आशा वर्कर्स ने चेताया कि जल्द वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो अक्तूबर माह से काम रोककर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। सोमवार को भारतीय मजदूर संघ से संबंधित आशा वर्कर यूनियन जिला कांगड़ा की बैठक भामसं प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा की अध्यक्षता में धर्मशाला में हुई। बैठक में आशा वर्कर्स की समस्याओं पर चर्चा करने उपरांत जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजा गया। धर्मशाला में मीडिया से बातचीत में आशा वर्कर यूनियन की जिलाध्यक्ष सरला राणा व सचिव विम्पी देवी ने कहा कि आशा वर्कर्स से सुबह से लेकर शाम तक काम लिया जाता है, रविवार तक की छुट्टी नहीं दी जाती। चार माह से वेतन नहीं दिया गया है और हवाला बजट न होने का दिया जा रहा है। उन्होंने सरकार को चेताया कि चार का लंबित वेतन का भुगतान एक साथ किया जाए, अन्यथा आशा वर्कर्स धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगी। सितंबर माह के अंत तक सरकार ने आशा वर्कर्स को लंबित चार माह के वेतन का भुगतान नहीं किया, तो अक्तूबर माह के पहले सप्ताह से आशा वर्कर्स काम करना छोड़ देंगी, जिसकी पूरी जिम्मेवारी प्रदेश सरकार की होगी।

## पैदल जा रहे व्यक्ति की टिप्पर की चपेट में आने से मौत

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** थाना शाहपुर के तहत चंबी में पैदल जा रहे व्यक्ति की टिप्पर की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान राम लाल (35) पुत्र कालिदास निवासी भटेच्छ के तौर पर हुई है। मृतक चंबी में सड़क किनारे पैदल जा रहा था, तभी धर्मशाला की ओर जा रहे टिप्पर (एचपी 90 8682) से टक्कर हो गई और टायर के नीचे आ गया। घायल को टांडा अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कार्यकारी थाना प्रभारी शाहपुर विपिन ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जालसूधार जोत से लापता विकु का एक माह बाद मिला शव

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ के अप्पर भेठ गांव से विक्रम उर्फ विकु पुत्र बाबू राम जालसूधार जोत से लापता हो गया था, जिसका शव सोमवार को बिनवा पॉवर प्रोजेक्ट के समीप खड्ड में बरामद हुआ है। 24 अगस्त को विकु जालसूधार से अपने पशुओं के साथ था, वहां से वह अपने घर को वापस आ रहा था, लेकिन घर नहीं पहुंच सका। इसके बाद गांव के लोगों व प्रशासन ने तलाश शुरू की, लेकिन कोई पता नहीं लगा। लोगों को उसकी जैकेट खड्ड से बरामद हुई थी। पंचायत घोडपीठ की प्रधान मंजू देवी ने विकु के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## कोली समाज कांगड़ा के अध्यक्ष कालीदास ने थामा 'आप' का दामन



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** कोली समाज कांगड़ा के जिलाध्यक्ष कालीदास ने प्रदेश प्रभारी ऋतु राज गोबिंद झा की उपस्थिति में आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। शिमला के खलीनी में खुले पार्टी के कार्यालय में पार्टी में शामिल होने पर आम आदमी पार्टी के राज्य प्रभारी ऋतु राज गोबिंद झा ने कालीदास को पार्टी का मफलर व टोपी पहनाकर स्वागत किया। राज्य प्रभारी ऋतु राज गोबिंद झा ने कहा कि कालीदास के आम आदमी पार्टी के साथ जुड़ने से संगठन को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी में इनको उचित मान सम्मान दिया जाएगा। कालीदास ने कहा कि हमारा परिवार कई पीढ़ियों से कांग्रेस पार्टी की विचार धारा से जुड़ा रहा। हमेशा कांग्रेस पार्टी की तन मन धन से सेवा करते रहे, लेकिन अब हमें पार्टी की तरफ से नजरअंदाज किया जा रहा था। किसी भी पार्टी का कार्यकर्ता अपनी पार्टी से सिर्फ मान सम्मान चाहता है, लेकिन अगर वह भी न मिले तो उस पार्टी में रहने का कोई फायदा नहीं। यहां तक कि जब मैंने कांग्रेस की सदस्यता मांगी तो वो भी नहीं दी। उन्होंने कहा कि मजबूर हो कर मुझे कांग्रेस पार्टी का साथ छोड़ना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ही वह विकल्प है जो गरीब, पिछड़े और दबे-कुचले वर्ग की असली आवाज उठाती है। अब समय आ गया है कि समाज में जात-पात और झूठे वादों से ऊपर उठकर एक नई राजनीति को अपनाना है।

## कोतवाली बाजार गोलीकांड मामले में पांचों आरोपी 4 दिन के पुलिस रिमांड पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला कोतवाली बाजार में शुक्रवार देर रात स्थानीय युवक से कहासुनी के बाद पंजाब के युवकों द्वारा पिस्टल से फायर करने के मामले में अमृतसर से गिरफ्तार किए गए पांचों युवकों को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से पांचों आरोपियों को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, इस घटना के बाद आरोपियों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया था। टीम ने आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए हरसंभव प्रयास शुरू किए। टीम ने पड़ोसी राज्य पंजाब के विभिन्न संभावित ठिकानों पर दबिश दी। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने कई कड़ियों को जोड़ते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर धर्मशाला लाया गया और इस घटना के संबंध में मामले के तहत थाना धर्मशाला में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। एसपी अशोक रत्न ने पुष्टि करते हुए बताया कि पंजाब से गिरफ्तार पांचों युवकों को सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

# धर्मशाला में देर रात घूमने पर पूछताछ के साथ होगी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**स्कूल-कॉलेज स्टूडेंट्स घूमते दिखे तो परिवार को दी जाएगी जानकारी**

**जिला** मुख्यालय धर्मशाला में देर रात कोई भी शहर में घूमता पाया गया तो उससे पूछताछ के साथ कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली बाजार में फायरिंग की घटना के बाद अब ऐसी घटनाओं से बचने के लिए पुलिस की ओर से सख्ती बरतने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत जहां पुलिस टीम को रात्रि गश्त बढ़ाने के आदेश जारी किए गए हैं। वहीं, इस दौरान कोई स्कूल व कॉलेज का स्टूडेंट घूमता पाया गया तो उसके परिजनों को इसकी जानकारी दी जाएगी। जानकारी के अनुसार, शहर में रात के एक-दो बजे भी लोगों को बेवजह घूमते हुए देखा गया है, ऐसा निरीक्षण के दौरान पुलिस ने खुद भी पाया है, लेकिन भविष्य में ऐसा न हो, उसके लिए पुलिस सख्त कदम उठाने जा रही है। पुलिस का मानना है कि देर रात लोगों के शहर में घूमने से असामाजिक तत्व सक्रिय हो जाते हैं, जिसके चलते कोतवाली बाजार जैसी घटनाएं पेश आती हैं। गौरतलब है कि स्थानीय युवकों व पंजाब केयुवकों के बीच कोतवाली बाजार में झगड़ा हुआ था, जिसके चलते गोली भी चली थी, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, पुलिस यह सुनिश्चित करने के लिए हर प्रभावी कदम उठाने जा रही है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने धर्मशाला वासियों से आग्रह है कि बिना वजह देर रात घरों से बाहर न निकलें। रात को एक-दो बजे भी लोगों को शहर में घूमते देखा गया है। पुलिस को रात्रि गश्त बढ़ाने के आदेश जारी कर दिए हैं। रात एक-दो बजे बाहर घूमोगे तो पुलिस पूछताछ करेगी कि रात को बाहर क्यों घूम रहे हो। यदि स्कूल और कॉलेज के बच्चे रात को घूमते हुए पाए जाते हैं, तो अभिभावकों को जानकारी दी जाएगी।



# बुड्ढा मल ज्वेलर्स पालमपुर में फेस्टिवल सीजन-7 शुरू

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** आधुनिक डिजाइनों के आभूषणों के लिए जाने माने पालमपुर के बुड्ढा मल ज्वेलर्स में फेस्टिवल सीजन सात में आभूषणों की खरीद पर विशेष ऑफर दिए जा रहे हैं। एमडी मानिक करवाल ने बताया कि बुड्ढा मल ज्वेलर्स मे फेस्टिवल सीजन सात नवरात्र से शुरू हो गया है। इस सीजन में अगर कोई भी ग्राहक खरीदारी करता है तो उसे एक कूपन दिया जाएगा। सीजन के बाद लक्की ड्रॉ निकाला जाएगा और जितने वाले ग्राहकों को आकर्षक उपहार दिए जाएंगे, जिसके लिए कुछ नियम वो शर्तें लागू होंगी।

ग्राहकों को सोने के आभूषणों की बनवाई शुल्क पर 40 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, जिसमें लेवर, पॉलिश सभी खर्च शामिल हैं। डायमंड के आभूषणों पर 30 प्रतिशत तथा पांच प्रतिशत अलग से बोनस डिस्काउंट दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हम ग्राहकों को स्पेशल ऑफर भी लेकर आए हैं, जो ग्राहक फेस्टिवल सीजन में खरीददारी करते हैं, तो उन्हें पहला इनाम दो कारें, दूसरा इनाम चार स्कूटी, जो चार ग्राहकों को दी जाएंगी। इसके अलावा वाशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर, स्मार्ट एलईडी टीवी, स्मार्ट वॉच, माइक्रोवेव व हीटर जैसे करीब 51 उपहार ग्राहकों को दिए जाएंगे।

**स्पेशल ऑफर के साथ ग्राहकों को दिए जा रहे आकर्षक उपहार**

### नई इबादत कलेक्शन ज्वेलरी होगी लॉन्च

**फेस्टिवल** सीजन में एक नई इबादत कलेक्शन ज्वेलरी को लॉन्च किया जाएगा। ग्राहक शोरूम में चल रहे स्पेशल ऑफर का लाभ ले सकते है। इस उत्सव में राजकोट ज्वेलरी, नूर कलेक्शन, कटक ज्वेलरी, राजस्थानी ज्वेलरी, ज्वेलरी मल्हार कलेक्शन, विरासत ए जेवर जैसे आभूषण अलग अलग डिजाइनों में ग्राहकों के लिए तैयार है। कम दाम पर खरीददारी करके आकर्षक उपहार ले जा सकते हैं।


**गुड न्यूज** आईआईटी रोपड़ के साथ साझेदारी में तीन क्षेत्रों में होगा उच्च स्तरीय शोध

# सीयू को मिला 10.46 करोड़ का अनुदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयू) को भारत सरकार की ओर से शुरू की गई अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की पेयर योजना के तहत 10 करोड़ 46 लाख 98 हजार का अनुदान प्राप्त हुआ है।

इस योजना का उद्देश्य उभरते विश्वविद्यालयों और संस्थानों में अनुसंधान क्षमता को बढ़ाना, उन्नत प्रयोगशालाएं स्थापित करना और सहयोगात्मक शोध नेटवर्क को प्रोत्साहित करना है। इस परियोजना के तहत केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ के साथ साझेदारी में तीन प्रमुख क्षेत्रों इलेक्ट्रॉनिक सामग्री और उपकरण, सामग्री इंजीनियरिंग और कंपोजिट तथा ऊर्जा उत्पादन और भंडारण के लिए उन्नत सामग्री में उच्चस्तरीय शोध करेगा। इस परियोजना का नेतृत्व प्रो. राजेश कुमार, नैनो साइंस एवं मटेरियल्स विभाग के विभागाध्यक्ष औरडीन स्कूल ऑफ फिजिकल एंड मैटेरियल साइंसेज, प्रधान अन्वेषक के रूप में कर रहे हैं।

इसके अलावा, सह अन्वेषक हैं डॉ. पवन हीरा, डॉ. विकास आनंद, डॉ. सुरिंदर पॉल, डॉ. नूरजहां और डॉ. गौरीशंकर साहू (नैनो साइंस एवं मटेरियल्स विभाग), डॉ. दिलबाग राणा (पर्यावरण विज्ञान विभाग) तथा डॉ. नीरज गुप्ता (रसायन विज्ञान विभाग) हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने इस उपलब्धि पर संतोष और गर्व व्यक्त किया है।



सीयू को एएनआरएफ-पीएआईआर योजना के तहत अनुदान मिला है।

## प्राथमिक शिक्षक संघ रक्कड़ ने किया क्लस्टर सिस्टम का विरोध

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** हाल ही में प्रदेश शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी क्लस्टर सिस्टम की अधिसूचना के खिलाफ प्राथमिक शिक्षक संघ रक्कड़ ने बैठक कर अपनी नाराजगी जताई। बैठक की अध्यक्षता खंड प्रधान संजीव शर्मा ने की। संघ ने कहा कि इस अधिसूचना के तहत प्राथमिक पाठशालाओं की प्रशासनिक शक्तियां क्लस्टर स्कूलों के प्रधानाचार्यों को सौंपना न केवल प्राथमिक स्तर पर लंबे समय से कार्यरत शिक्षकों की भूमिका और पदोन्नति को प्रभावित करेगा, बल्कि प्राथमिक शिक्षा के आधारभूत ढांचे को भी कमजोर करेगा। महासचिव मनोहर लाल और कोषाध्यक्ष मदन जीत ने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियां क्लस्टर सिस्टम के अनुकूल नहीं हैं। सड़क सुरक्षा, जंगल, उफनती खड्डें, कठिन मौसम और दूरी जैसी परिस्थितियां छोटे बच्चों व शिक्षकों दोनों के लिए बड़ी समस्या खड़ी करेंगी।

## भदरोया में 22.65 हेरोइन के साथ मां और दो बेटे गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस थाना डमटाल के तहत भदरोया गांव में एसआईयू टीम के प्रभारी सतेंद्र कुमार के नेतृत्व में बचनी देवी पत्नी स्व. सतपाल तथा उसके दोनों बेटे लवजीत उर्फ लभा तथा करण के रिहायशी मकान से छापेमारी कर मां और उसके दो बेटों को गिरफ्तार किया है। एसआईयू टीम ने 22.65 ग्राम हेरोइन, 4 लाख 70 हजार रुपए की नकदी, 101.7 ग्राम सोने के आभूषण, 478 ग्राम चांदी के आभूषण तथा एक डिजिटल नापतोल वाला यंत्र बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना डमटाल में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बचनी देवी के खिलाफ पहले ही 6.51 ग्राम हेरोइन तथा दूसरे मामले में 103.73 ग्राम हेरोइन का मामला दर्ज है। उसके बेटे नवजीत उर्फ लभा पर भी तीन मामले हैं, जिसमें दो मामले नशा तस्करी के दर्ज हैं तथा एक मामला मारपीट करने तथा जान से मार देने का भी दर्ज है। दूसरे बेटे करण पर भी तीन मामले नशा तस्करी के दर्ज हैं। डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया कि तीनों तस्करों को अदालत में पेश किया गया, जहां से तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।



**4 लाख 70 हजार रुपए की नकदी व 101.7 ग्राम सोना और 478 ग्राम चांदी बरामद**

## न्यूज ब्रीफ

### 762.4 ग्राम चरस के साथ पंजाब का व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** थाना घुमारवीं पुलिस ने फोरलेन पर बलोह टोल प्लाजा के पास एक व्यक्ति के कब्जे से 762.4 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार थाना घुमारवीं की टीम जब गश्त पर थी तो ऑल्टो कार को रोककर जब तलाशी ली तो उक्त चरस बरामद की गई। आरोपी की पहचान शुभम (32) ठाकुर निवासी लुधियाना पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन आरंभ कर दी है।

### रणधीर शर्मा ने नयना देवी में की नवरात्र पूजा

**अनंत ज्ञान, नयना देवी।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी और विधायक रणधीर शर्मा ने प्रथम नवरात्र के अवसर पर माता नयना देवी का पूजन और आरती की। उन्होंने माता जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजन और दर्शन के बाद पत्रकारों से बातचीत में रणधीर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने त्योहारों से पहले महंगाई कम करने के लिए जो वादा किया था, वह पूरा किया है।इसके साथ ही किसान, बागवान और देश की अन्य जनता को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के इस कदम की सराहना की और कहा कि यह देश के विकास और जनता के आर्थिक उत्थान के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आशुतोष शर्मा भी उपस्थित थे।

### मंत्री धर्माणी ने शहीद के परिजनों को दी सांत्वना

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी सोमवार को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकवादियों से हुई मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए शहीद हवलदार बलदेव चंद (के पैतृक गांव गंगलोह (थेह) पहुंचे। उन्होंने शहीद के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं और परिवार को इस कठिन घड़ी में हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उनकी शहादत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और प्रदेश उनके साहस तथा कर्तव्यनिष्ठा पर गर्व करता है। मंत्री राजेश धर्मानी दिल्ली में सरकारी कार्यक्रम में व्यस्त होने के बावजूद उन्होंने समय निकालकर शहीद के घर पहुंचे और परिवार मुलाकात की इसके उपरांत पुनः अपने निर्धारित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चंडीगढ़ रवाना हो गए। इस दौरान झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### नरेंद्र बने जुखाला कॉलेज के पीटीए प्रधान

**अनंत ज्ञान, जुखाला।** राजकीय महाविद्यालय जुखाला में शिक्षक अभिभावक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन सत्र 2025-26 के लिए किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक तथा अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यकारिणी का गठन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह के अध्यक्षता में सर्वसम्मति से किया गया। सर्वसम्मति से नरेंद्र कुमार को अध्यक्ष चुना गया, जबकि उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार, मुख्य सलाहकार रामस्वरूप, कोषाध्यक्ष मनोहर लाल, संयुक्त सचिव जगदीश कुमार, सचिव प्रो. राजेंद्र सिंह तथा सदस्यों की फेहरिस्त में तकनीकी विशेषज्ञ दुर्गाराम, सदस्य संजीव कुमार, प्रेम, वीर चंद्र को शामिल किया गया।

### झंडूता में चुनाव के लिए कल से विशेष ग्राम सभाएं

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** विकास खंड झंडूता की 42 पंचायतों में पंचायतीराज चुनाव के दृष्टिगत 24, 25 और 26 सितंबर को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी बिषय पर आज झंडूता के विकास खंड कार्यलय में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें झंडूता की 42 पंचायतों के प्रधानों व सचिवों ने भाग लिया। इस बैठक में बताया गया कि जो सभाएं पंचायत में होनी हैं, उनमें भाग जरूर लें। इन सभाओं में सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे अपनी पंचायतों में पंचायतीराज चुनाव की मतदाता सूचियों का अवलोकन करें। विकास खंड अधिकारी संजीव पुरी ने बताया कि यदि मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है या किसी व्यक्ति का नाम सूची में शामिल नहीं है, तो संबंधित दावे और आक्षेप पंचायत सचिव के माध्यम से दर्ज करवाएं।

### समाजसेवी सुभाष के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बरमाणा क्षेत्र के कैंची मोड़ निवासी और समाजसेवी सुभाष महाजन और बरमाणा पंचायत के ही पूर्व में रहे प्रधान बाबू राम संध्यार का निधन हो गया। 68 वर्षीय सुभाष महाजन एक सफल व्यवसायी होने के साथ-साथ समाजसेवक भी थे, जिनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद परिजनों ने तुरंत उन्हें एसीसी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें गंभीर स्थिति में एम्स बिलासपुर रेफर किया गया, लेकिन दुर्भाग्यवश अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं, बरमाणा पंचायत में 1995 से 2000 तक प्रधान रहे बाबू राम संध्यार के निधन पर इलाके में शोक की लहर है। इस निधन पर स्थानीय विधायक त्रिलोक जम्वाल, पूर्व विधायक बंबर ठाकुर, तिलक राज शर्मा, बाबू राम गौतम, सुभाष ठाकुर, बीडीटीएस प्रधान नीलम चंदेल, जितेंद्र चंदेल, सुनील शर्मा, कसोल विकास मंच के संयोजक डॉ. प्रकाश चंद ठाकुर, पंजगाई के प्रधान सुशील शर्मा, धौणकोठी के पूर्व प्रधान सुरेंद्र शर्मा, पूर्व बीडीटीएस चेयरमैन नंदलाल ठाकुर, पूर्व प्रधान लेखराम वर्मा, पूर्व प्रधान रमेश संध्यार, इंटक जिला प्रधान रूप सिंह ठाकुर तथा कांग्रेस के पूर्व सचिव संजीव शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं।

### जामा मस्जिद में लगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर के रौड़ा सेक्टर में स्थित जामा मस्जिद में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। मुस्लिम कमेटी जामा मस्जिद के प्रधान हारूण मोहम्मद की अगुवाई में आयोजित इस शिविर में डॉ. अकील सैय्यद व उनकी टीम द्वारा अपनी निशुल्क सेवाएं प्रदान की गईं। उन्होंने लोगों के हैपेटाईटिस बी और सी के टेस्ट किए। इस अवसर पर डॉ. अकील सैय्यद ने कहा कि व्यक्ति को थकाना, मतली, पेट दर्द, भूख में कमी, त्वचा का पीला पड़ना आदि इसके लक्षण हैं, जो शुरुआती दौर में दिखाई नहीं देते। उन्होंने कहा कि इसका उपचार संभव है, ऐसे में मरीज को किसी प्रकार की कोताही न बरत कर समय रहते उपचार करवाना चाहिए। उन्होंने लोगों को दिनचर्या के खानपान आदि को लेकर भी टिप्स दिए तथा निशुल्क दवाइयां भी बांटी। इस शिविर में करीब 70 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। शिविर में रफी मोहम्मद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### बरमाणा में वर्षों बाद शुरू हुई रामलीला

**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** बरमाणा रामलीला कमेटी द्वारा वर्षों बाद 22 सितंबर से रामलीला शुरू की जाएगी। रामलीला का आयोजन कोरोना के बाद पहली बार हो रहा है। बरमाणा रामलीला कमेटी द्वारा एसीसी खेल परिसर में 22 सितंबर से रामलीला का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रत्येक दिन सायं 7 बजे से शुरू होगा और हर रोज दशहरे तक चलेगा। यह जानकारी कमेटी के अध्यक्ष चमन ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि वर्षों बाद बरमाणा में रामलीला का मंचन फिर से शुरू किया जा रहा है। कोरोना काल में रामलीला का आयोजन स्थगित करना पड़ा था और उसके बाद भी किन्हीं कारणों से मंचन नहीं हो पाया। अब कमेटी ने एसीसी-अदानी समूह के सहयोग से नई शुरुआत करते हुए इसे पुनः आरंभ किया है। रामलीला में स्थानीय कलाकार विभिन्न भूमिकाएं निभाएंगे। इसमें पूजा सीता की भूमिका निभाएंगी, राम का अभिनय वह स्वयं निभाएंगे और विक्रमलक्ष्मण बनेंगे, वीरेंद्र भरत, मुनीश शत्रुघ्न, कर्म सिंह हनुमान और काजल भीलनी का अभिनय करेंगी। वहीं, सुनील ठाकुर मेघनाथ और शशिपाल कुंभकर्ण की भूमिका में नजर आएंगे। अन्य पात्रों में जैकी, तमन्ना, तनवीर, अरनब, छोटा राम, आयुषी, सुशील शर्मा, संजय कुमार और जोगेंद्र शामिल होंगे।

### रोल प्ले प्रतियोगिता में ग्वाल मुठाणी स्कूल प्रथम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ऋषिकेश में एससीईआरटी सोलन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय रोल प्ले प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्वाल मुठाणी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रार्थना सभा में प्रतिभागी रोल प्ले टीम के सदस्यों शैलजा, प्रिंसिका, अंजली, अनिता, शगुन को स्कूल प्रबंधन समिति व स्टॉफ सदस्यों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य राकेश नड्डा ने ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्वाल मुठाणी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय ग्वाल मुठाणी का स्टॉफ भी मौजूद रहा।

### डोर-टू-डोर प्लास्टिक कचरा संग्रहण पर मंथन

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जिले में डोर-टू-डोर प्लास्टिक कचरा संग्रहण एवं निपटान अभियान को प्रभावी रूप से प्रारंभ करने के लिए प्रक्रिया जारी हैं। इसी क्रम में पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को अभियान की प्रक्रिया एवं उद्देश्य के बारे अवगत कराया जाएगा। इसी कड़ी में आज विकास खंड कार्यालय परिसर सदर में बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्लास्टिक कचरा प्रबंधन यूनिट के संचालन हेतु मै. टारगेट ग्रीन जोन बद्दी के प्रतिनिधि सौरव कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस मौके पर प्लास्टिक कचरा प्रबंधन यूनिट के संचालन के लिए कंपनी के साथ अनुबंध किया गया है। बैठक की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी सदर, बबीता धीमान द्वारा की गई। बैठक में 49 ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि एवं सचिव तथा विकास खंड के अधिकारी उपस्थित रहे। बीडीओ ने पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे शीघ्र जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें, जिससे 2 अक्तूबर से अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

## बिलासपुर का राम नाटक मंचन–125 साल से अधिक पुरानी परंपरा और सामूहिक सौहार्द का प्रतीक

# रामायण मंचन में सांप्रदायिक सौहार्द की झलक

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर का राम नाटक मंचन न केवल 125 वर्ष से अधिक पुराना है, बल्कि यह सामूहिक सौहार्द का भी प्रतीक बन चुका है। यहां हिंदू और मुस्लिम कलाकार मिलकर रामायण के पात्र निभाते हैं, जो इसे पूरे देश में अनूठा बनाता है। राम नाटक समिति द्वारा आयोजित यह आयोजन धार्मिक आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण है।

**एक सदी की परंपरा :** करीब सौ साल पहले जब न तो बिजली थी और न ही आधुनिक मंचीय सुविधाएं, तब गांव के लोग मिट्टी और लकड़ी के साधारण मंच पर रामायण का जीवंत मंचन करते थे। कलाकार हाथ से बनी वेशभूषा पहनकर संवाद बोलते थे और लोग गांव-गांव से पैदल चलकर कथा देखने आते थे। उस दौर में यह आयोजन न केवल मनोरंजन था बल्कि शिक्षा और संस्कारों का बड़ा माध्यम माना जाता था।

**आधुनिकता के साथ जीवंत परंपरा :** आज का राम नाटक मंचन आधुनिक लाइट्स, ध्वनि यंत्र और तकनीक से सुसज्जित है, लेकिन इसकी आत्मा अब भी वही है। हर शाम सैकड़ों दर्शक उमड़ते हैं और राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान व रावण के चरित्र निभाते कलाकार दर्शकों को त्रेतायुग की अनुभूति कराते हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी के लिए यह आयोजन किसी पर्व से कम नहीं है।



राम नाटक मंचन का एक दृश्य । (फाइल फोटो)

**▶ हिंदू और मुस्लिम कलाकार साथ मिलकर निभाते हैं रामायण के पात्र, हर शाम उमड़ती भीड़**

**जिन्होंने निभाई अहम भूमिका :** इस नाटक को जिंदा रखने में कई दिग्गजों का योगदान रहा है। स्वर्गीय श्याम लाल पंसारी, चिंत राम मेहता, तुलसीराम टाड्डू, किशोरी लाल टाड्डू, आरडी टेसू और कांशीराम उपाध्याय सहित अनेक निर्देशकों ने अपने समर्पण और मेहनत से इस परंपरा को आगे बढ़ाया। अब इस जिम्मेदारी को अनिल मेहता और अश्विनी शर्मा संभाल रहे हैं, जो पूरे उत्साह और लगन से राम नाटक की परंपरा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में जुटे हैं।

**समिति का संकल्प :** राम नाटक समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि यह हमारी धरोहर है। इसे बचाना और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। सौ साल से भी अधिक पुरानी इस परंपरा ने बिलासपुर की पहचान बनाई है और आगे भी यह उत्सव और भव्यता के साथ जारी रहेगा।

**भीड़ और उत्साह :** हर शाम श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। लोग परिवार सहित शामिल होकर रामायण की कथा देखते हैं। यह मंचन न केवल धार्मिक उत्सव है, बल्कि बिलासपुर की सामाजिक और सांस्कृतिक धड़कन बन चुका है।

**स्थानीय लोगों की प्रतिक्रियाएं**
रामलाल (70 वर्ष, बुजुर्ग दर्शक) ने कहा कि मैं बचपन से राम नाटक देख रहा हूं। पहले मिट्टी के मंच पर भीड़ जुटती थी और कलाकारों की आवाज बिना माइक के भी गूंजती थी। यह आयोजन हमारी आत्मा से जुड़ा है।

नवीन (युवा कलाकार) ने कहा कि राम नाटक में राम की भूमिका निभाना मेरे लिए गर्व की बात है। यह नाटक केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और संस्कार देने का साधन है।

गोपाल (युवा कलाकार) ने कहा कि कुछ वर्षों से मंचन में रावण की भूमिका निभा रहा हूं। निश्चित रूप से रावण का किरदार निभाने में बहुत ज्ञान मिलता है क्योंकि वह एक महा ज्ञानी भी था

किरण (स्थानीय महिला) ने कहा कि हमारे बच्चे इस मंचन से मूल्य और परंपराएं सीखते हैं। यह आयोजन बिलासपुर की पहचान और गौरव है।

## हैंडबॉल रैफरी क्लिनिक में मनोज ने निभाई भूमिका

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में फर्स्ट बिहार स्टेट हैंडबाल रैफरी क्लिनिक का आयोजन किया गया। इसमें एमेच्योर हैंडबॉल एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश जिला बिलासपुर के अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल प्रशिक्षक मनोज ठाकुर ने टेक्निकल एक्सपर्ट की अहम भूमिका निभाई।

उल्लेखनीय है कि मनोज ठाकुर युवा सेवा एवं खेल विभाग हिमाचल प्रदेश में हैंडबाल के प्रशिक्षक हैं। वर्तमान में वे राज्य खेल छात्रावास जिला बिलासपुर में छात्रावास प्रभारी के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मनोज ठाकुर अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल प्रशिक्षक को हिमाचल के पहले हैंडबॉल टेक्निकल एक्सपर्ट बनने का गौरव हासिल हुआ। इसके लिए सभी हैंडबॉल प्रेमियों व एमेच्योर हैंडबॉल एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश व व्यासपुर हैंडबॉल एसोसिएशन को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। एमेच्योर हैंडबॉल एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश आशा करता है कि आपका वर्चस्व हैंडबॉल के क्षेत्र में हमेशा इसी तरह बना रहे व आपका आगामी भविष्य उज्ज्वल हो।

## कैडेट्स ने छेड़ा स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश की प्रथम नेवल यूनिट एनसीसी द्वारा आयोजित शतुद्री वंदन सेलिंग एक्सपीडिशन के आठवें दिन की शुरुआत कैडेट्स ने योग और व्यायाम से की। अभियान दल जीएसएसएस मंडली पहुंचा, जहां कैडेट्स ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। इसके बाद कैडेट्स मंडली बोट सेलिंग करते हुए डमखर होते हुए लठियाणी पहुंचे, जहां उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान के तहत रैली निकालकर स्थानीय कैडेट्स और जनता को नशामुक्त समाज एवं स्वच्छता के महत्व पर जागरूक किया तथा लोगों को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया गया। इस दौरान युवाओं को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी गई। कमांडिंग ऑफिसर कमांडर सज्जन कुमार ने बताया कि स्थानीय एनसीसी कैडेट्स ने भी भाग लिया। अभियान दल का उत्साह बढ़ाने के लिए 5 एचपी आर्मी एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल जीपी सिंह ने भी कैडेट्स के साथ सेलिंग की और उन्हें प्रोत्साहित किया।

## 10 से 12 अक्तूबर तक आयोजित होगा पशु मंडी एवं किसान मेला

**अनंत ज्ञान, नम्होल (बिलासपुर)**

**▶ पशु मंडी एवं किसान मेला कमेटी की बैठक का आयोजन**

**▶ महिलाओं के लिए पहली बार होगी रस्साकशी प्रतियोगिता**

टैरेस स्टेडियम नम्होल में पशु मंडी एवं किसान मेला कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य सलाहकार नंदलाल ठाकुर ने की। बैठक में 10 से 12 अक्तूबर तक चलने वाले मेले के आयोजन को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मेले की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए अलग-अलग समितियां गठित की गईं, साथ ही मेले में होने वाले कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं की रूपरेखा भी तय की गई। इस बार मेले की खासियत यह होगी कि पहली बार महिलाओं के लिए रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

इसके अलावा मेले में अन्य पारंपरिक खेलों और गतिविधियों को भी शामिल करने पर विचार किया गया। कमेटी पदाधिकारियों ने बताया कि मेला ग्रामीण क्षेत्र के किसानों एवं पशुपालकों के लिए उपयोगी साबित होगा, साथ ही मनोरंजन व पारंपरिक खेलों से लोगों की सहभागिता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि मेले के सफल आयोजन के लिए स्थानीय लोगों का हर बार की तरह इस बार भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। बैठक में यह भी बताया गया कि इस वर्ष कुश्तियों का आयोजन दोबारा से शुरू करवाया जाएगा।

बैठक में महासचिव शोभाराम ठाकुर, मीडिया प्रभारी सुभाष ठाकुर, कोषाध्यक्ष नंदलाल कौंडल, देवीराम ठाकुर, पदमदेव शर्मा, रतन ठाकुर, हेमराज ठाकुर, मदन लाल, राजेश ठाकुर, अजय ठाकुर, शेर सिंह, लेखराम कौंडल, विजय ठाकुर, नानक राम, लेखराज ठाकुर, पवन कुमार, शिवदयाल, रामलोक, शेरसिंह कौंडल, देश राज, कामेश्वर गुप्ता, ब्रिज लाल ठाकुर आदि सदस्य मौजूद रहे।

## जोलपलाखीं में जमीन धंसी, घरों को भारी नुकसान

**विनोद चड्ढा, अनंत ज्ञान**

**कुठेड़ा।** कुठेड़ा पंचायत के अंतर्गत जोलपलाखीं गांव में जमीन धंसने से कई घरों को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रभावित परिवारों के मकानों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी हैं और लोग दहशत में दिन-रात गुजारने को मजबूर हैं। रामलाल, अनिल कुमार, जगदीश लाल, शकुंतला देवी और प्रकाश के घर सबसे अधिक प्रभावित बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जमीन लगभग एक से डेढ़ फुट तक धंस चुकी है, जिससे मकानों की नींव हिल गई है और दीवारों में चौड़ी दरारें उभर आई हैं।

कुठेड़ा पंचायत की प्रधान ज्योति प्रकाश मौके पर पहुंचीं और प्रभावित परिवारों के घरों का निरीक्षण किया। उन्होंने माना कि हालात बेहद चिंताजनक हैं और ग्रामीण भय के माहौल में जी रहे हैं। प्रधान ने बताया कि मामला वन विभाग और संबंधित अधिकारियों तक पहुंचा दिया गया है, लेकिन उच्च स्तर पर मदद के बिना स्थिति संभालना कठिन है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार से गुहार लगाई है कि प्रभावित क्षेत्र को तुरंत संवेदनशील जोन घोषित किया जाए।

उन्होंने मांग की कि विद्यालय भवन के समीप लगे पेड़ों को काटा जाए, प्रभावित परिवारों को अस्थायी तौर पर सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जाए और मुआवजा व पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। लोगों का कहना है कि हालात इतने गंभीर हैं कि किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। रात के समय घरों की दीवारें चरमराती आवाज करती हैं, जिससे नींद तक नहीं आती। बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती बन गई है।



कुठेड़ा पंचायत के अंतर्गत जोलपलाखीं गांव में धंसती जमीन ने लोगों में दहशत फैला दी है।

### स्कूल के बच्चों पर भी मंडराया खतरा

**इस** आपदा की चपेट में गांव का राजकीय मध्य विद्यालय भी आ गया है। विद्यालय भवन के पास लगे विशाल सफेदे के पेड़ किसी भी समय गिर सकते हैं, जिससे बच्चों की जान और पढ़ाई दोनों पर खतरा मंडरा रहा है। अभिभावकों ने प्रशासन से विद्यालय परिसर को सुरक्षित करने के लिए तुरंत कदम उठाने की मांग की है।

## पेंशनरों की मांगों को लेकर झंडूता में शांतिपूर्ण संघर्ष





झंडूता में उपमंडलीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपने के पहले एकत्रित हुए पेंशनर्स।

**अनंत ज्ञान , झंडूता**

**▶ मांगों को लेकर उपमंडलीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

जिला बिलासपुर पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा झंडूता में उपमंडलीय अधिकारी अर्शिया शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान शांतिपूर्ण तरीके से एक रैली निकाली गई। इसमें जिलेभर के सैकड़ों पदाधिकारियों ने पेंशनरों के लंबित भत्ते व बिलों तथा चिकित्सा भत्तों जैसी समस्याओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के तमाम पदाधिकारियों ने सरकार से पुरजोर मांग करते हुए कहा 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों के वित्तीय लाभों का तुरंत भुगतान करने की मांग की है। उन्होंने लंबे समय से लंबित पड़े चिकित्सा बिलों के भुगतान हेतु राशि शीघ्र अतिशीघ्र भुगतान करने की मांग भी सरकार से की है।

उन्होंने बताया कि अन्य जिलों से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके **लियन** को भी गृह जिले में स्थानांतरित किया जाए। पदाधिकारियों ने पेंशनरों की संयुक्त सलाहकार समिति के गठन की भी मांग सरकार से की है। इसके साथ ही उन्होंने महंगाई भत्ते की देय किस्तों और बकाया एरियर का तत्काल भुगतान की भी सरकार से मांग की। एसोसिएशन ने कहा कि पेंशनरों के हक को लेकर सरकार को बार-बार अवगत कराया गया लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग पाई है। उन्होंने कहा कि सरकार अगर उन्हें इस तरह से दुखी करेगी तो सरकार भी दुखी होगी।

उन्होंने कहा इसके बाद जिला स्तर और उसके बाद राज्य स्तर पर धरना-प्रदर्शन किया। इस मौके पर जिला प्रधान जगदीश दिनेश, जिला महासचिव नरोत्तम धीमान, वरिष्ठ उपप्रधान कर्म देव गौतम व जगदीश शर्मा, वित्त सचिव सुरेश जोशी, कार्यालय सचिव सुमन शर्मा एवं अतिरिक्त महासचिव प्रकाश ठाकुर, सहित सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बिलासपुर में भव्य कलश यात्रा के साथ श्री दुर्गा उत्सव शुरू



दुर्गा पूजा का शुभारंभ करतीं डॉक्टर मल्लिका नड्डा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर,**

नगर अराध्य देव बाबा नाहर सिंह मंदिर परिसर में हर साल आयोजित होने वाला शारदीय दुर्गा उत्सव इस साल 24वें वर्ष में प्रवेश कर गया है। सोमवार को आश्विन प्रथम नवरात्र पर इस धार्मिक समागम का भव्य आगाज किया गया। आयोजन की संस्थापिका एवं संयोजिका डॉ. मल्लिका नड्डा की अगुवाई में मातृ शक्ति द्वारा गोबिंदसागर झील के मध्य से शुद्ध पानी भरा गया तथा एक शोभायात्रा की शक्ल में यह यात्रा मंदिर परिसर पहुंची, जहां पर विद्वान पंडितों द्वारा विधिवित रूप से पूजा अर्चना करवाई गई तथा नौ कुंडीय हवन में सभी ने आहुतियां डालकर आयोजन की सफलता की कामना की। कोलकाता से विशेष रूप से आए कारीगरों द्वारा बनाई गई मां अष्टभुजी की प्रतिमाएं आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं डॉ. मल्लिका नड्डा ने बताया कि इस बार हिमाचल में हुए जानी और माली नुकसान को देखते हुए शाम को होने वाले सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं नहीं होंगी। केवल पूजा-अर्चना विधिवत रूप से चलेगी।

## बैंक उपभोक्ताओं से नहीं पूछता है कोई जानकारी : दिनेश

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक सीमित शाखा कल्लरी द्वारा सोमवार को वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन गांव जाहड़ी में किया गया। शिविर में बैंक द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। बैंक प्रबंधक दिनेश चोपड़ा ने बताया कि लोग किस प्रकार से सरकार तथा बैंक के सहयोग से संचालित योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

उन्होंने उपभोक्ताओं को साइबर ठगी के बारे में सचेत करते हुए कहा कि कोई भी बैंक उपभोक्ता से उनके खातों के बारे में कोई जानकारी नहीं पूछता है। लिहाजा किसी भी कॉल पर बैंक खाता नंबर, ओटीपी आदि साझा न करें। शिविर में आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक श्याम देवी, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रूप लाल और बैंक की ओर से शाखा प्रबंधक दिनेश चोपड़ा, दिनेश कुमार और बलदेव मौजूद रहे।

## निपुण: यूको आरसेटी ने किया जनरल ईपीडी प्रशिक्षण का सफल आयोजन

# 35 महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, बिलासपुर द्वारा जिले में जनरल ईपीडी का 6 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण 35 महिलाओं के लिए आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि यूको आरसेटी के निदेशक अजय कुमार शर्मा तथा अग्रणी जिला प्रबंधक चंद्रशेखर यादव ने सभी प्रतिभागी महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए।

प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनमें अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, विभिन्न बीमा योजनाएं तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली योजनाएं जैसे मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) और अन्य ऋण सुविधाएं शामिल हैं। इस अवसर पर निदेशक अजय कुमार शर्मा ने बताया कि यूको आरसेटी ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित एक संस्थान है, जो जिला के ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को विभिन्न स्वरोजगार गतिविधियों के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान करता है, जिसका बहुत से युवाओं ने लाभ उठाया है।

संस्थान ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को विभिन्न गतिविधियों में प्रशिक्षण प्रदान करता है, जिनमें प्रदान किए जाने वाले प्रमुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों में ड्रेस डिजाइनिंग, ब्यूटी पार्लर, रेशम कीट पालन, मशरूम उत्पादन, दुग्ध उत्पादन, बैग निर्माण, खिलौना निर्माण, कंप्यूटर बेसिक्स, मोटर ड्राइविंग आदि शामिल हैं। संस्थान का यह प्रयास महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय जागरूकता फैलाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।



प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले महिला प्रशिक्षु प्रमाण पत्र सहित।

## ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए गरिमा गृह की अंतरिम व्यवस्था लागू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के डीसी राहुल कुमार ने आदेश जारी करते हुए बताया कि जिला में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए गरिमा गृह स्थापित किए जाने तक अस्थायी व्यवस्था के रूप में कुछ संस्थानों को गरिमा गृह घोषित किया गया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार गरिमा गृह में भोजन, चिकित्सीय देखभाल, मनोरंजन सुविधाएं तथा क्षमता निर्माण व कौशल विकास के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस उद्देश्य से जिला बिलासपुर में चार संस्थानों को गरिमा गृह के रूप में घोषित किया है। इनमें अपना घर, वृद्धाश्रम, तहसील सदर, जिला बिलासपुर, अपराजिता, बाल गृह (बालक) भगेड़, आशा किरण, विशेष गृह, घुमारवीं तथा नया सवेरा, विशेष गृह, नसवाल, तहसील घुमारवीं शामिल हैं। उन्होंने संबंधित संस्थानों को जिला कल्याण अधिकारी एवं तहसील कल्याण अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक सुविधा और सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

## सड़क किनारे पुराने सफेदे के पेड़ दे रहे हादसों का न्योता

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**▶ वैटरन बालक राम शर्मा ने जताई चिंता, बोले-उनके स्थान पर लगाएं अन्य पौधे**

हिमाचल प्रदेश वैटरन सैनिक कल्याण एवं विकास संयुक्त समिति के प्रदेशाध्यक्ष एवं एक्स-सर्विसमैन सैनिक लीग बिलासपुर के अध्यक्ष वैटरन कैप्टन बालक राम शर्मा ने बताया कि एनएच-21 सड़क के किनारे लगे पुराने और ऊंचे सफेदे के पेड़ों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि ये सफेदे के पेड़ अब काफी पुराने और विशाल हो चुके हैं, जो आंधी-तूफान के समय कभी भी दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। इनसे पैदल यात्रियों, वाहन चालकों और सड़क किनारे रहने वाले लोगों के लिए गंभीर जान-माल का खतरा बना हुआ है।

कैप्टन बालक राम शर्मा ने स्थानीय पंचायतों, प्रधान, उपप्रधान, पंचायत सदस्यों और प्रशासन से अपील की है कि वे इस गंभीर समस्या पर शीघ्र संज्ञान लें और जिन पेड़ों से खतरा महसूस हो रहा है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कटवाने की व्यवस्था करें, साथ ही उन्होंने यह भी आग्रह किया कि पेड़ काटने के बाद उसी स्थान पर पर्यावरण अनुकूल छोटे पेड़ अवश्य लगवाए जाएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए पेड़ लगाना अत्यंत आवश्यक है। यह सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि हमारा कर्तव्य और सामाजिक दायित्व है।

उन्होंने सभी लोगों से अनुरोध किया कि एक मां के नाम पर पेड़ लगाने की इस मुहिम में शामिल हों और इसे सफल बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कहीं पेड़ काटने की आवश्यकता पड़े तो उसकी भरपाई अवश्य की जाए। पेड़ काटने पर नया पेड़ लगाना हमारा फर्ज है। यह न केवल हमारे जीवन के लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अनिवार्य ह। अंत में उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे सड़क किनारे पेड़ लगाने में भी सहयोग करें ताकि हरियाली बनी रहे और दुर्घटनाओं से भी बचा जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वच्छता पखवाड़े के दौरान बच्चों ने किया श्रमदान

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल की जलपेंहड पंचायत के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला शेरू मसौली में सोमवार को स्वच्छता पखवाड़े के चौथे दिन विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों, अभिभावकों और स्टाफ सदस्यों ने मिलकर पूरे स्कूल परिसर की सफाई की और वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया।स्कूल के अध्यापक बलदेव सिंह ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि छोटे बच्चों को यदि प्रारंभ से ही स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया जाए तो वे आगे चलकर जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं। बलदेव सिंह ने छात्रों को पौधारोपण की आवश्यकता समझाई और उन्हें अपने घरों में औषधीय एवं फलदार पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।इस अभियान के दौरान छात्रों को किचन गार्डन बनाने की जानकारी भी दी गई। अध्यापकों ने बच्चों को समझाया कि स्वच्छता बनाए रखने के लिए जरूरी है कि कचरा हमेशा कूड़ेदान में डाला जाए और इधर-उधर न फेंका जाए। इसके साथ ही उन्हें बताया गया कि किचन गार्डन न केवल स्वास्थ्यवर्धक सब्जियां उपलब्ध कराता है, बल्कि बच्चों को खेती-बाड़ी और प्राकृतिक जीवन शैली के प्रति भी रुचि पैदा करता है।स्कूल में संचालित इको क्लब को भी इस अवसर पर विशेष महत्व दिया गया। इको क्लब के माध्यम से बच्चों को पर्यावरणीय गतिविधियों जैसे पौधारोपण, वर्षा जल संचयन, ऊर्जा संरक्षण, प्लास्टिक के कम उपयोग और जैविक खेती के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यह क्लब छात्रों को व्यावहारिक शिक्षा देने के साथ-साथ उन्हें प्रकृति से जोड़ने का महत्वपूर्ण साधन है।इस मौके पर स्कूल की अध्यापिकाएं प्रवीण कुमारी और मीना कुमारी भी उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन किया और उन्हें इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।यह पहल बच्चों में न केवल स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का भाव उत्पन्न करती है, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सजग बनाती है। स्कूल प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के व्यक्तित्व विकास में भी अहम योगदान देती हैं।

### मंडी से शिवाबदार जाने वाली बस में सफर जोखिमभरा

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** द्रंग विधानसभा क्षेत्र की बदार घाटी के 8 पंचायतों के हजारों लोगों की आवाजाही के लिए मात्र 37 सिटर मंडी शिवा बाया घ्राण भेजी जा रही है। इसमें सवारियां आलू प्याज की तरह ठोसी जा रही है। फिर भी सैकड़ों सवारियों परिवहन सेवाओं से वंचित हो रही हैं, लोग परेशान हैं। बता दें कि शिवाबदार के लिए बरसात से पहले दो बसें वे भी 48-48 सिटर बसें चलती थी, मगर अब शिवा बदार वाया पडोह बस सेवा सड़क के क्षतिग्रस्त होने से बंद है। जिससे हटौण, नागधार, देवरी, मासड, शिवा, घ्राण और मैहणी के लोग परेशान हैं। बहुत से लोगों को ना चाहते हुए भी टैक्सी करनी पड़ रही है, जिससे इनकी आर्थिक स्थिति डगमगाने लगी है। बहुत से लोग जिनकी माली हालत बहुत ही दयनीय है मगर जरूरी कामकाज के लिए मंडी मुख्यालय या अस्पताल तथा अन्य जरूरी कार्यों के लिए पैदल ही सफ़र करना पड़ रहा है। इनमें बुजुर्गों, बीमार लोगों, गर्भवती महिलाओं व छोटे बच्चों को अस्पताल ले जाना बड़ा जोखिम भरा हो गया है। स्कूल, कॉलेज, आईटीआई जाना भी बहुत मुश्किल भरा हो गया है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग है कि शिवाबदार से 9:30 बजे मंडी से चलने वाली बस को उसके रूट पर चलाया जाए तथा जो मंडी पंडोह शिवा बस चलती है उसे भी बाया घ्राण शुरू किया जाए, ताकि लोगों को परिवहन सुविधाएं मिल सके। द्रंग स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान विजय ठाकुर प्रधान घराण मीना ठाकुर, प्रधान मेहणी रेशमा ठाकुर, प्रधान हटौण रोशनी राठौर और प्रधान शिवा ने इस रूट पर दो बसें चलाने की मांग की है।

### सरकाघाट पुलिस ने भगोड़े अपराधी को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट पुलिस ने पूर्व के मामलों में भगोड़े चल रहे आरोपी अमित कुमार उर्फ सब्बू (34) पुत्र बलबीर सिंह, निवासी गांव रोपड़ी, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए एसएचओ रजनीश ठाकुर ने बताया कि आरोपी को थाना सरकाघाट में दोपहर 12:45 बजे हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी की सूचना नियमानुसार आरोपी के पिता बलबीर सिंह को उनके मोबाइल नंबर पर दी गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी को कल 23 सितंबर न्यायालय जेएमएफसी-1 सरकाघाट के समक्ष पेश किया जाएगा।

### बैठक में किसानों ने मांगों को पूरा करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल किसान यूनियन की ब्लॉक स्तरीय बैठक कृषि विभाग भंगरोटू में चौधरी राम (विषय वाद विशेषज्ञ) के साथ संपन्न हुई। इस बैठक में हिमाचल किसान यूनियन के बल्ह ब्लॉक के प्रधान देवराज, सचिव कृष्ण चौधरी, कोषाध्यक्ष मेहरचंद, सलाहकार भगत राम, कुम्मी यूनिट के सदस्य डुमराम, बलवंत सिंह तथा विशेष तौर पर आमंत्रित यूनियन प्रदेशाध्यक्ष डॉ सीताराम वर्मा, प्रदेश कार्यकारी प्रधान भूप सिंह भी उपस्थित रहे। बल्ह ब्लॉक के प्रधान तथा सचिव ने किसानों के हितों को मद्देनजर रखते हुए एक 20 सूत्रीय मांग पत्र कृषि विषय बाद विशेषज्ञ को सौंपा। किसान नेताओं ने मांग की है कि हिमाचल में किसान आयोग गठित हो, कृषि को उद्योग का दर्जा मिले, एमआईएस कृषि सिंचाई योजना पुनः बहाल किया जाए, कांटेदार तार की बाड़ बंदी 70/30 उपादान पर दी जाए जिसे कृषक स्वयं लगाएं, कृषि विभाग की भूमि किसी कंपनी व अन्य हित धारक को न दी जाए, कृषि योजना के अंतर्गत कृषि संबंधित संयंत्र विद्युत मोटर टुल्लू पंप तिरपाल इत्यादि 50 प्रतिशत उपादान पर उपलब्ध करवाए जाएं। बल्ह में टमाटर पर आधारित लघु उद्योग लगाने का प्रस्ताव प्रेषित किया जाए द्य प्रदर्शन बीजों का आबंटन कलस्टर स्तर पर वितरण करने जरलू सब्जी मंडी का कार्य शीघ्र आरंभ करने, कृषि विभाग के विक्रय केदो में मल्टीपर्पज वर्कर रखने, बरसीम, आलू सरसों तथा सब्जियों के बीज व गेहूं की उन्नत किस्म के बीच समय पर उपलब्ध करवाने, बल्ह विकासखंड के अंतर्गत क्रेहड़ी नाला, कुम्मी नाला तथा स्योली नाला का तटीकरण करके सुकेती खडड में मिलाया जाने, लूनापानी किसान भवन में कृषकों को बैठक करने की समुचित व्यवस्था करने की मांगे उठाईं गईं हैं। कृषि अधिकारी चौधरी राम ने किसानों का मांग पत्र पर आश्वासन दिया कि वह हमेशा किसानों के साथ हैं व मामला उच्च अधिकारियों के साथ उठाएंगे।

# सुल्तानपुर इंडस्ट्रियल एरिया में मानव निर्मित तबाही

## नाले के गलत निर्माण से फैक्ट्रियां तहस-नहस, करोड़ों का हुआ नुकसान, 4 फुट भरा कीचड़

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा/सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर इंडस्ट्रियल एरिया में हाल ही में हुई भारी बारिश ने तबाही मचा दी। स्थानीय उद्योगपतियों के अनुसार, नाले का गलत निर्माण करने की वजह से उसका प्राकृतिक प्रवाह बदल गया।

परिणामस्वरूप नाला उफान पर आ गया और अपने साथ भारी मलबा, कीचड़ और 12-15 फीट तक के बड़े पत्थर लेकर नीचे उतर आया। इस घटना ने पूरे औद्योगिक क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया और करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ।

सैकड़ों परिवार जो इस क्षेत्र की फैक्ट्रियों से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हैं, उनकी रोजी-रोटी खतरे में पड़ गई। कई फैक्टरी में 4 फीट तक कीचड़ भर गया, जबकि फैक्ट्रियों के कच्चे माल और मशीनरी पर भारी मलबे का प्रभाव पड़ा। वहीं उद्योगपतियों ने सरकार से मांग की है कि नाले के प्रवाह को सही किया जाए, क्षेत्र में बचे मलबे को हटाया जाए और प्रभावित उद्योगपतियों को राहत पैकेज प्रदान किया जाए।



### लापरवाही ने सिखाया हमें बड़ा सबक : पंकज चौफला



**उद्योगपति** पंकज चौफला ने कहा कि नाले का गलत निर्माण होने के कारण उसका बहाव बदल गया और जब बारिश हुई, नाला ओवरफ्लो हो गया। बड़े-बड़े पत्थर और मलबा फैक्ट्रियों तक पहुंच गए। यह केवल हमारी ही नहीं, बल्कि सरकारी धन की भी बर्बादी है। उन्होंने कहा कि आज यह लापरवाही हमें बड़ा सबक सिखा गई। अगर यह निर्माण पहली बार ही ठीक हुआ होता तो सरकारी पैसे की बर्बादी न होती। यह मानव-निर्मित आपदा है, जिसे सरकार को तुरंत गंभीरता से लेना चाहिए। पंकज चौफला ने आक्रोश जताते हुए कहा कि इस घटना से रिटेलर्स और प्रदेश के व्यापारियों पर भी असर पड़ा है। करीब 25 परिवार सीधे तौर पर उनके व्यवसाय से जुड़े हैं और सैकड़ों लोग अप्रत्यक्ष रूप से परिवहन, बाग-बगिचों और सब्जी व्यवसाय जैसी गतिविधियों के माध्यम से जुड़े हैं, लेकिन नाले की चौड़ाई कम कर दी गई और खुली जगह संकुचित कर दी गई, जिससे उसके प्राकृतिक ढलान प्रवाह पर असर पड़ा और पानी का ओवरफ़्लो हुआ, जिसने इस भीषण त्रासदी को जन्म दिया।

### लाखों का नुकसान और जान का खतरा : शेखर



**उद्योगपति** शेखर महाजन ने बताया कि ऊपरी नाले से आए मलबे ने उनकी डबल स्टोरी फैक्टरी को तहस-नहस कर दिया। कच्चा माल और तैयार सामान सब मलबे में दब गया। उनका अनुमान है कि नुकसान लगभग 80-90 लाख का हुआ है। फैक्टरी को फिर से चालू करने में 1 से 1.5 करोड़ रुपए खर्च आएगा।

### पत्थरों ने बिल्डिंग को किया तहस-नहस : हरमीत सिंह



**उद्योगपति** हरमीत सिंह ने बताया कि लगभग 70-80 ट्रक मलबा उठाया जा चुका है, फिर भी स्थिति नियंत्रण में नहीं है। भारी पत्थरों ने बिल्डिंग और कार को नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि कुछ फैक्ट्रियों तक पत्थर पहुंचने से पहले रुक गए, वरना पूरा इंडस्ट्रियल एरिया तबाह हो सकता था। सरकार को तुरंत कदम उठाने होंगे।

### गलत निर्माण ने पूरी इंडस्ट्री को खतरे में डाल दिया : महेश



**उद्योगपति** महेश सचदेवा ने कहा एक गलत निर्माण ने पूरे इंडस्ट्रियल एरिया को खतरे में डाल दिया। सरकार को सही योजना बनाकर नाले का प्रवाह तुरंत सुधारना होगा। औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले उद्यमी न केवल रोज़गार पैदा करते हैं बल्कि जिले की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। 200-300 किलो तक के पत्थर किसी भी दीवार को तोड़ सकते हैं। सरकार को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए। महेश ने आगे कहा कि जब भी नाले की बहाली का काम होगा इस कार्य को योजनाबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने के लिए, बहाली के प्रत्येक चरण में औद्योगिक संघ की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

### आपदा प्रभावित 42 परिवारों को मिली आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** महाजन सभा चम्बा में ठाकुर रामसिंह स्मृति न्यास, हमीरपुर की ओर से आपदा प्रभावित परिवारों के लिए एक विशेष सहायता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर चम्बा और तिस्सा क्षेत्र से आए उन 42 परिवारों को कुल 10.50 लाख रुपये की आर्थिक मदद प्रदान की गई, जिनके घर प्राकृतिक आपदा के दौरान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। कार्यक्रम में ठाकुर रामसिंह स्मृति न्यास के अध्यक्ष अशोक शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक प्रमुख बनवीर सिंह, सह प्रांत प्रचारक ओम प्रकाश, विभाग संघचालक डॉक्टर शिवदयाल तथा जिला संचालक राजेश कुमार मौजूद रहे। सभी ने प्रभावित परिवारों से संवाद किया और उन्हें आश्वासन दिया कि आने वाले समय में भी हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

नेताओं और पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के सभी वर्गों का कर्तव्य है कि वे कठिन परिस्थितियों में पीड़ितों की मदद के लिए आगे आएं। स्मृति न्यास ने समाज के दानी सज्जनों और अन्य सामाजिक संस्थाओं से भी आह्वान किया कि वे आपदा प्रभावित परिवारों की मदद के लिए सहयोग का हाथ बढ़ाएं।

## चंबा में एचआरटीसी बस रास्ते में ही हांफी

**हसन शेख, अनंत ज्ञान**



**चुराह/चंबा।** जिला चंबा में एचआरटीसी बसों की खराब स्थिति ने एक बार फिर यात्रियों और आम जनता की चिंता बढ़ा दी है। कलोनी मोड़ के पास पठानकोट-सनवाल रूट पर चल रही एचआरटीसी बस अचानक रास्ते में ही हांफ गई और आगे बढ़ने में असमर्थ हो गई। बस भाजराडू के पास पेट्रोल पंप के पास ही रुक गई, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा और तनाव का सामना करना पड़ा। बस में सवार लोग काफी परेशान नजर आए और उन्होंने जोर देकर कहा कि जिले में एचआरटीसी की पुरानी बसें नियमित रूप से रास्ते में ही दम तोड़ देती हैं।

यात्रियों ने प्रशासन और परिवहन विभाग से तत्काल कदम उठाने की मांग की। उनका कहना था कि पुरानी बसों की मरम्मत समय पर की जाए या उन्हें बदलकर नई और सुरक्षित बसों का संचालन किया जाए। इस घटना से यह स्पष्ट हो गया है कि चंबा जिले में सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार की अत्यंत आवश्यकता है। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिम्मेदार अधिकारियों को तुरंत उचित कदम उठाने चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की असुविधाओं और खतरनाक परिस्थितियों से यात्रियों को बचाया जा सके।

## नारा लेखन प्रतियोगिता में पंकु प्रथम

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय चंबा में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस के अवसर पर विद्याधारा एजुकेशन सोसाइटी के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन की शुरुआत डॉ. परणिता गुरदेल ने मुख्य अतिथि, निर्णायकों, अध्यापकों और अतिथियों का सम्मान कर की।

इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, सह-शैक्षणिक गतिविधियों, स्किट और शांति संकल्प का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया ने अपने संबोधन में कहा कि शांति केवल



**चंबा में अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम**

युद्ध का अभाव नहीं, बल्कि हमारे विचारों और व्यवहार में भी झलकनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अहिंसा, सहिष्णुता और प्रेम के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। डॉ. परणिता गुरदेल ने विद्यार्थियों से शांति संकल्प करवाया और समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने का संदेश दिया। निर्णायकों के निर्णय अनुसार भाषण प्रतियोगिता में अदिति को प्रथम, कोइना को द्वितीय और तमन्ना को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। नारा लेखन प्रतियोगिता में पंकु प्रथम, गौरीती द्वितीय और सलीमा व कशिश तृतीय रहीं। विजेताओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन विशेष हिमाचली लोक नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## गांव के लिए सड़क बहाल करने के लिए एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

होली तहसील के अंतिम गांव उरना, सुरेरी व चन्नी के लिए जल्द से जल्द पैदल सड़क बहाल करने के लिए भाजपा मंडल अध्यक्ष होली अशोक राजपूत ने एडीएम भरमौर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि इन गांव में पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण तमाम आने जाने वाले पैदल चलने योग्य रास्ते बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। जिसकी वजह से इन लोगों के लिए एक जगह से दूसरी जगह आना-जाना बहुत ही मुश्किल हो गया है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष होली अशोक राजपूत ने कहा है कि रास्ते ना होने की वजह से यहां के सेब बागवानों का सेब खेतों में व घरों में ही सड़ना शुरू हो गया है।

गौरतलब है अगस्त महीने में हुई भारी बारिश के कारण जनजातीय क्षेत्र भरमौर में रास्तों का बहुत ही ज्यादा नुकसान हुआ है। जिसके कारण कई गांव का संपर्क दूसरी जगह से पूरी तरह कट गया है।



लोगों को राशन वह अपने सेब मंडीयों तक पहुंचाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में भाजपा मंडल अध्यक्ष ने प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पैदल चलने योग्य सड़कों को बहाल करने की मांग की है ताकि यहां के बागवान समय रहते जल से जल्द अपने उत्पादन को मंडीयों तक पहुंचा सके।

उधर इस विषय पर एडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने कहा है गांव में सड़क की बहाली को लेकर एक ज्ञापन उन्हें सौंपा है उसे पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की निर्देश दे दिए गए हैं।

## उपमहापौर माधुरी ने आयुक्त को बताई वार्ड की समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी नगर निगम के वार्ड नंबर-12 भगवाहन में बावड़ियों, रास्तों, शौचालयों व नालों से हो रहे परेशानी को लेकर वार्ड सदस्य व उपमहापौर माधुरी कपूर ने निगम के आयुक्त रोहित राठौर व अन्य अधिकारियों के साथ भ्रमण करके उन्हें ज्वलंत समस्याओं से अवगत करवाया।

इस निरीक्षण में आयुक्त के ध्यान में लाया गया कि डिभा बावड़ी में अक्सर नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। इसे लेकर भी लोग परेशान हैं, जबकि इसका जीर्णोद्धार कार्य पूरा किया जा चुका है। इसी क्रम में ऐतिहासिक जैंचू नौण पैहरू की बांय का भ्रमण किया गया तथा वहां पर पेयजल स्रोत के साथ शौचालय की गंदगी का कड़ा नोटिस लिया गया।

इस दौरान कॉलेज रोड शॉपकीपर एसोसिएशन व स्थानीय लोगों द्वारा एक हस्ताक्षरित ज्ञापन भी आयुक्त को उपमहापौर के माध्यम से दिया गया। इसमें इस गंदगी से छुटकारा दिलाने के लिए इसे बंद करने की मांग उठाई गई। आयुक्त ने हैरानी जताई कि एक पारंपरिक प्राचीन पेयजल स्रोत के साथ शौचालय का होना किसी भी सूरत में सही नहीं है। इस मामले पर गंभीरता से विचार होगा। थनेहड़ा वार्ड में नाले का आतंक, डाकघर मार्ग व चंद्रलोक की गली की टाइलों का उखड़ना भी इस दौरे का एक विषय रहा।

चंद्रलोक गली में ट्रैक्टरों की आवाजाही से नुकसान होने की बात भी सामने आई, जबकि क्षतिग्रस्त डाकघर मार्ग का मामला लोक निर्माण विभाग से उठाने की बात कही। इस दौरान नगर निगम के सहायक अभियंता नरेश कुमार भी साथ रहे। उपमहापौर ने बताया कि वार्ड की सभी ज्वलंत समस्याओं को लेकर आयुक्त रोहित राठौर को मौके पर अवगत करवा दिया गया है और उन्होंने गंभीरता से विचार करके हल करने का भरोसा दिलाया है।

## चंदेश में लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमाचल प्रदेश राज्य सह बैंक शाखा चंदेश द्वारा स्थानीय ग्राम पंचायत चंदेश में नबार्ड के सौजन्य से एक वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन शाखा प्रबंधक कुलदीप कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस शिविर में जन साधारण को आय, व्यय, बजट, बचत, ऋण, बीमा, निवेश, पेंशन, वित्तीय योजना, डिजिटल लेनदेन, एटीएम, आरटीजीऐस., यूपीआई, आईएमपीएस आदि विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

बैंक धोखाधड़ी से बचने के भी उपाय बताए गए। इस शिविर के माध्यम से विभिन्न प्रधानमंत्री बीमा योजनाओं जैसे सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा, अटल पैंशन योजना की जानकारी के साथ साथ बचत एवं ऋण संबंधित योजनाएं भी बताई। इस शिविर में स्थानीय पंचायत के लगभग 48 लोगों ने भाग लिया।

### गुलजार शेख बने तीसा कॉलेज कैंपस अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के अंतर्गत आने आने वाले विधानसभा क्षेत्र चुराह में मात्र एक कॉलेज तीसा का अध्यक्ष नियुक्त होने पर गुलजार शेख ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश के लोकनिर्माण युवा मंत्री विक्रमादित्य सिंह एवं एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष टोनी ठाकुर एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा एवं चुराह विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार भारद्वाज व पूर्व राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष दिलदार अल्ली बट्ट एवं विधानसभा क्षेत्र चुराह के पूर्व प्रत्याशी एवं चुराह कांग्रेस नेता यशवंत खन्ना का आभार एवं धन्यवाद करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे मिली है मैं उसका ईमानदारी से और लगन से निर्वहन करूंगा।

उन्होंने कहा कि छात्र संगठन से मैंने जो शुरुआत की है उसको आगे जारी रखा जाएगा इसके साथ गुलज़ार शेख ने कहा की मैं छात्र हित की लड़ाई पहले की तरह अब भी लड़ता रहूंगा जिस भी परिस्थिति में संगठन द्वारा भेजा जाएगा, हर समय संगठन के लिए समर्पित रहूंगा।

## प्रदेश सरकार के संरक्षण में भ्रष्टाचार का अड्डा बना कांगड़ा सेंट्रल बैंक : युद्ध चंद बैंस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



मंडी जिला की बल्हघाटी नलसर के पूर्व कांग्रेसी नेता एवं होटल व्यवसायी युद्धचंद बैंस ने आरोप लगाया कि कांगड़ा सैंट्रल बैंक भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। जिसे प्रदेश सरकार विशेषकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का संरक्षण प्राप्त है। मंडी में पत्रकारों से बात करते हुए युद्धचंद बैंस ने मुख्यमंत्री और उनके सहयोगियों पर संगीन आरोप लगाते हुए कहा कि आमतौर पर सहकारी बैंक सहकारिता विभाग के साथ अटैच होते हैं। मगर कांगड़ा सेंट्रल बैंक को मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग के साथ अटैच किया है। जिसको मुख्यमंत्री हैड करते हैं।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा सैंट्रल बैंक के माध्यम से लोगों की संपतियां हड़पने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि मैंने मनाली में टाटा के चेयरमैन सायरस टाटा से संपत्ति खरीदी है। उस पर होटल बनाने के लिए कांगड़ा सैट्रल बैंक से 65 करोड़ 15 लाख रुपए का लोन स्वीकृत हुआ था। लेकिन बैंक के भ्रष्ट अधिकारियों की नजर मेरी उस संपत्ति पर थी। जिसके चलते उन्होंने उनका लोन घटाकर 39 करोड़ कर दिया। उन्होंने कहा कि कोविड के चलते काम रोकना पड़ा था। इसके बाद बैंक की ओर से आरबीआई की गाइड लाइन की अनदेखी कर दुरुपयोग का आरोप लगाकर उनका खाता फ्रॉड डिक्लेयर कर दिया। युद्धचंद बैंस ने कहा कि उनकी ओर से दिए गए यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट को बैंक की ओर से फ्रॉड करार देकर उनकी संपति अधिग्रहण कर ली। जिसको लेकर वे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से चंडीगढ़ में हयात होटल में मिले। वहां पर उनके राजनीतिक सलाहकार रामकुमार चौधरी, सुनील शर्मा के माध्यम से कहा गया कि मेरा काम हो जाएगा, लेकिन पार्टी फंड के रूप में पचास लाख रुपए देने होंगे। बैंस ने बताया कि ईडी से केस वापस लेने के लिए उन पर दबाव डाला गया और कैबिनेट का दर्जा देकर किसी विभाग या निगम की चेयरमैनी देने का भी प्रलोभन दिया गया। जब मैं नहीं माना तो मुझ पर झूठी एफआईआर दायर कर दी गई। चार महीने तक विजिलेंस थाना में पूछताछ करते हुए परेशान किया गया।

### पैन ड्राइव में छुपे हैं राज

**बैंस** ने पत्रकार वार्ता के दौरान एक पैन ड्राइव दिखाते हुए कहा कि इसमें कई राज छुपे हुए हैं। इसकी एक कॉपी उन्होंने अपने वकील को सौंप रखी है। समय आने पर इसे ईडी को सौंपा जाएगा।

**समाधान** आपदा प्रभावित परिवारों से मिले कुलदीप सिंह पठानिया, कहा-

## निर्माण कार्यों में 300 करोड़ व्यय होने का अनुमान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज विधानसभा क्षेत्र भटियात के अंतर्गत आपदा प्रभावित क्षेत्र भराड़ी, बनुई, बाईलाहड और बलेरा में लोगों से मिले और प्रभावित परिवारों का कुशल क्षेम जाना तथा प्रभावित परिवारों की समस्याओं को सुना।

उन्होंने आपदा प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि क्षेत्र के प्रमुख संपर्क मार्ग सांझी नाला-लाहडू -चुवाड़ी-ददरियाडा- पातका तथा लाहडू-तुनूहट्टी संपर्क मार्ग के उन्नयन तथा सुदृढ़ीकरण कार्यों को आपदा न्यूनीकरण कार्यों के अंतर्गत शामिल किया जाएगा तथा इसे वर्ल्ड बैंक के माध्यम से वित्त पोषित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभागीय आकलन के अनुसार इस संपर्क मार्ग के उन्नयन कार्य तथा विभिन्न नालों पर पुलों आदि के निर्माण पर लगभग 300 करोड़ व्यय होने का अनुमान है।



उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के प्रवास के दौरान राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए 1500 करोड़ रुपये रुपए देने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जल्द इस राशि को उपलब्ध करवाया जाना चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान लोगों से संवाद करते हुए कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदा प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिया कि प्रदेश सरकार संकट की इस घड़ी में प्रत्येक प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित बनाया जा रहा है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को राहत एवं पुनर्वास कार्यों में और अधिक गति लाने तथा क्षतिग्रस्त आधारभूत ढांचे की शीघ्र बहाली सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि राज्य सरकार विशेष आपदा राहत के अंतर्गत प्रभावित परिवारों को पूरी तरह क्षतिग्रस्त घर के लिए 7 लाख रुपये, आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घर के लिए 1.25 लाख रुपये, घरेलू सामान के लिए 70 हजार रुपये और भूमि के नुकसान के लिए 50 हजार रुपये उपलब्ध करवा रही है।

विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान स्वामी श्री हरी गिरी संन्यास आश्रम ककीरा में पूजा अर्चना की और लोगों की सुख समृद्धि की भी कामना की। उन्होंने इस दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका मौके पर ही समाधान किया। इस दौरान एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज, एसडीएम चुवाड़ी पारस अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## नगर निगम मंडी के कर्मचारियों ने ओपीएस लागू करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नगर निगम मंडी के कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की और इसके तत्काल क्रियान्वयन की मांग को लेकर महापौर को ज्ञापन सौंपा।

नगर निगम कर्मचारी महासंघ, मंडी के अध्यक्ष हरीश कुमार शर्मा एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदन ठाकुर ने एक संयुक्त प्रेस वार्ता में इस मुद्दे को गंभीर बताया। नेताओं ने जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अप्रैल 2023 में ओपीएस को बहाल करने की अधिसूचना जारी की जा चुकी है, लेकिन नगर निगम मंडी में अब तक इसे लागू नहीं किया गया है। इस देरी के कारण कर्मचारियों में भारी असंतोष है और यह आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा से मुलाकात कर ओपीएस से संबंधित ज्ञापन सौंपा। सरकार की अधिसूचना के ढाई वर्ष बीत जाने के बावजूद स्थानीय निकाय द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत अन्हेच में बनने वाले विश्राम गृह के ऊपर, छत डालने के लिए, निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं । जिसमें लोहे की चादर, एंगल,पती,अल्युमिनियम, और कांच के शीशे के साथ, वेल्डिंग वर्क का कार्य भी किया जाना है। उपरोक्त कार्य करने के इच्छुक अपने रेट बंद लिफाफे में, ग्राम पंचायत अन्हेच के कार्यालय में 24 सितंबर से पहले जमा कर दें।

**प्रधान /सचिव**
**ग्राम पंचायत अन्हेच।**
98166 99793

**जब** तक जीना, तब तक सीखना। अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है। – **स्वामी विवेकानंद**

## संपादकीय

# गहरी होती नशे की जड़ें

हिमाचल के कांगड़ा जिले के जसौर गांव में जिस तरह से हाइब्रिड भांग की खेती का मामला उजागर हुआ है, वह इस बात का साफ संकेत है कि नशे का कारोबार अब कितनी गहराई तक पहुंच चुका है। घर के भीतर गमलों में बिना सूरज की रोशनी के वैज्ञानिक तकनीक से भांग उगाना और उसे सुखाकर बाजार में बेचने की तैयारी करना बताता है कि नशा माफिया किस तरह नए-नए तरीके इजाद करके अपने काले कारोबार को आगे बढ़ा रहे हैं। पुलिस ने गुप्त निगरानी के बाद जिस शख्स को गिरफ्तार किया है, उसके पास से न केवल पौधे और तैयार खेप मिली है, बल्कि विदेशी करंसी भी बरामद हुई है।

यह साफ दिखाता है कि आरोपी का नेटवर्क सीमाओं से परे जा चुका था और वह विदेशी ग्राहकों को टारगेट कर रहा था। इस घटना से यह भी स्पष्ट हो जाता है कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस या प्रशासन के बस की नहीं है। यह एक सामाजिक लड़ाई है, जिसे हर व्यक्ति को लड़ना होगा। जब तक समाज नशे को बुराई मानकर उससे दूरी नहीं बनाएगा, तब तक इस गंदे कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाना मुश्किल है। आज हालत यह है कि हिमाचल प्रदेश की पहचान भी नशे की गिरफ्त में आने लगी है। चिट्टा हो, अफीम हो या फिर भांग की तस्करी-हर तरह का नशा आज यहां अपनी जड़ें जमा चुका है। पुलिस हर रोज कहीं न कहीं से खेप पकड़ रही है, लेकिन यह पकड़ जितनी बड़ी लगती है उतना ही बड़ा सवाल भी खड़ा करती है कि आखिर यह खेप प्रदेश में आती कहां से है और इतनी आसानी से फैलती क्यों जा रही है? नशे के खिलाफ लोगों की सोच में बदलाव न होने तक यह लड़ाई अधूरी ही रहेगी।

आजकल एक और प्रवृत्ति यह बन चुकी है कि युवा बिना मेहनत के अमीर बनने के सपने देखने लगते हैं। नौकरी, पढ़ाई, व्यवसाय या हुनर में समय लगाने के बजाय वे शॉर्टकट तलाशते हैं और नशे का कारोबार उन्हें तेज कमाई का रास्ता दिखाता है। उन्हें लगता है कि वह इस धंधे से रातोंरात अमीर हो जाएंगे, मगर वह यह भूल जाते हैं कि इस रास्ते का अंत जेल, बदनामी और बर्बादी से ही होता है। जिस शख्स को कांगड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उसकी भी यही कहानी है। शायद अगर उसने अपने दिमाग और मेहनत को किसी अच्छे काम में लगाया होता, तो आज वह समाज में सम्मानित होता, मगर अब उसका नाम नशा तस्करी से जुड़कर उसके परिवार और गांव तक को बदनाम कर गया है।

इस घटना से जुड़े कुछ गंभीर सवाल भी हमारे सामने हैं। क्या पुलिस और प्रशासन के पास नशा माफिया की गतिविधियों को पहले से पकड़ने और रोकने के लिए पर्याप्त संसाधन और तकनीक मौजूद हैं? समाज खुद कब जागेगा और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देगा? अक्सर लोग नशा कारोबार के बारे में जानते तो हैं, लेकिन डर, लापरवाही या हमें क्या लेना-देना वाली मानसिकता के कारण चुप रहते हैं। इसी चुप्पी का फायदा उठाकर माफिया और ज्यादा ताकतवर बनते जाते हैं। जरूरी यह है कि नशे के खिलाफ एक सामूहिक जनांदोलन खड़ा किया जाए। स्कूलों, कॉलेजों और गांवों में जागरूकता अभियान चलाने होंगे। युवाओं को समझाना होगा कि नशा न केवल उनकी सेहत और भविष्य को बर्बाद करता है, बल्कि उनके पूरे परिवार को भी शर्मिंदगी और दुख में डाल देता है।

समाज को भी यह समझना होगा कि अगर उनके आसपास कोई संदिग्ध गतिविधि हो रही है तो उसे छिपाना नहीं चाहिए, क्योंकि इससे अपराधियों की मदद होती है। पुलिस ने जसौर गांव के मामले में शानदार काम किया है और पूरे नेटवर्क को उजागर करने की दिशा में कदम बढ़ाया है, लेकिन अकेली पुलिस कितनी भी कोशिश करे, जब तक आम लोग सहयोग नहीं करेंगे, तब तक नशा पूरी तरह खत्म नहीं होगा। सरकार को भी चाहिए कि नशे के खिलाफ सिर्फ कानूनी कार्रवाई पर ही नहीं, बल्कि सामाजिक सुधार पर भी ध्यान दे। खेल, रोजगार और शिक्षा के अवसर बढ़ाकर युवाओं को सही दिशा दिखानी होगी, क्योंकि जब तक युवाओं के पास काम और लक्ष्य नहीं होगा, तब तक वे गलत राह पर भटकने की संभावना रखते हैं।

इस घटना ने एक बार फिर हिमाचल के सामने सच्चाई रख दी है कि नशे की जड़ें अब घर-घर तक पहुंच चुकी हैं। हाइब्रिड भांग की खेती करना, वह भी घर के भीतर, कोई सामान्य बात नहीं है। यह साफ बताता है कि माफिया तकनीक और पैसे दोनों का इस्तेमाल कर रहे हैं और उनका नेटवर्क केवल स्थानीय नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैला हुआ है। ऐसे में जरूरी है कि इस खतरे से लड़ने के लिए एकजुटता दिखाई जाए। नशा केवल कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक बीमारी है।

इसका इलाज केवल गिरफ्तारियों से नहीं, बल्कि जागरूकता, शिक्षा और सामूहिक प्रयासों से होगा। जसौर गांव की घटना हम सबको चेतावनी देती है कि अगर अब भी नहीं जागे तो शायद आने वाले समय में नशा हिमाचल की पहचान बनकर रह जाएगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे बच्चे इस गंदे कारोबार से मुक्त रहें। इसके लिए हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी और पुलिस-प्रशासन का सहयोग करना होगा। तभी वह दिन आएगा जब हम गर्व से कह सकेंगे कि हिमाचल ने नशे की इस बुराई को जड़ से उखाड़ फेंका है। ■


## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी और पंजाबी फिल्मों के भारतीय अभिनेता



**प्रेम चोपड़ा**
**जन्म :** 23 सितंबर, 1935

**प्रेम** चोपड़ा हिंदी और पंजाबी फिल्मों के भारतीय अभिनेता हैं। प्रेम चोपड़ा ज्यादातर फिल्मों में खलनायक का अभिनय करते हैं। वर्ष 1973 में आई फिल्म 'बॉबी' प्रेम चोपड़ा के सिनेमा करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुई थी। भारतीय सिनेमा के पहले शोमैन राजकपूर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में वह एक मवाली गुंडे की एक छोटी-सी भूमिका में दिखाई दिए थे। इस फिल्म में उनका बोला गया यह संवाद 'प्रेम नाम है मेरा, प्रेम चोपड़ा' दर्शकों के जहन में आज भी ताजा है। प्रेम का जन्म लाहौर, पंजाब, (अब पाकिस्तान) में हुआ था। प्रेम को भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध खलनायक के रूप में जाना जाता है। इनके पिता का नाम रणबीरलाल तथा माता रूपरानी चोपड़ा हैं। प्रेम के पिता सरकारी कर्मचारी थे। प्रेम की शादी राजकपूर की पत्नी कृष्णा की बहन उमा से हुई हैं। जाने-माने राइटर और डायरेक्टर लेख टंडन प्रेम के पास इस विवाह का प्रस्ताव लाए थे। उमा और कृष्णा भारतीय सिनेमा एक्टर रही हैं। उमा और कृष्णा राजेंद्र नाथ और प्रेम नाथ की बहने हैं। 1976 में आई फिल्म 'दो अनजाने' के लिए प्रेम चोपड़ा को सहायक अभिनेता के तौर पर फिल्म फेयर अवॉर्ड भी दिया गया। ■



कविता

### चांद कहां खो गया

वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन, ऊना (हिमाचल प्रदेश)

***चांद** अपनी चांदनी को लुटाता, सब को अपनी ओर लुभाता।*
*अपने आप पर सदा इतराता, खो गया है यहीं कहीं......*
*चारों ओर घनघोर अंधकार, ढूंढ रहा चांदी की रश्मियां।*
*नृत्य करतीं ओस की बूंदें, टपक-टपक रहीं पुकार।*
*अरे मुसाफिर! यह जीवन है, रोशन व अंधकार का मेल।*
*पथ पथिक की यह है रेल, चांद खो गया तो क्या हुआ।*
*जीवन खत्म हो गया क्या, यह तो है एक तुच्छ सोच।*
*नहीं है इसका कोई यहां जोड़-घटाव।*
*कोई आएगा कोई जाएगा भी यहां से, छट जाएगा अंधकार।*
*मिलेगा जीवन आधार, हरेक का अपना अस्तित्व, चांद-अंधकार हैं पूरक।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# धनाभाव से जूझता भारतीय समाज का उपेक्षित वर्ग





**रामलाल पाठक**
स्वतंत्र लेखक

समाज में एक ऐसा उपेक्षित वर्ग है जो दशकों से धनाभाव से जूझ रहा है। नियमित आय का साधन न होने के कारण मेहनत मजदूरी से अपने परिवार का पालन-पोषण करने वाले ऐसे व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार हेतु न तो उसे सरकारी नौकरी ही मिली और न ही सरकार की ओर से कोई विशेष अनुदान मिला। इस कारण यह वर्ग निरंतर गरीबी के जंजाल में जकड़ता ही जा रहा है। कड़ी मेहनत करके बड़ी मुश्किल से उस व्यक्ति ने परिवार के लिए दो जून की रोटी का जुगाड़ किया। अपने नाते रिश्तेदारों से कर्ज लिया तथा परिवार को रहने के लिए दो कमरों का छोटा सा पक्का मकान बना लिया। उस परिवार की रोजमर्रा की जिंदगी कैसे चल रही है। यह मुखिया को ही पता है, लेकिन सरकार की नजर में वह गरीब नहीं है।

उसका पक्का मकान तो दिख गया, लेकिन यह किसी को नहीं दिख रहा है कि उसने यह सब किन-परिस्थितियों में किया। सरकार द्वारा निर्धारित मापदंड के चलते ऐसे परिवार को आईआरडीपी की (गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले परिवार) सूची में भी शामिल नहीं हो पाते।

मकान पर कितना कर्ज हो गया तथा उसे वापस कैसे करना है? यह चिंता उसे दिन रात कचौटती रहती है। उसकी वित्तीय स्थिति हमेशा ही खराब रही है। ऐसा परिवार की सरकार की कल्याणकारी योजना की जटिल प्रक्रिया के कारण उसका लाभ भी नहीं ले पाता। इसलिए ऐसा व्यक्ति अपनी और अपने परिवार की जिंदगी तंगहाली में ही व्यतीत करता है। धनाभाव से ग्रस्त परिवार के लिए पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह ने अपने शासनकाल में यह योजना बनाई थी कि जिस परिवार का कोई सदस्य सरकारी नौकरी पर नहीं था। उसके एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इसके लिए प्रक्रिया भी शुरू हो गई थी। उस समय एसडीएम या तहसीलदार के माध्यम से ऐसे प्रमाण पत्र भी बनने शुरू हो गए थे कि उक्त परिवार का कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी पर नहीं है। इस दौरान ऐसा भी हुआ कि कुछ प्रभावशाली लोगों ने अपने बच्चों को परिवार से अलग करके उनके भी इस तरह के प्रमाण पत्र बनवा लिए थे। अधिकारियों के उदासीन रवैए के चलते यह योजना किसी मकसद पर पहुंचने से पहले ही दम तोड़ गई। कुछ लोगों को जरूर इसका लाभ मिला, लेकिन एक बहुत बड़ा वर्ग इससे भी वंचित रह गया। जनता पार्टी के 1977 के शासनकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री शांता कुमार ने अंत्योदय योजना की शुरुआत की। इससे निर्धन वर्ग को काफी लाभ मिला था।

शांता कुमार सख्त मिजाज के मुख्यमंत्री रहे। इसलिए अंत्योदय योजना के लिए परिवारों का चयन बड़ी पारदर्शिता से हुआ था। उस समय प्रदेश की आर्थिक स्थिति ठीक थी तथा आज की तरह बेरोजगारी भी नहीं थी। कर्मचारियों के इतने अधिक वेतन नहीं थे। उस समय बहुत से युवाओं को सरकारी क्षेत्र में रोजगार मिला। उस समय अन्न का भी काफी संकट था। आम लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा अनाज खरीदने में लग जाता था। उस समय अनाज भी सस्ता हो गया था। समाज में रह रहा यह वर्ग अपने रीति-रिवाजों को बड़ी मुश्किल से निभा रहा है। वह भाईचारे के साथ चल रहा है। उसे अपने बच्चे पढ़ाने होते हैं। उसके बाद उन्हें किसी छिटपुट प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण के लिए भेजना होता है। इसके बाद धनाभाव में जी रहे उस व्यक्ति के बच्चे शिक्षित-प्रशक्षित होने के बाद बेरोजगारी की लंबी लाइन में लग जाते हैं।

बड़ी कोशिश करने के बाद उन्हें निजी क्षेत्र में घर से दूर मुश्किल से दस-बारह हजार की नौकरी मिल पाती है। वहां उन्हें किराये के कमरे में रहना पड़ता है। खाने-पीने पर भी खर्च होता है। कुल मिलाकर उनके पास कुछ भी नहीं बच पाता। यही नहीं मां-बाप को समय रहते उनके शादी-व्याह भी करने पड़ते हैं।

इस पर लाखों रुपए खर्च होते हैं। यही नहीं यदि परिवार में किसी की मृत्यु हो जाती है। उसका भी विधि-विधान से किरया-कर्म करना पड़ता है। साठ वर्ष की आयु पार करने पर व्यक्ति का शरीर भी जबाव देने लगता है तथा पाई-पाई करके जोड़ी उसकी सारी संपत्ति भी समाप्त हो जाती है। भाजपा की पूर्व जयराम सरकार के शासनकाल में सरकारी क्षेत्र में भले ही कुछ रोजगार मिले हो, लेकिन उन्होंने साठ वर्ष की आयु पर कर चुके बुजुर्गों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन की निर्धारित शर्तों को सरल बनाया। इससे सरकारी एवं अर्द्ध-सरकारी नौकरियों में न रहे लोगों को कुछ राहत मिली। इसके लिए सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं आयकर दाता इसका पात्र नहीं था। सहत्तर वर्ष की आयु पर कर चुकी सभी बुजुर्ग महिलाओं को सामाजिक पेंशन के दायरे में लाया गया।

साठ वर्ष की आयु पार कर चुके पात्र बुजुर्गों को भले ही थोड़ा फायदा मिला, लेकिन उन्हें एक हजार रुपए मासिक पेंशन मिलनी शुरू हो गई। कांग्रेस की सुक्खू सरकार का अढ़ाई साल का शासनकाल पूरा हो गया, लेकिन बुजुर्ग पुरुषों की पेंशन अब भी एक हजार रुपए मासिक है। वह भी नियमित रूप से नहीं मिल रही। दूसरी कुछ राहत केंद्र की मोदी सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से मिली है। इससे बुजुर्ग किसानों को हर माह की पांच सौ रुपए की राशि मिल रही है। अक्सर ऐसा होता रहा है कि जो व्यक्ति सरकारी नौकरी पर नहीं होता। उसके बच्चे अच्छे संस्थान में प्रशिक्षण नहीं ले पाते हैं। इसलिए उन्हें अच्छी नौकरी भी नहीं मिल पाती। नतीजतन उन्हें भी पैसा कमाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त पेंशनभोगी जैसे-तैसे अपने परिवार का गुजारा कर लेता है, लेकिन जो व्यक्ति सरकारी या अर्द्ध सरकारी नौकरी में न रहा हो उसे पहले भी मुश्किल थी तथा बाद में भी वही स्थिति रहती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

नजरिया

# क्या यूपीएस कर्मचारियों के लिए वाकई लाभदायक है?



**शिवालिक अवस्थी**
शीला चौक, धर्मशाला, कांगड़ा





अधिकांश लोगों की मनोवृत्ति सरकारी नौकरी के चयन हेतु शीर्ष पर रहती है। कारण, हल्के-फुल्के या यूं कहें तो बिना किसी दबाव के समयानुसार अपने कार्य को पूर्ण करने की आजादी। न ज्यादा तनाव और न ही रोजाना के टार्गेट्स। यहां तक कि सरकारी नौकरी को समाज में ज्यादातर प्रतिष्ठित नौकरी समझा जाता है और मुख्य बात यह है कि सरकारी नौकरी को सामाजिक एवं वित्तीय सुरक्षा प्रदान की जानी वाली नौकरी माना गया है।

जिसमें कर्मचारियों को पेंशन प्रदान करना एक मुख्य उदाहरण है। जी हां, पेंशन, जो हर वर्ग के कर्मचारी को सेवानिवृत्त उपरांत एक आर्थिक बल प्रदान करती है। भारत में भी सदियों से हर वर्ग के कर्मचारियों को सरकार की ओर से पेंशन की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिसमें केंद्र और राज्य के कर्मचारियों को नियमानुसार पेंशन योजना के अंतर्गत सुविधा दी जा रही है। परिवार के लिए पेंशन की महत्ता कितनी है यह सेवानिवृत्ति उपरांत ही पता चलता है, जब उक्त कर्मचारी की आर्थिक स्थिति मात्र पेंशन पर निर्भर होती है। इसलिए सरकार को पेंशन पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

पेंशन का एक ही रूप जो कर्मचारियों के हित में हो, लाकर सबके सामने प्रस्तावित करना चाहिए, जिससे कर्मचारी वर्ग को पेंशन की रूपरेखा समझने में आसानी हो सके।

बहरहाल, आज हम पेंशन की बात इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि केंद्रीय सरकार ने कर्मचारियों के लिए यूपीएस यानी यूनिफाइड पेंशन स्कीम के चयन करने की तारीख 30 सितंबर 2025 तक बढ़ा दी है। जी हां, यूपीएस जो देश में 01 अप्रैल 2025 से लागू की गई थी। कर्मचारियों को उसके चयन की तारीख अब सरकार द्वारा बढ़ा दी गई है। जानकारी के मुताबिक यह तारीख इसलिए बढ़ानी पड़ी, क्योंकि यूपीएस के चयन हेतु अभी तक काफी कम कर्मचारियों द्वारा रुचि दिखाई गई है। एक ओर कर्मचारी जहां ओपीएस यानी ओल्ड पेंशन स्कीम की पैरवी काफी पहले से करते नजर आते रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर यूपीएस के चयन में इनकी दिलचस्पी कम आंकी जा रही है। एनपीएस यानी नेशनल पेंशन स्कीम में तब्दील किए गए कर्मचारी यूपीएस में जाने से गुरेज कर रहे हैं। यहां पर सभी कर्मचारियों की बात नहीं की जा रही है, लेकिन जो प्रतिशत निकल कर सामने आया है, उससे तो यही प्रतीत होता है कि कुछ कर्मचारियों की यूपीएस में जाने की कोई मनोदशा फिलहाल नहीं है। हालांकि निकट भविष्य में यह आंकड़ा कितना बदलता है इस पर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। आइए अब विस्तार से ओपीएस, यूपीएस और एनपीएस, के विषय में प्रकाश डालने का प्रयास करते हैं। सबसे पहले हम जिस मुद्दे की बात करेंगे वह है यूपीएस, क्योंकि अभी कुछ समय पहले ही सरकार ने कर्मचारियों के लिए यूपीएस को चुनने की तारीख 30 सितंबर तक बढ़ा दी है। जानकारी के अनुसार लगभग 24 लाख कर्मचारियों में से कुल 40,000 कर्मचारियों ने ही अभी तक यूपीएस के चयन की स्वीकृति दी है। बहरहाल, अब देखना यह होगा कि ओपीएस और एनपीएस का मिश्रित यानी यूपीएस राजकोष पर कितना असर डालता है और कितना कारगर साबित होता है और मुख्य बात कि कर्मचारी यूपीएस के साथ कितना चलते हैं यह निकट भविष्य में ज्ञात हो ही जाएगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**सर्द** मौसम में ठंड से बचाव के लिए विशेष सावधानियां रखनी होगी। सबसे पहले गर्म कपड़े जैसे स्वेटर, जैकेट, टोपी और मोजे पहनना जरूरी है, ताकि शरीर का तापमान बना रहे। सुबह-शाम बाहर निकलते समय खुद को अच्छे से ढकें। ठंडे पानी से बचें और गुनगुना पानी पीने और नहाने के लिए इस्तेमाल करें। खानपान में गरम और पौष्टिक चीजों को शामिल करें, जैसे सूप, ड्राई फ्रूट्स, हल्दी वाला दूध आदि। नियमित व्यायाम करें ताकि शरीर सक्रिय रहे। बुजुर्गों और बच्चों को विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। हीटर का प्रयोग सावधानी से करें ताकि दम घुटने या आग लगने का खतरा न हो। सर्दी में खुद को स्वस्थ और सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है।

**प्यारे लाल, धर्मशाला**

# महिलाएं भारत की मौन शक्ति, जो हमें भविष्य की ओर ले जा रही हैं





**डॉ. किरण मजूमदार-शॉ**
उद्यमी और बायोकॉन की संस्थापक

जब हम अपने प्रधानमंत्री के जीवन के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, तो हमें उनकी यह प्रतिज्ञा याद आती है कि महिलाओं की पूरी भागीदारी के बिना भारत एक विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता। उनका 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान एक गहरी सच्चाई को दर्शाता है' अगर मां स्वस्थ रहती है तो पूरा घर स्वस्थ रहता है। अगर मां बीमार पड़ जाती है, तो पूरा परिवार बिखर जाता है।

**भारत की विकास गाथा के केंद्र में महिलाएं :** महिलाएं सिर्फ इस यात्रा की भागीदार नहीं हैं, बल्कि इसकी असली संवाहक हैं। प्रयोगशालाओं, अस्पतालों, खेतों और बायोटेक स्टार्ट-अप्स में उनके मौन, लेकिन प्रभावशाली कार्य हमारे भविष्य को गढ़ रहे हैं। उन 10 लाख आशा कार्यकर्ताओं के बारे में सोचें, जो भारत की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं, जो अकसर प्रकोप के दौरान सबसे पहले मदद पहुंचाती हैं या फिर आईसीएमआर, एनआईवी और एम्स की महिला वैज्ञानिकों पर विचार करें, जिन्होंने 2020 में SARS-CoV-2 वायरस को अलग करने में मदद की और भारत के स्वदेशी टीकों का मार्ग प्रशस्त किया, जिसके कारण दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान में 2 अरब से अधिक टीकाकरण किए गए। भारत की 62.9% महिला कार्यकर्ता कृषि में हैं, और अब इनमें से कई को सूखा-रोधी व फसल सुरक्षा जैसे बायोटेक समाधान अपनाने का प्रशिक्षण दिया गया है।

**नीतिगत और संस्थागत समर्थन:** महिलाओं की क्षमता को उभारने में सरकारी पहल निर्णायक रही हैं। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' से लेकर 'मिशन शक्ति' तक, संसद में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने वाला ऐतिहासिक 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम हो, या प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड-अप इंडिया और जन धन योजना के जरिए आर्थिक सशक्तिकरण- महिला-प्रधान विकास की मजबूत रूपरेखा तैयार हो चुकी है। 54 करोड़ से अधिक जन धन खाते खोले गए हैं, जिनमें लगभग 56% खाते महिलाओं के हैं। वित्तीय समावेशन का ऐसा स्तर दुनिया भर में शायद ही कभी देखा गया हो। 3 मुद्रा योजना के तहत 43 करोड़ ऋणों में से लगभग 70% ऋण महिला उद्यमियों को दिए गए हैं।

**विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार-वैश्विक संदर्भ में भारत :** विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारतीय महिलाएं सचमुच सितारों तक पहुंच रही हैं। इसरो में महिलाओं ने चंद्रयान-2 और मंगलयान जैसी मिशनों में निदेशक की भूमिका निभाई, जिससे भारत की अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उभरती छवि सामने आई। महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत, एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी के मामले में दुनिया में अग्रणी है। भारत में 43% एसटीईएम स्नातक महिलाएं हैं, जबकि अमेरिका में 34%, यूरोपीय संघ में 32% और ओईसीडी देशों में औसतन 33% फिर भी, वैज्ञानिक संस्थानों में केवल 19% वैज्ञानिक, इंजीनियर और टेक्नोलॉजिस्ट ही सीधे अनुसंधान और विकास से जुड़े हैं, जिससे यह जरूरी हो जाता है कि शिक्षा में मिली सफलता को कार्यस्थलों पर भी प्रतिनिधित्व में बदला जाए। सरकार के बायोकेयर (BioCARe) और वाइज किरण (WISE-KIRAN) जैसे कार्यक्रमों ने करियर ब्रेक के बाद लौटीं महिला वैज्ञानिकों को फिर से नवाचार शुरू करने का अवसर दिया है। हाल ही में बीआईआरएसी ने 75 से अधिक महिला बायोटेक उद्यमियों को सम्मानित किया, जो नई पीढ़ी की महिला नेतृत्व का संकेत है।

**भविष्य की ओर अग्रणी महिलाएं :** विज्ञान-आधारित विकास का भविष्य उन महिलाओं द्वारा गढ़ा जाएगा जो जीनोमिक्स, मॉलिक्युलर डायग्नोस्टिक्स, बायोलॉजिक्स और सटीक उपचार को आगे बढ़ाएंगी। वे जैव प्रौद्योगिकी आपूर्ति श्रृंखलाओं, नियामक पारिस्थितिकी प्रणालियों और जमीनी स्तर के स्वास्थ्य वितरण नेटवर्क का नेतृत्व करेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि किफायती चिकित्साएं दूर-दराज के गांवों तक भी पहुंचें। एक गैराज लैब से लेकर एक वैश्विक बायोलॉजिक्स कंपनी बनाने तक की मेरी अपनी यात्रा ने मुझे सिखाया है कि नवाचार केवल बोर्डरूम में ही जन्म नहीं लेता।

**भारत के लिए एक अहम मोड़:** जैव प्रौद्योगिकी क्रांति, स्वास्थ्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा बनाए रखने और अंतरिक्ष व डिजिटल तकनीक के नए आयाम आने वाले दशकों में भारत की प्रगति को परिभाषित करेंगे।

**आह्वान:** अब समय आ गया है कि सभी क्षेत्रों में नेतृत्व यह सुनिश्चित करे कि महिला वैज्ञानिक, नर्सें, स्वास्थ्यकर्मी और उद्यमी पूरी तरह से दिखाई दें, उन्हें पर्याप्त संसाधन मिलें और वे पूरी तरह सशक्त हों। जब ऐसा होगा, तो भारत न केवल अपना वादा पूरा करेगा, बल्कि दुनिया की उम्मीदों से भी आगे बढ़ जाएगा, क्योंकि हम सभी द्वारा निर्मित और महिलाओं के नेतृत्व वाला भविष्य अजेय होगा।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

# नफरत की आग में झुलसते खूनी रिश्ते एक खौफनाक त्रासदी





**नरेंद्र भारती**
स्वतंत्र लेखक

आधुनिक समाज में खूनी रिश्तों में इतनी नफरत बढ़ रही है कि नफरत की आग में रिश्ते झुलसते जा रहे हैं और रिश्तों का कत्लेआम व नरसंहार हो रहा है। रिश्तों का कत्लेआम, समाज के लिए अशुभ संकेत है। देश में प्रतिदिन ऐसे हत्याकांड होते जा रहे हैं। विश्व विख्यात देवभूमि हिमाचल के हमीरपुर के भोरंज में एक कलयुगी बेटे ने पैंसों की खतिर प्रेस से सिर हमला करके अपनी मां को मौत के घाट उतार दिया।

आरोपी ने पहले पुलिस को गुमराह किया, लेकिन बाद में सच कबूल कर लिया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पिछले महीने कांगड़ा में धर्मशाला की सुधेड़ पंचायत के तरैला गांव में एक नाबालिग बेटे ने बाप को गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था।

इस हत्याकांड से हर हिमाचली खौफ में हैं यह प्रलय की आहट है। समाज का यह विकृत चेहरा बेहद भयानक है यदि समय रहते इस पर रोक न लगाई तो आने वाला कल निश्चित रूप से घातक सिद्ध होगा। रिश्तों की डोर ढीली पड़ती जा रही है। आज का इंसान माया के कारण इतना अंधा हो गया है कि रिश्तों की अहमियत भूलता जा रहा है। अपनों के खून से ही अपने हाथ रंग रहा है। आज रिश्तों की परिभाषा बदलती जा रही है। रिश्तों में पाश्विकता आ गई है। आज भेड़ बकरियों की तरह एक दूसरे का खून बहाया जा रहा है। यह बहुत ही लज्जाजनक है कि बेटे मां-बाप के खून के प्यासे हो रहे हैं।

आज जर, जोरू, जमीन के कारण रिश्तों का कत्लेआम हो रहा है, जायदाद के लिए बेटे मां-बाप को मौत के घाट उतार रहे हैं। सहनशीलता न होने के कारण आज ऐसी वारदातें हो रही हैं कि आत्मा सिहर उठती है। कुछ वर्ष पहले रामपुर के ननखड़ी में दो सौतेले भाइयों में कहासुनी हो गई और बड़े भाई ने छोटे भाई की कुल्हाड़ी से बेरहमी से निर्मम हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया था। इस घटना से हर हिमाचली स्तब्ध है कि देवभूमि के नाम से विख्यात हिमाचल में खूनी रिश्तों का कत्लेआम हो रहा है।

यह बहुत ही त्रासदी है। गत वर्ष राजधानी दिल्ली में बहु द्वारा जमीन के लिए सास व ननद का कत्ल कर दिया था। दूसरी घटना में सौतेली मां ने गला घोंटकर बच्चे को मौत की नींद सुला दिया था। अगर इन बढ़ते मामलों पर संज्ञान न लिया तो आने वाले दिनों में घातक परिणाम भुगतने पड़ेगें कि विश्व गुरु के नाम से विख्यात भारत में रिश्तों में नफरत गहरी होती जा रही है और लोग पूरे के पूरे परिवार को मौत की नींद सुला रहे हैं। इस नफरत की आग को बुझाना होगा, हर भारतीय को मंथन करना होगा। खूनी रिश्ते ही एक दूसरे का खून बहा रहे हैं रिश्तों में आ रही कड़वाहट एक त्रासदी है इतिहास गवाह है कि खून के रिश्ते इतने मजबूत होते थे कि मां-बाप, भाई -बहन एक दूसरे की खातिर जान तक की बाजी लगा देते थे, मगर आज इतिहास बदलता नजर आ रहा हैं। कांगड़ा में छोटी काशी के नाम से विख्यात मंडी में एक घटना घटित हुई थी। एक समाचार के अनुसार रक्षा बंधन के दूसरे दिन सोमवार 27 अगस्त 2018 को मंडी के निहरी के चरखड़ी में दो भाइयों के संपत्ति विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई पर डंडे से प्रहार करके मौत के घाट उतार दिया था।

विवाद केवल एक पेड़ को लेकर चल रहा था। कहासुनी के बाद तैश में आकर डंडे से प्रहार करके लहूलुहान कर दिया बाद में शिमला में उसकी मौत हो गई थी, हत्या करने वाले हत्यारे को सुंदरनगर पुलिस ने बस अडडे से गिरफ्तार कर लिया था । कुछ साल पहले देवभूमि हिमाचल प्रदेश के सुंदरनगर में मामूली कहासुनी पर छोटे भाई ने अपने बड़े भाई की पीठ पर तेजधार हथियार से वार करके घायल कर दिया था। रिश्तों में सामजस्य स्थापित करना होगा, ताकि भविष्य में इस हत्याकांडों की पुनरावृत्ति न हो सके और विश्व गुरु की साख को बटटा न लग सके और आने वाली पीढ़ियां नफरत की इस आग में झुलसने से बच सके और भाईचारा बना रहे और एक नए युग का सूत्रपात हो सके।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### शिव मंदिर में सजा एक किलो चांदी का मुकुट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रथम शैलपुत्री शारदीय नवरात्र के मौके पर शिव मंदिर गागल के शिव मंदिर में एक किलो चांदी का कलश लगाया गया। मंदिर पुजारी आचार्य खेम चंद शास्त्री ने बताया कि यह कलश दानी सज्जनों द्वारा दिए गए अंशदान से तैयार किया गया है। इसे सोमवार को शुभ मुहूर्त में सुबह 7 बजे से 9 बजे तक आयोजित पूजा-अर्चना कार्यक्रम में लगाया गया। यह कार्य स्थानीय गांव सिहंन निवासी लोक राज सैनी के कर कमलों से संपन्न हुआ। उन्होंने शिव पूजा, कलश पूजा, स्वाति वाचन व वेद मंत्र से शिवलिंग पर समर्पित किया। इस कलश के लिए लोक राज सैनी ने 51 हजार रुपए, डॉ. मनमोहन 5 हजार, जगा राणा 5 हजार ललित धरवाल जोगिंद्रनगर 5 हजार, लीला राणा 5 हजार, विमल शर्मा 5 हजार, देवी सिंह सैनी बुराड़ी चौक नई दिल्ली, राजेश शर्मा छपरोल 3100 रुपए व नवीन शर्मा प्रधान देव बाला कामेश्वर गागल आदि के अंशदान से संपन्न हुआ।

### बगलामुखी रोप-वे के सफर में भारी छूट

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** चंडीगढ़-मनाली सड़क मार्ग पर पंडोह डैम के कैंची मोड़ से माता बगलामुखी मंदिर के दर्शनों के लिए बने रोप-वे के सफर में भारी छूट दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोप-वे की संचालन आरटीडीसी ने नवरात्र के पावन अवसर पर माता बगलामुखी के दर्शन के लिए भक्तों को किराए में भारी छूट दी है, जिससे हर आदमी माता के दर्शन कर सकें। जानकारी के अनुसार अब प्रति सवारी से 60 रुपए एकतरफा किराया तथा 100 रुपए दोनों तरफ के रूप में लेने का निर्णय लिया है। यह निर्णय मंडी और कुल्लू जिला के भगतों की सुविधा के लिए लिया गया है। आम लोगों से आम दिनों में प्रति सवारी 150 रुपए और आने जाने का 250 रुपए प्रति व्यक्ति लिया जाता है। माता बगलामुखी मंदिर कमेटी के प्रधान टेक चंद ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए आरटीडीसी का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण माता के मंदिर को आनी वाली सड़क क्षतिग्रस्त है। भक्तों को पडोह से बाखली पुल तक वाहनों से और उसके बाद 1.5 किलोमीटर पैदल आने पर माता के दर्शन हो सकेंगे, जबकि रोप-वे से मात्र 5 मिनटों में माता रानी के दर्शन कर सकेंगे।

### दुर्गा माता के मंदिरों में माथा टेक मांगी मन्नतें

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** ऐतिहासिक व धार्मिक स्थली महादेव में सोमवार को शारदीय नवरात्र के शुभ अवसर पर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। यहां धार्मिक परंपरा देखते ही कुछ ऐसे बनी कि श्रद्धालु लोगों ने जहां दुर्गा माता के मंदिरों में माथा टेक मन्नतें मांगी। वहीं, अपनी कुलदेवी के यहां संबंधित श्रद्धालुओं ने खासतौर पर मैय्या के जयकारे लगाते हुए दैवी शक्ति के दरबार में हाजिरी लगाकर भजन-कीर्तन कर धार्मिक अनुष्ठान किए। नवरात्र के शुभारंभ मौके पर देवी शक्तियों के पालकीनुमा रथ भी शक्ति स्थलों में मिलनी करते दिखे और वे वहीं विराजमान हो गए । उधर, राजगढ़ (बल्ह क्षेत्र)की कोयला भगवती मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधा का प्रबंध करते हुए भंडारा लगाया।

### मां दुर्गा उत्सव व विसर्जन कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** साईं मार्केट जोगिंद्रनगर में सोमवार को शारदीय नवरात्र की शुरुआत के साथ मां दुर्गा पूजा व विसर्जन कार्यक्रम शुरू हो गया। इस दौरान सोमवार को दोपहर बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना के उपरांत घट स्थापना के साथ मां महिषासुर मर्दिनी सहित अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां को विधिवत रूप से पंडाल में स्थापित किया गया। आयोजन समिति सचिव नितेश शर्मा व प्रेस सचिव अमिता ने बताया कि नवरात्र के 9 दिनों तक हर रोज सुबह व रात को महामाई की आरती होगी। पंडित सतीश शर्मा ने बताया कि हर रोज पंडाल में दोपहर 2 से 5 बजे तक माता की कथा को विस्तार से सुनाया जाएगा। वहीं, मां दुर्गा उत्सव के दौरान प्रदेश के विभिन्न हिस्सों के लोक गायकों के साथ क्षेत्र के महिला मंडल भी आठ नवरात्र की भजन संध्याओं में मां भगवती का गुणगान करेंगे।

### लडभड़ोल के कई गांवों में कल बिजली रहेगी गुल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** बिजली उपमंडल लडभड़ोल के अंतर्गत आने वाले 11 केवी भगेहड़ फीडर के सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि आवश्यक रखरखाव कार्यों के चलते 24 सितंबर को कई गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कटौती सुबह 10 से शाम 5 बजे तक होगी। सहायक अभियंता बृज मोहन ने बताया कि यह बिजली कटौती एचटी और एलटी लाइनों के रखरखाव, मरम्मत और लाइनों के साथ लगे पेड़ों की टहनियों की कटाई के लिए की जा रही है। इस दौरान डिग्री कॉलेज बनांदर, सिविल हॉस्पिटल लडभड़ोल, तहसील लडभड़ोल, न्यू मार्केट लडभड़ोल, अप्पर लडभड़ोल, कुणी, चैलचतरा, दघोन दलेड़, दोब, पस्सर, बल्हकवार, बगोड़ा, हरड़, रोपड़ी कलाहरु, गाहरु, ब्रॉन, भगेहड़ और सिल्ह सहित सभी गांवों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बंद रहेगी।

### आपदा के लिए डीसी को भेंट किया 61 हजार का चेक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** शीतला सेवक समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र भट्ट शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को प्रतिनिधिमंडल डीसी मंडी अपूर्व देवगन से मिला और प्रदेश में आई आपदा के लिए शीतला सेवक समाज की ओर से 61 हजार की राशि चेक के माध्यम से भेंट की। शीतला सेवक समाज के प्रधान वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने कहा कि शरद नवरात्र का शुभारंभ शीतला माता मंदिर में सुबह 4 बजे माता की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात दुर्गा सप्तशती का पाठ आरंभ हो गया है, जो कि 2 अक्टूबर तक चलेगा तथा संध्या आरती सायं 7 बजे प्रतिदिन होगी। एक अक्टूबर को रात्रि जागरण सायं 9 बजे से प्रातः 4 बजे तक होगा। 2 अक्टूबर को हवन प्रातः 9 बजे से हवन तथा 12 बजे अपराह्न पूर्णाहुति के पश्चात दोपहर बाद एक बजे से सायं 6 बजे तक रहेगा।

### आधुनिक कृषि तकनीकों का लिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी के तहत हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के अंतर्गत बीपीएमयू गोहर द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों व फसल विविधीकरण के लाभों से अवगत कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बीपीएमयू गोहर के 12 किसानों का तीन दिवसीय अध्ययन दौरा शिमला और सोलन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर डॉ. नरेंदर कुमार ने बताया कि यह तीन दिवसीय अध्ययन दौरा किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी रहा, उन्हें न केवल व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ, बल्कि कृषि क्षेत्र में नई संभावनाओं और तकनीकों से परिचय भी हुआ।

# संतान सुख की इच्छा पूरी करती हैं चिंडी माता

**लक्की शर्मा, अनंत ज्ञान**

**करसोग।** करसोग से 13 किमी पीछे शिमला मार्ग पर स्थित चिंडी में माता का प्रसिद्ध प्राचीन मंदिर है। इन दिनों नवरात्र के शुभ अवसर पर यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। बता दें कि माता अपने मंदिर में से मात्र दो से तीन बार ही वर्ष में निकलती हैं।

चिंडी माता मंदिर में अति प्राचीन अष्टभुजी मूर्ति स्थापित है। यह मूर्ति पत्थर की बनी हुई है। मान्यता है कि इस मंदिर का नक्शा किसी इंसान ने नहीं, बल्कि चींटियों की डोर ने तैयार किया था इसलिए इस मंदिर का नाम चिंडी मंदिर पड़ा। चिंडी माता मंदिर की सदियों से लेकर चली आ रही कहानी आज भी बरकरार है। कहा जाता है कि माता कन्या रूप में प्रकट हुई थी। माता ने मंदिर का निर्माण खुद चींटियों की डोर बनाकर किया था। नक्शे की जानकारी माता ने पंडित को स्वप्न में आकर दी थी। उसके बाद नक्शे को देखकर मंदिर बनाया गया था। मंदिर के साथ बने तालाब व भंडार का नक्शा भी चींटियों ने ही बनाया था। कहते हैं कि चिंडी माता अपने क्षेत्र को छोड़कर कभी बाहर नहीं गईं, लेकिन जब सुकेत रियासत के राजा लक्ष्मण सेन ने माता को चौखट से बाहर निकालने की कोशिश की, तो उसका खामियाजा राजा को भुगतना पड़ा था।

पौराणिक कथाओं के अनुसार एक बार सुकेत रियासत के राजा लक्ष्मण सेन ने चिंडी माता को सुंदरनगर बुलाने की जिद की थी। कारदारों ने जैसे ही माता को चौखट से बाहर निकाला, उसी समय माता के प्रकोप से अष्टधातु की मूर्ति काली पड़ गई, लेकिन इसके बावजूद भी राजा के आदेश के अनुसार माता को ले जाने की कोशिश की गई, तो राजा को माता के रौद्र रूप का सामना करना पड़ा। कहा जाता है कि राजा लक्ष्मण सेन अपनी गलती का पछतावा करने खुद दंडवत होकर माता से माफी मांगने मंदिर पहुंचा था।



चिंडी माता मंदिर में ऐतिहासिक तालाब।

### मनोकामना पूर्ण होने पर लगाते हैं भंडारा

**मशीनी** युग के इस दौर में भी चिंडी माता के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था पहले जैसी ही कायम है। कहते हैं कि जब किसी के यहां संतान प्राप्ति नहीं होती, तो ऐसे दंपतियों को चिंडी माता मंदिर आने पर संतान सुख प्राप्त हुआ है। इसी मान्यता के साथ हजारों श्रद्धालुओं की मंदिर में आने पर मनोकामना पूर्ण होती है, जिसके बाद श्रद्धालु माता का आभार प्रकट करने के लिए मंदिर में भंडारे भी लगाते हैं।

### साल में निकलती हैं दो बार

**चिंडी** माता साल में दो बार और तीसरे साल में तीन बार ही मंदिर से बाहर निकलती हैं। चिंडी माता का मेला हर साल 2 से 4 अगस्त को चंकरठ नामक स्थान पर लगता है। उस दौरान माता तीन दिन के लिए मंदिर से बाहर आती हैं। इसके बाद क्षेत्र में होने वाले करियाला के समय भी माता मंदिर से बाहर आती हैं। हर तीसरे साल में माता तीन बार मंदिर से बाहर निकलती हैं।

# ऐतिहासिक जीएसटी सुधारों से आम जनता किसान व व्यापारी होंगे लाभान्वित: जम्वाल

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**मंडी।** भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू हुए नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार भारतीय कर प्रणाली के इतिहास का सबसे बड़ा और क्रांतिकारी कदम है।

यह केवल आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि एक सामाजिक और जनहितैषी पहल है, जिससे देश के किसान, विद्यार्थी, व्यापारी, उद्योग जगत और आम उपभोक्ता तक सभी को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। राकेश जम्वाल ने कहा कि 2017 में जब मोदी सरकार ने एक राष्ट्र, एक कर का संकल्प पूरा किया, तभी से भारत की कर व्यवस्था को सरल, पारदर्शी व एकीकृत ढांचे में ढाल दिया गया। उस समय देश ने आर्थिक स्वतंत्रता का नया अध्याय देखा, अब 3 सितंबर को हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक में जो फैसले लिए गए, उन्होंने इस व्यवस्था को और ज्यादा सहज और जनहितैषी बना दिया है। उन्होंने कहा कि आज आम आदमी के जीवन से जुड़ी चीजें सस्ती हो रही हैं। दूध, पनीर, छेना, रोटी और ब्रेड जैसी रोजमर्रा की खाद्य सामग्री पूरी तरह जीएसटी मुक्त कर दी गई हैं। मक्खन, दही और अन्य दुग्ध उत्पादों पर टैक्स घटाकर मात्र 5 प्रतिशत कर दिया गया है। यही नहीं, टूथ पाउडर, साबुन, शैंपू, कंघी और हेयरपिन जैसी छोटी, लेकिन आवश्यक वस्तुओं पर भी टैक्स को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।

इन बदलावों से सीधे तौर पर हर परिवार की रसोई और जेब को राहत मिलेगी। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष निहालचंद शर्मा, मंडी नगर निगम मेयर वीरेंद्र भट्ट, मीडिया प्रभारी राकेश जिला महामंत्री कारण कोंडल और गिरीश भी उपस्थित रहे।

### समाजसेवी संस्था रॉबिन हुड आर्मी ने बांटी राहत सामग्री

**विनोद जसवाल, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** देश की समाजसेवी संस्था रॉबिन हुड आर्मी के दिल्ली, चंडीगढ़ व हिमाचल की टीमों ने संयुक्त रूप से मंडी जिले के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों बालीचौकी और उसके साथ लगती ग्राम पंचायत देवधार और बनी में आपदा प्रभावित लगभग 200 परिवारों को राशन उपलब्ध करवाया है। इसके साथ ही मंडी के धर्मपुर क्षेत्र में बाढ़ आपदा से प्रभावित लगभग 100 परिवारों के लोगों को भी राशन उपलब्ध करवाया। इस अवसर पर चंडीगढ़ की टीम की तरफ से विवेक मिश्रा और हिमाचल की टीम की तरफ से महेंद्र सिंह चंदेल उपलब्ध रहे। इस मौके पर महेंद्र सिंह चंदेल ने बताया कि रॉबिन हुड आर्मी भारत सहित संपूर्ण विश्व में गरीब बच्चों व अनाथ बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा अध्यापक और शिक्षण सामग्री उपलब्ध करवाती है। साथ ही आपदा के समय लोगों की सहायता और उन्हें राहत सामग्री उपलब्ध करवाने का कार्य भी करती है।

# कंगना के खिलाफ यूथ कांग्रेस का हल्ला बोल

## नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफार्म्स की जानकारी देने पर सुंदरनगर में लगे गो बैक के नारे, काले झंडे दिखाए

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** जिला मंडी के सुंदरनगर में सोमवार को उस समय माहौल गरमा गया, जब यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पुराना बस स्टैंड के समीप बॉलीवुड अभिनेत्री व मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया, लेकिन मौके की नजाकत को समझते हुए भाजपा पदाधिकारियों और पुलिस ने कंगना रनौत के काफिले को अपने प्रस्तावित कार्यक्रम के समापन स्थल पुराना बस स्टैंड से पूर्व ही एक अन्य मार्ग से भेज दिया। बता दें कि सांसद ने नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफार्म्स लागू होने और बचत उत्सव पर सुंदरनगर के मुख्य व्यापारिक प्रतिष्ठान भोजपुर बाजार में दुकानदारों और लोगों को जानकारी दी।

वहीं, यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जिला मंडी यूथ कांग्रेस अध्यक्ष निखिल ठाकुर के नेतृत्व में पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में एकत्र होकर कंगना गो बैक के नारे लगाए और काले झंडे लहराकर विरोध दर्ज कराया। निखिल ने कहा कि कंगना ने चुनाव जीतने के बाद जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के बजाय विवादास्पद बयानों से माहौल खराब किया है। सांसद बनने के बाद कंगना ने अब तक न तो जनता की समस्याओं को सुना और न ही विकास कार्यों में कोई ठोस पहल की। यही कारण है कि वे आज जनता के गुस्से का सामना कर रही हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि आज भाजपा बचत उत्सव मना रही है और क्या इससे पूर्व इन रिफार्म्स से पहले लूट उत्सव मना रही थी। निखिल ने कहा कि जीएसटी के माध्यम से केंद्र सरकार ने दुकानदारों को लूटा है, जो भाजपा की ही देन थी। कांग्रेस पार्टी का शीर्ष नेतृत्व और राहुल गांधी पिछले काफी समय से जीएसटी दरों को गलत ठहरा रहे हैं और अगर समय रहते इसे माना गया होता तो आज देश की करंसी हालत खस्ता नहीं होती।

### सांसद बोलीं- नए जीएसटी से आएगी पारदर्शिता और होगी बचत

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनौत ने सुंदरनगर के मुख्य बाजार में बचत उत्सव यात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने आम जनता से बातचीत की और नए जीएसटी नियमों पर चर्चा करते हुए बताया कि यह व्यवस्था उपभोक्ताओं के लिए अधिक पारदर्शिता और बचत लाने वाली है। कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान कंगना ने हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के पुत्र एवं प्रदेश पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह को उनकी शादी पर शुभकामनाएं दीं। कंगना ने कहा कि मेरी उनसे कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। यह सिर्फ राजनीतिक विचारधारा की लड़ाई है। उनके स्वर्गीय पिता वीरभद्र सिंह एक सम्मानीय व्यक्ति थे और मैं भी उनका सम्मान करती रही हूं। वहीं, किसान आंदोलन और उससे जुड़ी उनकी विवादित टिप्पणी के सवाल पर कंगना ने जवाब देने से परहेज किया।



सांसद कंगना रनौत व विधायक राकेश जम्वाल तथा भाजपा कार्यकर्ता।

उन्होंने कहा कि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इस पर कुछ कहना उचित नहीं होगा। इस मामले की अगली सुनवाई 29 सितंबर को न्यायालय में होनी है और अब तक कंगना को कोई राहत नहीं मिली है। इस अवसर पर कंगना ने स्थानीय विधायक राकेश जम्वाल और सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुंदरनगर के महत्वपूर्ण व्यापारिक प्रतिष्ठान भोजपुर बाजार में दुकानदारों को नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स को लेकर केंद्र सरकार के उपहार की जानकारी दी गई।

# जयराम ठाकुर बताएं, उन्होंने अपनी विधायक निधि कहां आवंटित की: विजय पाल सिंह

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** 6 बार के विधायक पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर बताएं कि आपदा के इस दौर में उन्होंने अपनी विधायक निधि कहां आवंटित की।

यह बात हिमाचल प्रदेश निजी शिक्षण संस्थान विनियामक आयोग के सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय पाल सिंह ने बालीचौकी में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कही। विजय पाल सिंह ने कहा कि सराज की जनता को यह अधिकार है कि वह अपने विधायक से इस विषय पर जवाबदेही लें। विजय पाल सिंह ने यह भी कहा कि जयराम ठाकुर जनता को यह भी बताएं कि अपने निजी कोष से उन्होंने सराज के लोगों की कितनी आर्थिक मदद की। विजय पाल सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सराज में आपदा के दौरान बेहतरीन कार्य किया है, लेकिन भाजपा के लोग सरकारी प्रयासों को भी राजनीतिक लाभ के लिए भुनाने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि राहत सामग्री उन्होंने भी वितरित की, लेकिन उन्होंने फोटो मेरी खिंच जैसा कार्य नहीं किया। उन्होंने कहा कि वे राजनीति करने में विश्वास नहीं रखते हैं, बल्कि अपने सराजी जन मानस को उनकी पहचान व रोजगार देना उनकी प्राथमिकता है। अपने वक्तव्य में उन्होंने आपदा के दौरान बालीचौकी उपमंडल के सभी विभागाध्यक्षों की भी तारीफ की और कहा कि इसके बावजूद अगर किसी व्यक्ति की न्यायसंगत शिकायत होगी, तो उसका निपटारा भी किया जाएगा। विजय पाल सिंह ने कहा कि उनके आग्रह पर प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने बालीचौकी तहसील क्षेत्र में 2 सीबीएसई स्कूल घोषित किए हैं। कांग्रेस नेता ने उन लोगों को भी आड़े हाथों लिया, जिन्होंने सड़क मार्ग खोलने के लिए केंद्रीय मंत्री को श्रेय दिया, उन्होंने कहा कि उन्होंने अधिकारियों कर्मचारियों व स्थानीय लोगों के लगातार संपर्क में रह कर क्षेत्र की सड़कों को खुलवाने का भरपूर प्रयास किया है।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विजय पाल सिंह व अन्य।

इस पत्रकार वार्ता के दौरान सराज कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष टेक सिंह चौहान, पूर्व जिला परिषद सदस्य संत राम एवं सेवानिवृत्त आबकारी एवं कराधान अधिकारी हरि सिंह भी उपस्थित थे।

# काकू के गीतों पर झूमा पंडाल

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** जिला स्तरीय नलवाड़ मेला ख्योड़ में पांचवीं सांस्कृतिक संध्या चंबा के काकू राम ठाकुर के नाम रही। दर्शकों ने मशहूर गीत निकी जे गोजरी और जिन्हें मेरा दिल लुटिया गानों की मधुर धुनों पर जमकर डांस किया।

संध्या समारोह में एडीए पंकज कुमार ने बतौर मुख्यातिथि अपनी उपस्थिति दर्ज की, जहां मेला कमेटी के अध्यक्ष तरुण शर्मा ने अपनी टीम के समस्त सदस्यों के साथ उनका स्वागत किया तथा शॉल टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सांस्कृतिक संध्या समारोह के स्टार गायक काकू राम ठाकुर ने अपनी प्रस्तुति का आगाज गुरु वंदना के साथ किया और उसके बाद एक से बढ़कर एक गीतों की झड़ी लगाई। उन्होंने दिल ले गई कुड़ी गुजरात दी, यारी चंडीगढ़ वालिए, चिंग फूंगली, निकी जे गोजरी, नाटी रा चस्का बुरा, कमरिया, झुमरा थले कम लग्या, डॉप सॉप आदि गीत पेश किए। इससे पहले सेमी स्टार कलाकार जोगिंदर नगर की शालू धीमान और सुंदरनगर के ऋषभ भारद्वाज ने अपनी प्रस्तुतियों से खूब समा बांधा। गायिका शालू ने हर किसी को नहीं मिलता यह प्यार जिंदगी में, हिमाचली नाटियां, होवे लालिए हो, इसा ग्राइ देया लमड़ा हो अनेक प्रस्तुति पेश की। वहीं, फोक सांग गायक ऋषभ ने अपनी जादूगरी मधुर आवाज से दर्शकों से खूब बाहवाही लूटी। उन्होंने तेरी दीवानी, तेरे बिना ना गुज़रा, तेरे बिन नहीं जीना मर जाना ढोलना, लिखे जो ख़त तुझे, बदन पे सितारे, जुगनी, जिन्हें मेरा दिल लुटिया, रोहडू जाना मेरी आमिए, रुनझुना, तारे गिन गिन तथा खायी के पान बनारस वाला गीतों से श्रोताओं का मनोरंजन किया। संध्या कार्यक्रम में एंकरिंग कर रहे सेवानिवृत्त डीपीआरओ कुलदीप गुलेरिया ने दर्शकों की फरमाइश पर पुराने फिल्मी गीतों की प्रस्तुति पेश की। जिन्हें पंडाल में बैठे लोगों ने ध्यान से सुना और उनकी कला की तारीफ की।



प्रस्तुति देते हुए कलाकार।




**समीक्षा** मंडी में अप्रेंटिसशिप योजना की समीक्षा बैठक, युवाओं के लिए बढ़े रोजगार के अवसर

# औद्योगिक इकाइयां बढ़ाएं अप्रेंटिस की नियुक्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

डीसी मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में सोमवार को डीसी कार्यालय परिसर में जिला स्तरीय अप्रेंटिसशिप कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

इसमें जिले में अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) के तहत चल रही गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई और इसके बेतहर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। डीसी ने कहा कि अप्रेंटिसशिप योजना युवाओं के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण का सशक्त माध्यम है, जिससे उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिलते हैं। उन्होंने जिले की सभी औद्योगिक इकाइयों व संस्थानों को अधिक से अधिक अप्रेंटिस नियुक्त करने और योजना के क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी निभाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि योजना की जानकारी युवाओं तक पहुंचाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही, जिन सरकारी व निजी इकाइयों ने अभी तक योजना के तहत अप्रेंटिस नियुक्त नहीं किए हैं, उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। डीसी ने अप्रेंटिसों के मासिक स्टाइपेंड में संशोधित दरों को लागू करने के भी स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 3 सितंबर को जारी अधिसूचना के अनुसार कक्षा 5 से 9 पास उम्मीदवारों का स्टाइपेंड 5000 रुपए से बढ़कर 6800 रुपए प्रति माह किया गया है। कक्षा 10 पास उम्मीदवारों के लिए यह राशि 6000 रुपए से बढ़कर 8200 रुपए प्रति माह हुई है। आईटीआई और कक्षा 12 पास उम्मीदवारों के लिए स्टाइपेंड 7000 रुपए से बढ़कर 9600 रुपए प्रति माह कर दी गई है। तकनीकी या व्यावसायिक डिप्लोमा धारकों के लिए स्टाइपेंड 8000 रुपए से बढ़कर 10,900 रुपए प्रति माह और स्नातक पास उम्मीदवारों के लिए यह 9000 रुपए से बढ़कर 12,300 रुपए प्रति माह निर्धारित किया गया है। असिसटेंट अप्रेंटिसशिप अडवाइजर व प्रधानाचार्य आईटीआई मंडी रविंद्र सिंह बनयाल ने जिले में अप्रेंटिसशिप की प्रगति प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मंडी जिले में कुल 221 अप्रेंटिस कार्यरत हैं, जिनमें अधिकांश आईटीआई पास आउट हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अप्रेंटिस की संख्या में लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बैठक में जिले के विभिन्न सरकारी विभागों, निजी औद्योगिक इकाइयों, शिक्षण संस्थानों और आईटीआई के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### ईवीएम व वीवीपैट भंडार कक्ष का किया निरीक्षण



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मंडी निरीक्षण करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने भ्यूली स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) व वीवीपैट भंडार कक्ष का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उन्होंने ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा पुलिस कर्मियों द्वारा की जा रही सुरक्षा ड्यूटी व सीसीटीवी निगरानी प्रणाली की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान डीसी ने भंडार कक्ष में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा कर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से संजय शर्मा, भाजपा की ओर से कर्ण वीर सिंह कौंडल, बीएसपी से चेत राम तथा निर्वाचन तहसीलदार राजेश शर्मा उपस्थित रहे।

### 12 माह का वेतन और वेतनवृद्धि की उठाई मांग

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** शिक्षा विभाग में कार्यरत मिड-डे मील कर्मचारी यूनियन दरंग द्वितीय के कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कहा कि वर्षों से उन्हें केवल 1000 रुपए मानदेय ही मिल रहा है, लेकिन आज तक वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। कर्मचारियों ने सरकार से मांग की कि उन्हें 12 माह का वेतन नियमित रूप से प्रदान किया जाए तथा मासिक मानदेय में वृद्धि की जाए। यूनियन अध्यक्ष रमेश कुमार ने स्पष्ट किया कि बढ़ती महंगाई के दौर में इतने कम मानदेय में परिवार का पालन-पोषण करना संभव नहीं है यदि सरकार उनकी मांगों पर जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाती, तो उन्हें आंदोलन को और उग्र करना पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि आगामी समय में धरना-प्रदर्शन और हड़ताल जैसे कदम उठाने से भी वे पीछे नहीं हटेंगे। इस दौरान इंदु, तारा देवी, वनिता देवी तथा निर्मला देवी भी उपस्थित रहे।

# विभाजन के बाद भी माता कुहा देवी की चर्चा पाकिस्तान तक

राकेश कुमार, अनंत ज्ञान

**दौलतपुर चौक।** हिमाचल प्रदेश यूं ही देवभूमि के नाम से विख्यात नहीं है। यहां देवी-देवताओं के अनगिनत प्राचीन और पावन स्थल हैं। इन्हीं में से एक है श्री माता कुहा देवी का मंदिर, जिसकी चर्चा आज भी सीमा पार पाकिस्तान तक होती है। 1947 के विभाजन के समय जो परिवार पाकिस्तान चले गए थे, वे आज भी इस मंदिर की यादों को संजोए हुए हैं। जिला ऊना के तहसील घनारी अंतर्गत नगर पंचायत दौलतपुर चौक से लगभग 2 किलोमीटर दूर वार्ड 4 में स्थित यह मंदिर अत्यंत प्राचीन और श्रद्धा का केंद्र माना जाता है।



कुहा देवी मंदिर

## कभी न सूखने वाला पवित्र तालाब श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रतीक

**मंदिर** के सामने कुछ दूरी पर स्थित पुखर (तालाब) भी भक्तों की आस्था का केंद्र है। मान्यता है कि इस तालाब का पानी कभी नहीं सूखता और यही माता का स्नान स्थल है। कहा जाता है कि मंदिर के पुजारी शंकर दास, जिन्हें आंखों से बहुत कम दिखाई देता था, माता की सेवा बड़ी निष्ठा से करते थे। उनका कहना था कि सुबह चार बजे जब वे पानी लेने तालाब तक जाते, तो माता स्वयं उनका हाथ पकड़कर साथ ले जातीं और वापस लेकर आतीं। आज भी यह तालाब श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रतीक है। यहां तरह-तरह की मछलियां पाई जाती हैं और भक्तजन उन्हें आटा डालकर पुण्य अर्जित करते हैं।

## साधु की तपस्या और माता के दर्शन

किवदंती है कि पंजाब से होता हुआ मां का भक्त प्रतिवर्ष अष्टमी के दिन जहां से होता माता चिंतपूर्णी के दर्शनों के लिए जाया करता था। मंदिर के पंजाब की तरफ मार्ग घने जंगलों से होकर गुजरता था। साधु उम्र ज्यादा होने के कारण थककर ऊंची पहाड़ी पर बैठ गया और माता चिंतपूर्णी को प्रार्थना की 'हे मां,अब मुझसे एक कदम भी आगे नहीं चला जाता, कृपया यहीं दर्शन दे दो।' भक्त की पुकार सुनकर माता चिंतपूर्णी ने उसे उसी क्षण इसी ऊंचे टीले पर वैष्णो के रूप में दर्शन दिए और आशीर्वाद दिया था! इस मंदिर में उसे समय की तीन पिंडियां हैं! माता को पुकारने पर प्रकट होने के नाम पर मां का नाम पड़ा मां कुहा देवी और यह स्थान आज माता कुहा देवी मंदिर के रूप में प्रसिद्ध है।

## आस्था का अद्भुत केंद्र

**भक्तों** का विश्वास है कि माता कुहा देवी के दरबार में सच्चे मन से की गई प्रार्थना तुरंत पूर्ण होती है। नवरात्रों के दौरान यहां विशेष भव्य आयोजन किए जाते हैं और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है।

# एससी/एसटी विकास निगम की योजनाओं का उठाएं लाभ : सोहन

अनंत ज्ञान, ऊना

हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति विकास निगम की ओर से संचालित योजनाओं के बारे जिला कल्याण अधिकारी कार्यलय में सोमवार को ऊना में चल रही अनुसूचित जाति जनजाति विकास निगम की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया।

जिला अधिकारी सोहन सिंह चौहान ने बताया की अनुसूचित जाति से संबंधित 18-55 आयु वर्ग के लोगों को जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपए तक हो, उन्हें व्यवसाय हेतु 50 हजार से 1.40 लाख रुपए तक का ऋण 6.50 प्रतिशत ब्याज दर पर तथा 50 लाख रुपए तक का ऋण 8 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाता है। वहीं, उच्च शिक्षा ऋण योजना के अंतर्गत 40 लाख तक का ऋण 6.50 प्रतिशत दर पर नर्सिंग, बी-टेक, आईटीआई, एमबीबीएस, बी-फार्मेसी, एमबीए या कोई भी उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्राप्त किया जा सकता है।

पीएम अजय योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों जिनकी वार्षिक आय 2.50 लाख रुपए तक हो, उन्हें 3 से 5 लाख तक का ऋण 8 प्रतिशत की दर पर विभिन्न व्यवसाय हेतु अधिकतम 50 हजार रुपए तक पूंजी अनुदान (सब्सिडी) के साथ उपलब्ध करवाया जाता है। अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को व्यवसाय हेतु 2 लाख रुपए तक का ऋण 4 प्रतिशत पर तथा पुरुष वर्ग को लघु व्यवसाय योजना के अंतर्गत 50 हजार से 50 लाख तक का ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्रीय सहायक बलबिंन्द्र कुमार, लेखाकार सविता रानी, लिपिका अनु नाहर सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

# स्वच्छता योद्धाओं के लिए सम्मान की सौगात है 'महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना-2024'

## सफाई कर्मचारियों को गृह निर्माण के लिए 3 लाख की वित्तीय सहायता देगी हिमाचल सरकार : डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

हिमाचल सरकार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की जनहितैषी दृष्टि के अनुरूप समाज के वंचित वर्गों के जीवन स्तर को ऊंचाई देने के लिए लगातार ठोस पहल कर रही है। इसी कड़ी में सफाई कर्मचारियों के लिए महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना को विशेष प्राथमिकता के साथ लागू किया गया है। यह योजना स्वच्छता योद्धाओं के लिए सम्मान की सौगात है। इसमें आवास निर्माण के लिए आर्थिक सहायता तो दी ही जा रही है, यह गरिमापूर्ण जीवन की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।



योजना के तहत पात्र सफाई कर्मचारियों को पक्का मकान बनाने के लिए 3 लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी,

**सम्मानजनक जीवन जीने के लिए महत्वपूर्ण है योजना**

ताकि वे असुरक्षित व जर्जर आवासों से बाहर निकलकर सम्मानजनक जीवन जी सकें।

**ये हैं पात्रता की शर्तें :** योजना के लाभ लेने के लिए व्यक्ति हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए। वाल्मीकि समाज से संबंधित जाति प्रमाण पत्र एवं सफाई कर्मचारी होने का सत्यापित प्रमाण पत्र आवश्यक है।

लाभार्थी की पारिवारिक आय 2.50 लाख रुपए से कम हो। वाल्मीकि समाज से संबंधित सफाई कर्मचारी जो सरकारी, गैर-सरकारी या निजी संस्थानों में सफाई कार्य करने वाले पात्र होंगे। जिन लाभार्थियों ने पहले किसी भी आवास योजना का लाभ नहीं लिया है, वही आवेदन कर सकेंगे। योजना के तहत परिवार के किसी एक सदस्य को लाभ प्रदान किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कई अवसरों पर कहा है कि सफाई कर्मचारी न केवल स्वच्छता के अग्रदूत हैं, बल्कि समाज की सेहत और व्यवस्था के अनदेखे प्रहरी भी हैं। ऐसे में उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार का फोकस मकान बनवाने में मदद के साथ साथ सफाई कर्मचारियों के परिवारों को सम्मान और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है।

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप धीमान ने भी संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों के साथ बैठक की है।

### पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाने को प्रतिबद्ध

जिला कल्याण अधिकारी ऊना आवास पंडित ने बताया कि विभाग ने आवेदन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया है। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। पात्र लाभार्थी जिला या तहसील कल्याण अधिकारी के कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

वहीं, ऊना जिले के उपायुक्त जतिन लाल का कहना है मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुरूप प्रशासन योजना का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पात्र परिवारों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र परिवार इस योजना से वंचित न रहे।

# सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए विधायक कालिया का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** विधायक राकेश कालिया के प्रयासों से मुबारिकपुर दौलतपुर सड़क की स्थिति में सुधार होना शुरू हो गया है, बीच-बीच इस सड़क की दयनीय स्थिति हो गई थी। विधायक राकेश कालिया ने इस विषय में लोक निर्माण विभाग को आदेश दिए थे और अब सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। इसके अलावा अन्य संपर्क मार्ग जो क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनकी स्थिति में भी सुधार शुरू हो गया है।

मुबारिकपुर पंचायत की प्रधान सृष्टा देवी, उपप्रधान चमन लाल, उपप्रधान शमशेर सिंह, व्यापार मंडल मुबारिकपुर के प्रधान पुरण ठाकुर, भंजाल के उपप्रधान राजेश ठाकुर, गोंदपुर बनेहड़ा लो की पंचायत सदस्य एडवोकेट राजकुमारी शर्मा, पूर्व प्रधान गोंदपुर बनेहड़ा लो राजेंद्र सिंह गोगा एवं इलाके के आम जनमानस जोगिंदर सिंह, रमेश चंद्र, महेश कुमार, शरणपाल ठाकुर, रजनीकांत ने सड़क की मरम्मत के लिए विधायक राकेश कालिया का आभार व्यक्त किया है और कहा कि राकेश कालिया मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह से गगरेट के विकास के लिए कई प्रोजेक्ट मंजूर करवा रहे हैं और इलाके के विकास के लिए हर समय प्रयासरत रहते हैं, जो सराहनीय है।

# भक्ति और उल्लास से भरी रही शोभायात्रा

अनंत ज्ञान, बड़ूही

सिद्ध पीठ कामाख्या देवी मंदिर, पोलियां पुरोहिता में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ देवी भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। माता रानी के आशीर्वाद और क्षेत्रवासियों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का आगाज विधिवत पूजा-अर्चना, हवन और मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। मंदिर प्रांगण में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर मंगलवार को एक भव्य व विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर गांव की मुख्य गलियों, चौक-चौराहों और प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई।

शोभायात्रा में माता रानी की प्रतिमा को सुसज्जित रथ पर विराजमान किया गया, जिसका जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, भक्ति गीतों और मां के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु जगह-जगह नृत्य और भजन-कीर्तन करते नजर आए। शोभायात्रा के दौरान महिलाएं कलश लेकर चलीं तो बच्चों और युवाओं के साथ इंजीनियर रामपाल ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मंदिर समिति के प्रधान ने जानकारी दी कि देवी भागवत कथा का आयोजन आगामी 1 अक्तूबर तक प्रतिदिन दोपहर बाद से संध्या तक किया जाएगा।



शोभायात्रा का लोगों ने जगह-जगह फूलों से स्वागत किया।

**सिद्ध पीठ कामाख्या देवी मंदिर में देवी भागवत कथा व शोभायात्रा का आयोजन**

कथा वाचक विद्वान संत-महात्मा मां की महिमा, देवी स्वरूप की विशेषताओं और भक्तों के कल्याण से जुड़े प्रसंगों का विस्तार से वर्णन करेंगे। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है।

इस अवसर पर आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामवासियों के साथ-साथ कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे और माता रानी के आशीर्वाद का लाभ लिया। श्रद्धालुओं ने इसे धार्मिक व सामाजिक एकता का पर्व बताया।

## न्यूज ब्रीफ

### सल्फास निगलने से छात्रा की मौत

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** गगरेट उपमंडल की ग्राम पंचायत अंबोटा में दर्द निवारक गोली समझकर सल्फास की टैबलेट निगलने से बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई। रविवार रात बिजली गुल होने के कारण युवती ने सिर दर्द होने पर अंधेरे में दराज से गोली निकाल ली और बिना देखे निगल ली। कुछ देर बाद तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे सिविल अस्पताल गगरेट लाए, जहां जांच में सामने आया कि उसने सल्फास खा ली है। हालत नाजुक होने पर उसे क्षेत्रीय अस्पताल ऊना और फिर पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। युवती राजकीय महाविद्यालय अंब में पढ़ती थी और घटना से कुछ देर पहले ही खेतों से घास काटकर लौटी थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। एएसपी संजीव भाटिया ने मामले की पुष्टि की और बताया कि मामला पूरी तरह से दुर्घटनावश हुआ।

### लापता किशोरी को कर्नाटक से किया बरामद

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** उपमंडल गगरेट के बढेड़ा राजपूतां की एक किशोरी, जो रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई थी, उसे गगरेट पुलिस ने कर्नाटक से सकुशल ढूंढ निकाला और परिजनों को सौंप दिया। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊना की छात्रा कुछ दिन पहले किताबें लेने ऊना गई थी, लेकिन वापिस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा दर्ज करवाई गई गुमशुदगी रिपोर्ट के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। हेड कांस्टेबल मंजूर अख्तर और लेडी कांस्टेबल अनुराधा की टीम ने लगातार प्रयासों से पता लगाया कि किशोरी कर्नाटक के मूडविदरी क्षेत्र में है। स्थानीय पुलिस की मदद से उसे सुरक्षित हिरासत में लिया गया। टीम कर्नाटक पहुंची और किशोरी को गगरेट लाकर सक्षम अधिकारी के समक्ष बयान दर्ज करवाए। किशोरी ने स्पष्ट किया कि वह अपनी मर्जी से वहां गई थी और उसे न तो अगवा किया गया था और न ही किसी ने जबरदस्ती की थी। एएसपी संजीव भाटिया ने बताया कि किशोरी को सुरक्षित परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पुलिस टीम के त्वरित प्रयासों की सराहना की गई है।

### कांग्रेस सरकार कर रही चहुंमुखी विकास : रोहन

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** युवा कांग्रेस के पूर्व राज्य महासचिव रोहन कालिया ने यहां एक भेंट वार्ता में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में शिक्षा स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ है। रोहन कालिया ने बताया कि प्रदेश आपदा की स्थिति से गुजर रहा है, उसके बावजूद भी विकास कार्य चल रहे हैं। जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता मिल रही है। तेज बारिश से पैदा हुई आपदा से क्षतिग्रस्त रास्तों लोगों के घरों को दुरुस्त करने के लिए सरकार पूरा प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार जनमानस गरीब वर्ग किसान कर्मचारी वर्ग की सच्ची हितेषी है रोहन कालिया ने बताया कि मुख्यमंत्री ने गरीब अनाथ और बेसहारा बच्चों के लिए भी सराहनीय कार्य किया है और कर रहे हैं।

### मंदली में एनसीसी नौकायन शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंदली में एनसीसी (नेवल विंग) द्वारा चार दिवसीय नौकायन शिविर का सफल आयोजन किया गया। बिलासपुर से आरंभ हुए इस अभियान में हिमाचल, पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ के 70 कैडेट्स ने भाग लिया। गोबिंदसागर झील में 180 किमी की दूरी तय कर कैडेट्स ने सामाजिक मुद्दों जैसे कन्या भ्रूण हत्या, नशा, पॉलिथीन व पर्यावरण पर जागरूकता फैलाई। शिविर में सड़क सुरक्षा पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कमांडिंग ऑफिसर सज्जन कुमार के नेतृत्व में संचालित इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह चौहान ने प्रेरणादायी संदेश दिया। एएनओ संजीव कुमार व सुनील धीमान ने आयोजन में विशेष भूमिका निभाई। अन्य राज्यों से आए कैडेट्स के साथ स्थानीय छात्र-छात्राओं को भी नौकायन का तकनीकी प्रशिक्षण व व्यवहारिक अनुभव मिला।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना अनिवार्य : कालिया

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** गगरेट में आयोजित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों को मशीन वितरण व सम्मान समारोह में विधायक राकेश कालिया ने कहा कि प्रदेश की तरक्की के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि पलायन रोकने के लिए महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना होगा। इस अवसर पर कृषि सखी, पशु सखी, वित्त सखी, बुक कीपर व एचएनजी को सम्मानित किया गया। अंबोटा गांव की महिलाओं को सिलाई मशीन, पीको मशीन, डिहाइड्रेटर, पत्तल व पापड़ मेकिंग मशीन आदि वितरित की गईं। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र जेटली सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# आजादी के 78 साल बाद भी खड़ोह को सड़क नहीं

अनंत ज्ञान, बंगाणा

आजादी के 78 वर्ष बाद भी उपमंडल बंगाणा की डीहर पंचायत का गांव खड़ोह मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने वाला रास्ता इस कदर जर्जर हो चुका है कि उस पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है, गाड़ियों की आवाजाही तो नामुमकिन सी हो गई है। हाल ही की मूसलधार बारिश के कारण यह रास्ता पूरी तरह से कीचड़ और गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुका है। एंबुलेंस तक गांव में नहीं पहुंच पाती, जिससे आपात स्थिति में मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हालात इतने खराब हैं कि गांव के युवाओं ने खुद ही मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने कट्टों में मिट्टी भरकर गड्ढों को भरना शुरू कर दिया है ताकि किसी तरह सड़क को अस्थायी रूप से चलने योग्य बनाया जा सके। यह काम वे अपने संसाधनों से, बिना किसी सरकारी मदद के कर रहे हैं। गांव के निवासियों ने बताया कि हम हर बार चुनाव में उम्मीद करते हैं कि अबकी बार सड़क बनेगी, लेकिन नतीजा शून्य रहता है। अब तो हालात इतने खराब हैं कि बीमार को समय पर अस्पताल नहीं ले जाया जा सकता। एक अन्य युवा देशराज बोले कि सड़क हमारी प्राथमिक ज़रूरत है।

**प्रशासन से अपील :** गांववासियों ने स्थानीय प्रशासन से निवेदन किया है कि जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत करवाई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और किसी बड़ी दुर्घटना से पहले हालात सुधारे जा सकें।



गयुवा गड्ढों में मिट्टी भरकर खुद बना रहे रास्ता, ताकि बीमार होने पर किसी को एंबुलेंस की सहायता तो मिल सके।

# रवींद्र कुमार बंसल बने नए पीटीए प्रधान



महाराणा प्रताप महाविद्यालय अंब में पीटीए का हुआ गठन। प्राचार्य ने कार्यकारिणी सदस्यों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान

**अंब।** महाराणा प्रताप राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की सामान्य बैठक सोमवार को अपराह्न 1 बजे महाविद्यालय परिसर स्थित बहुउद्देशीय सभागार में संपन्न हुई। इस बैठक में पीटीए सचिव अमित कुमार शर्मा ने पूर्व सत्र के पीटीए की गतिविधियों तथा आय-व्यय विवरणिका को सभी सदस्यों के समक्ष रखा।

इस आम सभा में सत्र 2025-26 के लिए नई पीटीए कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इसमें पीटीए प्रधान रवींद्र कुमार बंसल को चुना गया। उनके नाम का प्रस्ताव श्रीमती संतोष कुमार ने किया और अनुमोदन सोनी ने किया। उपप्रधान पद पर परविंदर वर्मा को चुना गया। उनके नाम का प्रस्ताव श्याम सुंदर ने किया और अनुमोदन सदीक मुहम्मद ने किया। सचिव पद पर सहायक प्रोफेसर अमित कुमार शर्मा को चुना गया। सह-सचिव पद पर शम्मी चौहान को चुना गया, जिनके नाम का प्रस्ताव राजीव कुमार ने रखा और अनुमोदन संसार चंद ने किया। कोषाध्यक्ष पद पर सपना सूद को चुना गया। नरेंद्र मनकोटिया को पीटीए का मुख्य टेक्निकल सलाहकार चुना गया, जिनके नाम का प्रस्ताव परविंदर वर्मा ने रखा और दीप कुमार ने अनुमोदित किया।

पीटीए कार्यकारिणी सदस्यों के लिए पिंकी देवी, मोहम्मद मुस्ताक, पिंकी, सादिक मुहम्मद, डॉ. केके पांडेय, डॉ कृष्णा शर्मा, डॉ नीतीन शर्मा तथा डॉ. अन्य कुमार को सर्वसम्मति से चुना गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दर्शन कुमार ने सभी अविभावकों को महाविद्यालय पधारकर नई कार्यकारिणी का गठन करने पर आभार व्यक्त किया। प्राचार्य ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। नई कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने भी महाविद्यालय प्रशासन को विश्वास दिलाया कि वे महाविद्यालय के चहुंमुखी विकास के लिए महाविद्यालय प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे।

# भंजाल में एनएसएस शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल भंजाल में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर आज शुरू हुआ, जिसका शुभारंभ कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने किया। राजन शर्मा एनएसएस की राज्य सलाहकार समिति में भी सदस्य हैं, ने बताया एनएसएस से जुड़कर बच्चे अनुशासन समाज सेवा की भावना व्यक्तित्व का विकास करना अनेक महत्वपूर्ण बातें सीखते हैं।

उन्होंने बताया कि एनएसएस स्वयंसेवी अनेक जगहों पर आज भी समाज सेवा के कार्य करते हुए देखे जा सकते हैं। कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने बच्चों को अनुशासन में रहने की प्रेरणा दी, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला को-ऑर्डिनेटर मुकेश कुमार, महिला कार्यक्रम अधिकारी मधु ठाकुर ने बताया कि इस शिविर में 50 छात्र एवं छात्राएं भाग ले रहे हैं और यह शिविर पूरा सप्ताह चलेगा, जिसका चार्ट तैयार कर लिया गया है। इस अवसर पर अधीक्षक दिनेश शर्मा वरिष्ठ लेक्चरर सीमा चौहान, रामिका कुमारी, विनोद ठाकुर, राजन कुमार, सुशील कुमार एवं अन्य उपस्थित रहे।

**श्रद्धा** देश-विदेश से आए फूलों और रंग-बिरंगी लाइट्स से सजा मां चिंतपूर्णी का दरबार

# प्रथम नवरात्र पर श्रद्धालुओं का लगा तांता

अनंत ज्ञान, ऊना

विश्व विख्यात धार्मिक स्थल चिंतपूर्णी में प्रथम नवरात्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रथम दिवस मां शैलपुत्री के रूप में समर्पित है। प्रथम नवरात्र दिवस पर मां चिंतपूर्णी के दरबार में भक्तों की काफी चहल-पहल रही। सुबह से ही मंदिर के कपाट मां के दर्शनों को लेकर भक्तों के लिए खोल दिए गए थे। जिसके चलते सुबह-सुबह भक्तों की काफी चहल पहल रही। चिंतपूर्णी बाजार में काफी समय बाद भक्तों की रौनक देखने को मिली है। हालांकि श्रद्धालुओं की लाइन मुख्य बाजार पुराना बस स्टैंड तक रही । फिर भी बाजार से लेकर मंदिर तक श्रद्धालुओं की काफी चहल-पहल रही।

आपदा के कारण अत्यधिक बारिश होने की वजह से पंजाब सहित अन्य राज्यों हालत काफी नुकसान हुआ, जिसके कारण हिमाचल प्रदेश के शक्तिपीठों व पर्यटन स्थलों में श्रद्धालुओं व पर्यटकों की संख्या ना मात्र रही परंतु शारदीय अश्विन नवरात्रों के शुरू होते ही फिर से बाजार में रौनक लौट आई है। श्रद्धालुओं द्वारा माता का गुणगान, लगाने

**सुरक्षा, सफाई और व्यवस्था को लेकर मंदिर प्रशासन पूरी तरह सतर्क**

से मंदिर के आसपास क्षेत्र भक्ति में रंग में डूब गया। बुजुर्ग ,महिला,बच्चे आदि बड़ी संख्या में लाइन व्यवस्था के तहत श्रद्धालुओं ने मां की पावन पिंडी के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर को देश-विदेश से लगभग 15 प्रजाति के रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया जिसकी सजावट का कार्य दिल्ली से एक श्रद्धालु कमल शर्मा द्वारा की गई। माता के मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों व फलों की सजावट देखते ही बनती है। सजावट में किसी प्रकार के कोई कमी नहीं है। इस सजावट में लगभग दो दिन से ज्यादा का समय लगा और लगभग 12 लोगों ने इस सेवा में अपना योगदान दिया है।

मंदिर में रंग बिरंगी लाइटिंग का कार्य मित्तल परिवार द्वारा किया गया है जो कि पूरे मंदिर परिसर क्षेत्र को अपने रंग बिरंगी चमचमाती रोशनी से निहार कर रही है। मंदिर प्रशासन द्वारा सुरक्षा व लाइन व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए जगह-जगह पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। दोपहर मंदिर अधिकारी की अध्यक्षता में एक संयुक्त दल मंदिर मुख्य सुरक्षा अधिकारी कर्नल मनीष धीमान, थाना प्रभारी चिंतपूर्णी जयराम कुमार शर्मा ने गेट नंबर 1, 2, 3, पुराना बस स्टैंड का निरीक्षण किया और लाइन व ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रूप से चलने के लिए ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मचारियों को निर्देश दिए। मंदिर परिसर, भरवाई चौक से लेकर शंभू बैरियल तक शरारती तत्वों से निपटने के लिए सीसीटीवी कैमरा से पहने नजर रखी जाए रही है।

संपूर्ण मंदिर क्षेत्र में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है। लंगर संस्थाओं कॉफी मंदिर प्रशासन द्वारा जारी किए गए नियमों के तहत लंगर लगाने की अनुमति रहेगी। उधर अश्विन नवरात्रों को लेकर पुजारी वर्ग भी काफी उत्साहित है। मुख्य पुजारी एवं पुजारी बारीदार सभा के प्रधान रविंद शिंदा, भूषण कालिया, प्रकाश कालिया, संदीप कालिया, संजय कालिया, ट्रस्टी तिलक राज कालिया, ट्रस्टी विनोद कालिया, पूर्व प्रधान विनोद कालिया,ट्रस्टी नरेंद्र कालिया, ट्रस्टी अमित कालिया, रोहन कालिया, समस्त कालिया परिवार में अश्विन नवरात्रों के उपलक्ष में देश-विदेश में रहने वाले लाखों श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं व मां का आशीर्वाद देते हुए कहा की मां भगवती इन नवरात्रों पर सभी भक्तों पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें।

इस संबंध में मंदिर अधिकारी अजय मंडियाल ने बताया कि शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं की चहल-पहल रही। सुबह से ही मंदिर प्रशासन द्वारा मां के दर्शनों के लिए कपाट खोल दिए गए सभी विभागों को स्वास्थ्य, परिवहन, जल शक्ति विभाग, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग अग्नि शमन, आपातकालीन सेवाएं आदि को अपनी सेवाएं सुनिश्चित करने को कहा गया है।

मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को दी जाने वाली सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए वह खुद धरातल पर नजर बनाए हुए हैं । मंदिर प्रशासन श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने को हमेशा तत्पर है।

# राजीव गर्ग अब छेब कांगड़ा में बतौर प्रिंसिपल देंगे सेवाएं

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** सिविल अस्पताल अंब के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर राजीव गर्ग अब हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर ट्रेंनिंग सेंटर छेब कांगड़ा में बतौर प्रिंसिपल सेवाएं देंगे । सोमवार को अस्पताल प्रशासन ने उनकी इस प्रमोशन के लिए उन्हें बधाई व एक बिदाई पार्टी दी। राजीव गर्ग ने अंब में 7 साल 15 दिन बतौर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सिविल अस्पताल अंब को कायाकल्प में प्रदेश भर में पहला स्थान हासिल करने के लिए, लोगों को घर-द्वार पर अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन लगवाने, अस्पताल को 50 से 100 बेड का अस्पताल बनाने जैसे सराहनीय कार्य किए ।

उन्होंने अपने कार्यकाल में अस्पताल में लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कई सराहनीय कार्य किए। उन्होंने अंब अस्पताल में बिताए अपने समय को अपने जीवन का बेहतरीन कार्यकाल बताया। गर्ग ने कहा कि इन 7 सालों में उनके साथ कार्य करने वाले डॉक्टर्स ने हमेशा ही अपनी बेहतरीन सेवाएं लोगों को उपलब्ध करवाई वह अंब अस्पताल का अपना कार्यकाल अपने जीवन में हमेशा याद रखेंगे।

इस बुक अपार सीनियर मेडिकल ऑफिसर राहुल कतना, डाक्टर आरुषि शर्मा, डॉक्टर रुपिंदर कुमार, डाक्टर संदीप कुमार के साथ साथ अस्पताल के अन्य सभी डॉक्टर व स्टाफ उपस्थित रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### बाढ़ प्रभावित गोशालाओं का होगा पुनर्निर्माण

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू फलोत्पादक मंडल की मासिक बैठक अध्यक्ष प्रेम शर्मा की अगुवाई में हुई। इसमें बाढ़ से प्रभावित इलाकों में मदद पहुंचाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। गोशालाओं के पुनर्निर्माण के लिए बैठक में बाढ़ से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई कटराईं और रायसन गोशाला के पुनर्निर्माण के लिए पशु कल्याण कोष से 5-5 लाख रुपए देने का निर्णय लिया गया। इस धनराशि का उपयोग गोशालाओं को फिर से बेसहारा पशुओं के लिए रहने लायक बनाने में किया जाएगा, ताकि उन्हें सर्दियों में भटकना न पड़े। यह काम मंडल की पशु कल्याण उपसमिति की देखरेख में होगा। ब्यास नदी में आई विनाशकारी बाढ़ से मंडल की पत्ती विश्लेषण प्रयोगशाला को भी भारी नुकसान हुआ है। बैठक में इस महत्वपूर्ण भवन को बचाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने पर सहमति बनी। अध्यक्ष प्रेम शर्मा ने बताया कि बाढ़ से मंडल परिसर को भी काफी क्षति पहुंची है। इस नुकसान का आकलन करने के लिए मंडल संबंधित विभागों के साथ मिलकर संयुक्त निरीक्षण करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन की मदद से परिसर को बचाने का काम जल्द ही शुरू किया जाएगा।

### आनी भेजी दो गाड़ियां राशन व कंबल

**अनंत ज्ञान, मनाली।** हिमालय पुत्रा ट्रस्ट ने संत करनेल दास नंदपुर साहब वाले व माता महंत अरुंधति गिरी के सहयोग से हिमालय पुत्र ट्रस्ट ने आनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए दो गाड़ियां राशन व कंबल भेजे। हिमालय पुत्रा ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी चमन कपूर ने कहा कि आपदा से मंडी व कुल्लू जिले में भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि वह भी अपने ट्रस्ट के सभी सदस्यों व समाज सेवियों के माध्यम से हर प्रभावित तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आनी के विधायक लोकेंद्र पर उनके क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए दो गाड़ियां कंबल, राशन और अन्य जरूरत का सामान भेजा है। उन्होंने कहा कि इस नेक कार्य को करने में संत करनेल दास नंदपुर साहब वाले व माता महंत अरुंधति गिरी का भी सहयोग मिला है। उन्होंने सहयोग करने के लिए ट्रस्ट के सभी सदस्यों व समाजसेवियों का भी आभार जताया है।

### सेऊबाग का पुल टूटने से आवाजाही में दिक्कत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू में आपदा के कारण सेऊबाग का पुल टूट जाने के कारण लोगो को आवाजाही के लिए काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। स्थानीय ग्रामीण पृथीपाल, दिलीप, प्रभु खुशदिल, दुनीचंद ने बताया कि जब से पीडब्ल्यूडी ने इस पुल को बंद किया है, तब से रोजमर्रा के कार्यों में जाने के लिए लोगों को वाया रायसन व रामशिला से होकर आना पड़ रहा है। वहीं, पॉलीटेक्निक कॉलेज व स्कूली बच्चे भी पुल के टूटने से काफी परेशानियों का सामना करके स्कूल पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक यह पुल पूरी तरह से ठीक नहीं हो जाता, तब तक कोई वैकल्पिक मार्ग का निर्माण किया जाए, ताकि आने जाने में कुछ सुविधा मिल सके। उन्होंने जिला प्रशासन, पीडब्ल्यूडी और स्थानीय विधायक से आग्रह किया कि वह जल्द ही सेऊबाग के इस पुल का पुनः निर्माण करें, ताकि स्थानीय लोगों को आने-जाने में समस्याओं का सामना न करना पड़े।

### नारा लेखन प्रतियोगिता से अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी स्थित हरिपुर में दोनों एनएसएस इकाइयों द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ हुआ। यह अभियान भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा जल शक्ति मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में 17 सितंबर से 2 अक्तू बर तक संचालित किया जा रहा है। इस वर्ष का विषय स्वच्छोत्सव रखा गया है, जो स्वच्छता के उत्सवमय स्वरूप को दर्शाता है। अभियान का शुभारंभ 22 सितंबर को पोस्टर निर्माण व नारा लेखन प्रतियोगिता से किया गया। इसके अंतर्गत 24 सितंबर को भाषण प्रतियोगिता होगी। इसमें विद्यार्थी अपने विचार रखेंगे। 25 सितंबर को गोद लिए गए गांव तलूना और हरिपुर में रैली, नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता अभियान व प्लास्टिक संग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 27 को एकदिवसीय शिविर आयोजित कर कॉलेज परिसर की आंतरिक व बाहरी सफाई की जाएगी। दोनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय कुमार और प्रो. सीमा के निर्देशन में चल रहा यह अभियान विद्यार्थियों में श्रम की महत्ता, स्वच्छता का महत्व और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करने के साथ-साथ स्थानीय समुदाय में भी स्वच्छता और पर्यावरणीय चेतना का संदेश देगा।

### कमल युवक मंडल ने चलाया सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** जिला कुल्ल्ू की ग्राम पंचायत कलैहली में कमल युवक मंडल के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान युवक मंडल के सभी सदस्यों ने गांव के विभिन्न इलाकों में झाड़ियां को काटा और रास्तों की सफाई की, ताकि लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। कमल युवक मंडल के प्रधान रमेश कुमार, उपप्रधान श्याम लाल, महासचिव अजय ठकराल ने इस साल भारी बारिश के चलते रास्तों को भी काफी नुकसान पहुंचा है और गांव में भी रास्तों में झाड़ियां होने के चलते लोगों को पैदल चलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, ऐसे में युवक मंडल के सभी सदस्यों ने मिलकर पूरे रास्तों की सफाई की इसके अलावा ग्रामीणों को भी स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि आगामी में फिर से युवक मंडल के द्वारा गांव के अन्य इलाकों में सफाई अभियान चलाया जाएगा, ताकि पंचायत के सभी रास्ते साफ-सुथरे बने रहे और लोगों को भी परेशानी न झेलना पड़े।

### कटराईं में आयोजित होंगे विशेष कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का दसवां संस्करण मंगलवार को आयुष विभाग हिमाचल प्रदेश उप मंडल मनाली स्थित कटराईं में मनाया जाएगा। उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी मनाली स्थित कटराईं डॉक्टर नताशा ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष आयुर्वेद दिवस का विषय आयुर्वेद फॉर पीपल एंड प्लेनेट है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत उपमंडलीय चिकित्सालय कटराईं तथा उपमंडल के सभी आयुष आरोग्य मंदिर व आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुर्वेद को अपनाने व प्रोत्साहन के लिए विभिन्न गतिविधियों की जाएंगी। महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण व शिक्षा के लिए जागरूकता शिविर, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार का आयोजन भी किया जा रहा है साथ ही आयुर्वेद तथा योग का जीवन में महत्त्व विषय का आम जनमानस में प्रचार और प्रसार करने के लिए योगाभ्यास कार्यक्रम तथा सूचना शिक्षा व संचार की गतिविधियां भी प्रस्तावित हैं। जनमानस में औषधीय पौधों के गुणों व वनस्पति आधारित औषधियों को अपनाने के लिए चिकित्सालय परिसर कटराईं तथा उपमंडल के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में औषधीय पौधों का रोपण किया जाएगा।

# मन की मुरादें पूरी करती हैं आनी की मां बाड़ी दुर्गा

**सीआर शर्मा, अनंत ज्ञान**

**निरमंड।** यूं तो हमारा समूचा हिमाचल प्रदेश ही देव भूमि के नाम से विख्यात है, मगर कुल्लू जिले के देवी-देवताओं की ख्याति विश्व पटल पर है। बात यदि कुल्लू जिले के आनी वाहय सिराज क्षेत्र की करें, तो यहां देवियों और महादेव के मंदिर अधिक हैं। अपने-अपने ईष्ट देवी-देवताओं के प्रति यहां के लोगों में अटूट आस्था व अगाध श्रद्धा है। खास बात यह है कि यहां का ग्रामीण समाज भी इन्हीं देवी-देवताओं की मान्यता और आस्था पर निर्भर है।

## ऐसे हुई माता की उत्पत्ति

**माता** बाड़ी दुर्गा से जुड़ी जनश्रुति के अनुसार आदिकाल में माता की मूर्ति तिहणी गांव के तुरली खानदान के व्यक्ति को खेत में हल जोतते समय मिली थी, व्यक्ति का उस समय भविष्यवाणी हुई कि यह मूर्ति उसे नदी किनारे स्थित बाड़ी नामक स्थान के पास एक मंदिर में स्थापित करनी होगी। उस व्यक्ति ने तब इस बारे में नजदीकी गांव तुमन के ब्राह्मणों से बातचीत की और ब्राह्मणों ने कालांतर में शाई गांव के शिल्पियों से बाड़ी में एक अलौकिक पहाड़ी शिखर शैली व काष्ठकुणी शैली में मंदिर का निर्माण करवाया और ब्राह्मणों ने मंदिर की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा करने के बाद माता की मूर्ति को मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित किया। दुर्गा माता की न्याय प्रणाली देव गूर पर आधारित है। गूर खेल में आकर, जो वाणी बोलता है, जनता को वह मान्य होती है। माता का मंदिर बाड़ी नामक स्थान पर है, जबकि इसकी कोठी मंडी जिले के करसोग खंड के चवासी क्षेत्र के गांव छखाना गांव में है। वहीं, माता का एक अंश मंदिर शेहुल नामक गांव में भी स्थित है। माता के वर्ष में चार मेले लगते हैं।



आनी उपमंडल की मां बाड़ी दुर्गा का मंदिर।

## बाड़ी में स्थित है माता का अलौकिक मंदिर

आनी से लगभग 6 किमी पहले हरिपुर के समीप नदी के साथ सटे बाड़ी नामक स्थान के पास स्थित है, दो राज तीन गढ़ की अधिष्ठात्री देवी मां बाड़ी दुर्गा का अलौकिक मंदिर। इस देवी माता के दर्शन को विशेष पर्व पर सैकड़ों भक्तों का तांता लगा रहता है। माता के दर जो भी भक्त फरियाद लेकर आता है, वह मां के आशीर्वाद स्वरूप मनवांछित फल प्राप्त करता है। माता की शक्ति का यश और इसकी अलौकिकता दूर-दूर तक फैली हुई है।

## पेड़ आज भी मौजूद

माता के शेहुल गांव स्थित मंदिर की एक दिव्य घटना है कि कालांतर में देवी मां पर एक राक्षस ने कुदृष्टि डाली थी, जिस पर माता ने क्रोधित होकर राक्षस को सबक सिखाने के लिए विराट रूप धारण किया और उसका पीछा करते हुए जमीन से एक विशालकाय देवदार के पेड़ को जड़ समेत उखाड़कर राक्षस पर उसका प्रहार किया, जिससे राक्षस मारा गया। पेड़ के आगे का सिरा शेहुल नामक स्थान पर जमीन में धंस गया और जड़ वाला हिस्सा उपर की तरफ। यह पेड़ इस गांव में आज भी विद्यमान है।

# भुंतर में फर्नीचर शोरूम मालिक ने महिला कर्मी से की छेड़छाड़

- महिला आयोग ने पुलिस को दिए कार्रवाई के निर्देश
- व्यापारियों ने भुंतर थाने में इस मामले की कड़ाई से जांच करने की मांग की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के भुंतर में एक फर्नीचर शोरूम मालिक द्वारा महिला कर्मी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पिछले दिन भुंतर के एक फर्नीचर शोरूम में काम करने वाली महिला कर्मचारी ने आरोप लगाया कि शोरूम के उम्रदराज मालिक द्वारा उसके साथ अश्लील छेड़छाड़ की गई।

महिला ने इस संबंध में भुंतर पुलिस थाना में शोरूम मालिक के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। वहीं, इस मामले को लेकर भुंतर थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित महिला की शिकायत दर्ज कर अदालत में भी उसके बयान दर्ज करवा दिए हैं। पुलिस आरोपी से भी पूछताछ कर रही है। वहीं, इस बीच प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी ने भी इस मामले पर गंभीरता दिखाते हुए कुल्लू के एसपी को मामला दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मामले की कड़ाई से जांच करने के साथ ही महिला को न्याय दिलाने के निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा है कि फर्नीचर शोरूम मालिक एक विशेष समुदाय से संबंध रखता है और वह काफी समय से महिला के ऊपर बुरी नजर रख रहा था। बीते दिन उसने मौका मिलते ही महिला के साथ अश्लील छेड़छाड़ करने के साथ ही उसे दोस्ती करने का ऑफर भी दिया, जिसे महिला ने अस्वीकार करते हुए उसके खिलाफ पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवा दी है। वहीं, इस मसले पर भुंतर बाजार के तमाम व्यापारी भी उग्र हो गए हैं। व्यापारियों ने भुंतर थाने में इस मामले की कड़ाई से जांच करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उधर, एएसपी कुल्लू संजीव चौहान ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है।

# पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन को लेकर तैयारियां शुरू

**अनंत ज्ञान, आनी**

हिमाचल प्रदेश में दिसंबर माह में होने वाले पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं।

इसी क्रम में मतदाता सूचियों का कार्य जारी है। विकास खंड आनी की सभी पंचायतों में मतदाता सूची भाग-2 तैयार कर ली गई हैं, जिसे आम जनता के अवलोकन के लिए पंचायत कार्यालयों में उपलब्ध करवाया गया है। मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण अधिकारी एवं बीडीओ आनी विद्या चौहान ने बताया कि उपायुक्त कुल्लू तोरुल एसरवीश के निर्देशानुसार 22 और 24 सितंबर को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाना है। इसमें आम जनता से आग्रह किया गया है कि वे इन ग्राम सभाओं में भाग लेकर अपने, परिवार व गांव के पात्र मतदाताओं के नाम का अवलोकन करें और यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम छूट गया है, मृतक या स्थानांतरित व्यक्ति का नाम अब भी सूची में दर्ज है, तो उसे सही करवाएं। इस पहल का उद्देश्य राज्य निर्वाचन आयोग की थीम एक भी मतदाता भूल न पाए को सफल बनाना है। उन्होंने बताया कि नए मतदाताओं को सूची में जोड़ने का कार्यक्रम के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जल्द ही तिथियां निर्धारित की जाएंगी।

मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण अधिकारी व बीडीओ आनी विद्या चौहान ने विकास खंड आनी की समस्त पंचायतों के मतदाताओं से आग्रह है कि सभी प्रस्तावित ग्राम सभाओं में पंचायत कार्यालय जाकर मतदाता सूची का अवलोकन करें और उसे शुद्ध बनाने में सहयोग दें।

## तीर्थन घाटी में महिला की संदिग्ध मौत, शव कूहल से बरामद, सरुट गांव पहुंची पुलिस टीम

# मृतका के मायके पक्ष ने जताई हत्या की आशंका

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

जिला कुल्लू के बंजार उपमंडल की तीर्थन घाटी के बठाहड़ क्षेत्र से संबंध रखने वाली सरूट गांव की महिला चाणनु देवी अप्रैल, 2025 में अचानक लापता हो गई थी। उनके पति जोग राज ने 22 अप्रैल को थाना बंजार में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

इसमें बताया गया कि चाणनु देवी मानसिक रूप से अस्वस्थ थीं और 20 अप्रैल को बिना बताए घर से चली गई थीं। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला, तो मामला रहस्यमय बन गया। तीन महीने बाद 30 जुलाई को चाणनु देवी का शव बठाहड़ गांव के पास फलाचन नदी की कूहल में संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ। शव पर मिट्टी लगी हुई थी और सिर गली-सड़ी हालत में था। इसके बाद पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज नेरचौक भेजा, जहां पोस्टमार्टम किया गया। प्रारंभिक रिपोर्ट में मौत का कारण डूबना बताया गया है, लेकिन अंतिम पुष्टि रासायनिक परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद ही होगी। बिसरा जांच के लिए एफएसएल मंडी भेजा गया है।



इस बीच, मृतका के भाई रूपलाल ने अपनी बहन की हत्या की आशंका जताते हुए अपने जीजा जोग राज व अन्य लोगों पर संदेह व्यक्त किया। उन्होंने 31 जुलाई को मुख्यमंत्री सेवा संकल्प पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करवाई। लगातार दबाव के बाद 17 अगस्त को थाना बंजार में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत मुकदमा नंबर 88/2025 दर्ज किया गया। जांच की जिम्मेदारी थाना प्रभारी चंद्रशेखर ठाकुर को सौंपी गई है, जिन्होंने अपनी टीम के साथ घटनास्थल का दौरा किया और मृतका के परिजनों व गवाहों के बयान दर्ज किए। मायका पक्ष से माता बेगी देवी व भाई रूपलाल सहित कई लोग जांच में शामिल रहे। पुलिस ने नामजद आरोपियों से भी पूछताछ की है। जोग राज ने आरोपों को नकारते हुए बताया कि उनकी पत्नी पहले भी कई बार बिना बताए घर से जा चुकी थी और उसका इलाज चल रहा था। उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस का कहना है कि वे इस केस की हर पहलू से गहनता से जांच कर रहे हैं और दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा, लेकिन किसी निर्दोष को भी फंसाया नहीं जाएगा। जांच फिलहाल जारी है।

## कल लाहौल घाटी के दौरे पर आएंगे पूर्व मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो केलांग।** पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर 24 सितंबर को लाहौल घाटी का दौरा करेंगे। इस दौरान उनके साथ भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि जयराम ठाकुर बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेंगे। घाटी में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा के चलते नकदी फसलों को भारी नुकसान हुआ है और कई बीघा उपजाऊ जमीन भूस्खलन की चपेट में आई है। दौरे के दौरान वे चंद्रा वैली, पट्टन, उदयपुर, लिंडूर, मयाड़ और तोद वैली का भ्रमण कर किसानों से नुकसान की जानकारी लेंगे। इस रिपोर्ट को केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। रवि ठाकुर ने बताया कि 25 सितंबर को जयराम ठाकुर और सिद्धार्थन दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।

# विरोध करने का नहीं, आपदा से मिलजुलकर लड़ने का समय : रोशन

**अनंत ज्ञान, मनाली**

होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि यह समय किसी के विरोध करने का नहीं है, बल्कि मिलजुलकर आपदा से लड़ने की जरूरत है।

प्रेस को जारी बयान में उन्होंने कहा कि नेता व लोग धरातल में उतरकर प्रभावित परिवारों की मदद को आगे आएं। उन्होंने कहा कि सांसद कंगना का विरोध करने का यह समय नहीं है। उन्होंने विधायक भुवनेश्वर गौड़ सहित पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पूर्व मंत्री हर गांव का दौरा कर प्रभावित परिवारों के साथ दुख दर्द साझा कर रहे हैं, लेकिन कुछ छुटभैया नेता धरातल में तो कुछ कर नहीं रहे हैं उल्टा घटिया राजनीति कर प्रभावित परिवारों का दर्द बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर गत एक महीने से अपने स्तर पर प्रभावित परिवारों की मदद में जुटे हुए है। ठाकुर ने कहा कि भूस्खलन से बहुत से ग्रामीणों के घरों को नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रदेश सरकार से भी आग्रह किया कि प्रभावित परिवारों तक जल्द से जल्द राहत पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि यह समय एकजुटता से एक-दूसरे की मदद करने का है। उन्होंने सभी सामाजिक संगठनों व समाज सेवियों से आग्रह किया कि प्रभावित क्षेत्रों में जाकर पीड़ित लोगों की यथासंभव मदद करें। रोशन ठाकुर ने कहा कि पर्यटन सीजन शुरू होने वाला है। बाहरी राज्यों के पर्यटक मनाली आने को तैयार हैं, लेकिन मंडी-मनाली नेशनल हाइवे की हालत अभी ठीक नहीं है। उन्होंने नेशनल हाइवे से आग्रह किया कि दिन-रात कार्य को अंजाम देते हुए सड़क की हालत को सुधारें। रोशन ठाकुर ने कहा कि होटल कारोबारी लंबे समय से मंदी की मार झेल रहे हैं। सभी की उम्मीदें दशहरा सीजन पर टिकी है।

## प्रभावित परिवारों को उमंग फाउंडेशन ने बांटी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, आनी।** विकास खंड आनी की ग्राम पंचायत कमांद में रविवार को भूस्खलन से प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई।

यह राहत सामग्री उमंग फाउंडेशन के संस्थापक समाजसेवी घनश्याम शर्मा की अगुवाई में बांटी गई।ग्राम पंचायत कमांद की प्रधान रीमा ठाकुर के नेतृत्व में फाउंडेशन की टीम ने डगसारी, कमांद, चलोन, सराली और कोफरी धार गांवों के प्रभावित परिवारों तक राहत पहुंचाई। गांववासियों ने बताया कि प्राकृतिक आपदा से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस बीच उमंग फाउंडेशन द्वारा सामग्री उपलब्ध करवाना बेहद राहतभरा कदम है।स्थानीय लोगों ने घनश्याम शर्मा और उनकी टीम के इस काबिले-तारीफ जज्बे को सलाम करते हुए आभार व्यक्त किया।

## डीसी ने मनाली से रायसन तक किया सड़कों की बहाली के कार्यों की प्रगति का निरीक्षण



डीसी कुल्लू ने सड़कों की बहाली के कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

डीसी तोरूल एस रवीश ने सोमवार को मनाली के बाहनू पुल, डोहनूनाला, आलू ग्राउंड, बिंदु ढांक, कलाथ, रायसन आदि का दौरा कर सड़कों की बहाली के कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया।

उन्होंने एनएचएआई द्वारा भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुए फोरलेन सड़क की बहाली के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने एनएचएआई के परियोजना निदेशक वरुण चारी को सड़क बहाली के कार्य में तेज़ी लाने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को जल्दी से जल्दी निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि डोहनूनाला के पास सड़क का एक बड़ा हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसको बहाल करने का यहां युद्धस्तर पर कार्य चल रहा है चल रहा है।

इसके साथ ही बाहनू पुल, आलू ग्राउंड, बिन्दु ढांक, कलाथ, रायसन ,आलू ग्राउंड, शिरड रिजॉर्ट के पास भी क्षतिग्रस्त सड़क को बहाल करने के लिए क्रेट वाल लगाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़, एसडीएम रमन शर्मा सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्र संघ चुनाव बहाल कर लोकतांत्रिक अधिकार लौटाए जाएं : अभिनव कश्यप




एबीवीपी ने प्रदेश स्तरीय मांगों को लेकर 24 घंटे की सांकेतिक भूख हड़ताल आयोजित की।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कुल्लू इकाई ने सोमवार को प्रदेश स्तरीय मांगों को लेकर 24 घंटे की सांकेतिक भूख हड़ताल आयोजित की।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने धरना देकर प्रदेश सरकार से छात्रों की समस्याओं का समाधान करने की अपील की। छात्रों ने प्रदेश स्तर पर कई अहम मांगें उठाईं, जिनमें प्रमुख रूप से है प्रदेश में छात्र संघ चुनाव तुरंत बहाल करना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को जल्द लागू करना, शैक्षणिक संस्थानों में लंबित रिक्त पदों को तुरंत भरना। एसपीयू मंडी के साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त करना। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और छात्रावास सुविधाओं उपलब्ध कराना, आपदा प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा देना।

इकाई अध्यक्ष अभिनव कश्यप ने कहा कि छात्र संघ चुनाव बहाल करना ही हमारी प्रमुख मांग है। छात्रों के अधिकारों को अब और अनदेखा नहीं किया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को और अधिक उग्र रूप दिया जाएगा। भूख हड़ताल में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए और नारेबाज़ी कर सरकार से तुरंत समाधान की मांग की।

**नुकसान** शौरी ने किया गड़सा घाटी के आपदा प्रभावित गांवों का दौरा

# बनाला में 16 घर पूरी तरह ध्वस्त

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने गड़सा घाटी की ग्राम पंचायत मझली व जेष्ठा के विभिन्न आपदा प्रभावित गांवों का दौरा किया। उन्होंने इस दौरान प्रभावित परिवारों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं और क्षेत्र में हुए नुकसान का विस्तृत जायजा लिया।

विधायक शौरी ने अपने दौरे के दौरान बनाला, नीनू, जौहल, शियाह, रामनगर, आशनी, पुईन, जेष्ठा व कोईशु धार गांवों का भ्रमण किया। उन्होंने बताया कि आपदा से इन गांवों में भारी क्षति दर्ज हुई है। विधायक ने कहा कि बनाला गांव में 16 घर पूरी तरह ध्वस्त तथा 6 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। सड़क से आए पानी ने गांव को जमींदोज कर दिया है। जौहल गांव में 6 घर, शियाह में 3 घर पूरी तरह तथा 7 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। वहीं, रामनगर गांव में 2 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जबकि आशनी गांव में 10 घरों के साथ-साथ प्राथमिक विद्यालय भी क्षतिग्रस्त हुआ। प्राथमिक विद्यालय रामनगर को भी भारी क्षति पहुंची है।



बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेते हुए।

विधायक शौरी ने कहा है कि बंजार विधानसभा क्षेत्र में लोगों की संपत्ति के साथ-साथ सरकारी संपत्ति की भी भारी क्षति हुई है। विधायक ने कहा कि प्रभावित परिवारों की हर संभव सहायता सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रशासन से राहत व पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने का आग्रह किया और आश्वासन दिया कि प्रभावितों की पीड़ा को सरकार के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा।

# लाहौल-स्पीति बास्केटबॉल टीम ने पहली बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति की बास्केटबॉल टीम ने पहली बार सब जूनियर राज्य स्तरीय (अंडर - 14) बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया। जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति के चेयरमैन व प्रदेश बास्केटबॉल संघ के सह सचिव मदन बौद्ध ने बताया कि यह प्रतियोगिता जिला मंडी के पड्डल मैदान में 20 से 22 सितंबर तक आयोजित हुई।

प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर चेयरमैन ने सूरज और नेहा के साथ टीम को शुभकामनाएं देकर रवाना किया। जिला बास्केटबॉल संघ अध्यक्ष संजय अंगरूप ने बताया ने बताया कि यह लाहौल-स्पीति टीम के लिए खुशी की बात है कि बच्चे लगातार खेलो में रुचि दिखा रहे हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला लाहौल-स्पीति के लड़कों एवं लड़कियों की टीमों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि यह पहला मौका है, जब राज्य स्तरीय अंडर-14 प्रतियोगिता में लड़कों के साथ लड़कियों की टीम भी भाग लेने जा रही है। लड़कियों की टीम में एंजेलीना बौद्ध, काव्या व्यास, तेनजिन एंगों, तेनजिन फिल्मो, प्रियांशी ठाकुर, तेनजिन नईनाथ, पद्मा कतिल, अनायशा सांख्य, तेनजिन सेल्डोन, लड़कों की टीम में,सत्यार्थ ठाकुर, अयान बोद्ध, शिवांश ठाकुर, हर्षदीप सिंह राठौर, कुनाल, पीयूष, यशीत कोठिकास, तेंजिन थोकमेट, तेंजिन जिग्मेट, देवांश लारजे, आशीष पूरी, रिषाण ठाकुर शामिल है। जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति के महासचिव अंकुर राणा ने बताया कि यह प्रतियोगिता न केवल टीम के लिए बल्कि युवा खिलाड़ियों के लिए भी एक सुनहरा अवसर है, जिन्हें राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का एक शानदार मौका मिला। उन्होंने कहा कि टीम ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, टीम भावना और जुनून के साथ टूर्नामेंट में भाग लिया और अपनी एक अलग पहचान बनाई। भविष्य में भी जिला बास्केटबॉल संघ युवाओं के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।



बास्केटबॉल टीम ने पहली बार सब जूनियर राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में लिया भाग।

# मां शूलिनी के दरबार उमड़ा आस्था का सैलाब

## शारदीय नवरात्रः पहले दिन भक्तों ने की मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना, मंदिर के कपाट सुबह 5:00 बजे खोले

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** शारदीय नवरात्र शुरुआत मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना और व्रत के साथ हुई। नवरात्र के पहले दिन सोलन की अधिष्ठात्री मां शूलिनी के दरबार में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रशासन ने मंदिर के कपाट सुबह 5:00 बजे खोले दिए थे। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगना शुरू हो गया था। दोपहर तक हजारों की संख्या में भक्तजनों ने मंदिर पहुंच कर मां शूलिनी देवी के दर्शन और पूजा की। शारदीय नवरात्रों के पहले दिन मां दुर्गा की प्रथम अवतार शैलपुत्री के रूप में पूजा-अर्चना हुई।

लोगों ने देवी कृपा के लिए व्रत रखकर पूजा-अर्चना की। नवरात्र को लेकर शूलिनी मंदिर परिसर में सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध किए गए हैं। मंदिर में दो सुरक्षाकर्मियों की तैनाती भी की गई है, ताकि मंदिर परिसर में भक्त कतार में लगकर आराम से मां शूलिनी का आशीर्वाद ले सकें।


जय माता दी...
नवरात्र के पहले दिन मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।


भक्तों ने मंदिर पहुंचकर नवरात्र के पहले दिन की पूजा-अर्चना।

### मां शूलिनी मंदिर को लाइटों से सजाया

**जिलेभर** के मंदिरों को सजा दिया गया है। मां शूलिनी मंदिर प्रांगण को भी रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। मंदिर परिसर की शोभा देखते ही बन रही है। जिलेभर के मंदिरों में पूजा-पाठ को लेकर भी तैयारियां पूरी कर दी हैं। मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन भी सभी नवरात्र पर आयोजित किए जाएंगे। शहर के अलावा राम मंदिर, जटोली, मां दुर्गा मंदिर चंबाघाट, मां दुर्गा मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर धर्मपुर सहित अन्य क्षेत्रों में भी लोगों की सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। नायब तहसीलदार सोलन सुरेंद्र चंदेल ने बताया कि नवरात्र की तैयारी पूरी हो गई है। सुबह पांच बजे मंदिर का द्वार भक्तों के लिए खुला रहेगा। शारदीय नवरात्र को लेकर जिला पुलिस की ओर से सुरक्षा चक्र को भी मजबूत कर दिया है। पुलिस की ओर से शहर सहित आस-पास के क्षेत्रों में गश्त लगाई जाएगी। अधिक भीड़ वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी से भी नजर रखेगी। इसके अलावा लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस सिविल ड्रेस में भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों की हलचल पर निगरानी रखेगी।

# नमक की बोरी में पिंडी के रूप में देवबंद से त्रिलोकपुर पहुंची थी माता बालासुंदरी

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**पांवटा साहिब।** सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन से लगभग 22 किलोमीटर दूर स्थित त्रिलोकपुर में माता बालासुंदरी का भव्य मंदिर स्थित है। यह स्थान तीन शक्तिपीठों मां ललिता देवी, बाला सुंदरी और त्रिपुर भैरवी के कारण त्रिलोकपुर कहलाता है। लोक मान्यता के अनुसार, माता बालासुंदरी वर्ष 1573 ई. में उत्तर प्रदेश के देवबंद से नमक की बोरी में यहां पधारी थीं। लाला रामदास, जो त्रिलोकपुर में नमक व्यापारी थे, की नमक की बोरी से नमक खत्म नहीं हुआ, जिससे वह चकित हुए।


नवरात्र के लिए सजा माता बाला सुंदरी का दरबार।

माता ने उन्हें स्वप्न में दर्शन देकर बताया कि वे पीपल के नीचे पिंडी रूप में स्थापित हो चुकी हैं और वहां मंदिर बनवाने का आदेश दिया। लाला रामदास ने मंदिर निर्माण की इच्छा राजा प्रदीप प्रकाश तक पहुंचाई। माता ने स्वयं राजा को भी स्वप्न में आदेश दिया। राजा ने 1630 ई. में जयपुर से कारीगर बुलवाकर मंदिर का निर्माण करवाया। त्रिलोकपुर मंदिर में चैत्र और आश्विन नवरात्र के दौरान विशाल मेले लगते हैं, जिन्हें क्रमशः बड़ा मेला व छोटा मेला कहा जाता है। इन मेलों में उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब और यूपी से लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन करने पहुंचते हैं।

## कौलावाला भूड़ में 147 रोगियों की जांच

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन विधानसभा क्षेत्र के कौलावाला भूड़ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने 'फ्री मेडिकल चेकअप कैंप' का शुभारंभ किया। यह कैंप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित किया गया। डॉ. बिंदल ने बताया कि इस शिविर में स्त्री रोग, सर्जरी, नेत्र एवं मेडिसिन के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 147 से अधिक रोगियों की जांच की और सभी को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

इस अवसर पर 120 निर्धन परिवारों को राशन किट व कंबल वितरित किए गए। वहीं, एक हजार फर्स्ट ऐड किट भी प्रतिभागियों को दी गईं। मेडिकल कैंप का आयोजन श्री साईं हॉस्पिटल, नाहन के सहयोग से भाजपा मंडल माता त्रिलोकपुर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रवक्ता विनय गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष प्रताप ठाकुर, मंडल अध्यक्ष सुशील शर्मा, पंचायत प्रधान रीतू चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय गायन प्रतियोगिता में मेघना और करन प्रथम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**हिमाचल** उत्सव में आयोजित राज्य स्तरीय गायन प्रतियोगिता में जूनियर और सीनियर श्रेणी के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों और निर्णायकों की खूब तालियां बटोरीं। जूनियर कैटेगरी में मेघना ने प्रथम स्थान हासिल कर बाजी मारी, जबकि अरमान दूसरे और रुद्र तीसरे स्थान पर रहे।
सीनियर कैटेगरी में करन ने अपनी मधुर आवाज से पहला स्थान प्राप्त किया। शिवानी गोयल ने दूसरा स्थान और देवांश ने तीसरा स्थान अपने नाम किया।
सांत्वना पुरस्कार शीला वर्मा को प्रदान किया गया। सभी विजेताओं को हिमाचल उत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल के हाथों सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान युवाओं की प्रतिभा और संगीत के प्रति जुनून स्पष्ट रूप से दिखाई दिया, जिसने पूरे आयोजन को विशेष बना दिया।

### गंगूराम मुसाफिर ने सुनी जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, सराहां।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगूराम मुसाफिर ने सोमवार को उपमंडल पच्छाद के घिन्नी घाड़ क्षेत्र का दौरा किया व लोगो की समस्याएं सुनी। उन्होंने सराहां-चंडीगढ़ सड़क को भारी बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया। इस सड़क को वाहनों के चलने लायक बनाने के लिए स्थानीय युवाओं द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। इस दौरान स्थानीय निवासी ज्ञान गौतम, रीना शर्मा, केसर सिंह, रमेश कुमार, शिवदत्त, शेर सिंह, याद राम, चिंता राम, प्रदीप कुमार, पंकज, दिनेश ठाकुर, अजय सहित कई लोग मौजूद रहे।

## राजगढ़ में सीढ़ियों से गिरने से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** नगर पंचायत राजगढ़ के वार्ड नंबर-3 निवासी नवीन कुमार उर्फ विक्की (40) पुत्र स्व. दलीप चंद की रविवार रात को सीढ़ियों से गिरने से मौत हो गई। मृतक वेल्डिंग का काम करता था और रोजाना की तरह रात को काम खत्म कर घर लौट रहा था। नजदीकी कानूनगो कार्यालय के पास बने रास्ते पर चढ़ते समय वह अचानक सीढ़ियों से गिर पड़ा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा देर रात हुआ और सुबह जब एक नेपाली मूल के व्यक्ति ने शव को देखा, तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। राजगढ़ पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल राजगढ़ भेजा। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रशासन ने मृतक के परिजनों को 25,000 रुपए की फौरी राहत प्रदान की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक अपने पीछे मां और शारीरिक रूप से दिव्यांग बहन को छोड़ गया है। गरीब परिवार की हालत बेहद दयनीय है।

# आपदा पीड़ितों की मदद को आगे आई पांवटा साहिब साध संगत सेवा समिति


पांवटा साहिब साध संगत सेवा समिति ने की बैठक।

**अनंत ज्ञान, पांवटा/नाहन**

**पांवटा** साहिब साध संगत सेवा समिति की बैठक पांवटा साहिब गुरुद्वारा में हुई। बैठक में पांवटा साहिब से हिमाचल में लोकल बांगरन में मदद की जाएगी।

पंजाब में अमृतसर जिले के रामदास तहसील के अजनाला के पास डेरा बाबा नानक के नजदीक स्थित कुरालीया गांव को गोद लिया, जिसके लिए शीघ्र ही मदद की पहली खेप 28 सितंबर तक पहुंचाई जाएगी। पहली मदद के लिए एनपीएस सहोटा, मनीष तोमर, नसीम बानो, अंसारी, नुसरत अली काशमी, गुरविंदर सिंह गोपी, सतिंदर संधु लेहल, रंजीत कौर रानी, तरसेम सिंह सगी, हरप्रीत सिंह खालसा, हरजीत सिंह फौजी, हरप्रीत सिंह रत्न, संत मानी सिंह, बूटा सिंह, कमलजोत, संत मानी सिंह, सुरेंद्र सिंह, हरदीप सिंह, इंदरजीत सिंह मीका, हरजोत सिंह ने आपदा राहत के लिए लगभग 150000 रुपए से जमा करवाए, जो हिमाचल के बांगरान और पंजाब कुरालीया गांव को राहत पहुंचाई जाएगी। बैठक में निर्णय लिया कि हर पंचायत में अभियान चला कर राहत एकत्र की जाएगी, जो भी वस्तु या नकद राशि एकत्र होगी उसको समिति के खाते में जमा करके जरूरत अनुसार मदद पूरे वर्ष भर भेजी जाएगी।

## 'नल में रहे जल, कुछ तो निकालो हल' विषय पर विचार गोष्ठी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन एम्पावरमेंट एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (सिडो) द्वारा 'नल में रहे जल, कुछ तो निकालो हल' विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिडो संस्था के अध्यक्ष डॉ. राजेश कश्यप ने की। इस गोष्ठी में शहर के प्रतिष्ठित नागरिकों और बुद्धिजीवियों ने भाग लिया और पानी की समस्या को लेकर सार्थक संवाद किया। डॉ. कश्यप ने बताया कि संस्था का उद्देश्य शहर में जल संकट के समाधान के लिए ठोस और रचनात्मक कदम उठाना है। उन्होंने कहा कि किसानों और शहरवासियों को जोड़कर यह संवाद आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में जल संरक्षण, उसके सही उपयोग और स्थानीय स्तर पर समाधान खोजने जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। प्रतिभागियों के सुझावों को एकत्र कर संबंधित अधिकारियों व जिलाधीश को सौंपा जाएगा, ताकि शहर के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जा सके।

# सोलन शहर में करें पानी व्यवस्था सुनिश्चित : शांडिल

## स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में हुई जल शक्ति विभाग और नगर निगम अधिकारियों की बैठक

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**स्वास्थ्य** एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने सोलन शहर में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित बनाने के संबंध में जल शक्ति विभाग तथा नगर निगम के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। डॉ. शांडिल गत दिवस प्रशासनिक, जल शक्ति विभाग व नगर निगम के अधिकारियों के साथ सोलन शहर में जल वितरण व्यवस्था को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने सोलन शहर में समुचित पेयजल व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भविष्य में पेयजल आपूर्ति केवल एक ही एजेंसी से सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शहर में समयसारिणी बनाकर चौथे दिन हर वार्ड में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक वार्ड में उपयुक्त स्थान चिन्हित कर बोरवेल व पानी के छोटे टैंक निर्माण के लिए प्रारूप तैयार करने के निर्देश दिए।


पेयजल समस्या को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल।

### सोलन शहर में हटेंगे पानी के अवैध कनेक्शन

**बैठक** में निर्णय लिया गया कि सोलन शहर में पानी के अवैध कनेक्शन हटाए जाएंगे। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक के लिए बिजली, पानी, शिक्षा, सड़कें और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने इस अवसर पर आश्वस्त किया कि बैठक में प्राप्त दिशा-निर्देशों की अनुपालन सुनिश्चित बनाई जाएगी। इस अवसर पर नगर निगम सोलन की आयुक्त एकता कापटा, उपमण्डलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोलन राजकुमार, जल शक्ति विभाग के अधीक्षक अभियंता संजीव सोनी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित रंजन तलवार सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## विजेता विद्यार्थियों को वितरित किए पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि मेले, त्यौहार और उत्सव न केवल हमारी समृद्ध संस्कृति को दर्शाते हैं, बल्कि भागदौड़ भरे जीवन में लोगों के तनाव को भी कम करते हैं। यह बात डॉ. शांडिल ने रविवार रात को सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में डायनामिक इंडिया युवा मंडल द्वारा आयोजित 21वें हिमाचल उत्सव की सांस्कृतिक संध्या को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार भी वितरित किए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अरुण जस्टा, अरविंद सिंह राजपूत, हिमांशी तनवर, हरिदत्त भारद्वाज सहित कई कलाकारों ने प्रस्तुति दी।

# कोलर आदर्श सौर गांव के लिए चयनित केंद्र से मिलेगी एक करोड़ रुपए की राशि

**एसपी जैरथ, नाहन**

**प्रधानमंत्री** सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत नाहन विधानसभा क्षेत्र का कोलर गांव आदर्श सौर गांव के लिए चयनित किया गया है। योजना के तहत जिला सिरमौर की 27 गांव का चयन किया गया था, जिसमें सोलर पैनल लगाने की विभाग की योजना थी। हिमऊर्जा परियोजना के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना देशभर में शुरू की गई है, जिसमें अनुदान पर लोगों को सौर ऊर्जा लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में पंचायत कोलर के ग्राम कोलर को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आदर्श सौर गांव चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि कोलर में सबसे अधिक सोलर पावर संबंधित कार्य हुआ है, जिसमें 61 लाख 5 हजार पांच सौ पच्चास रुपए की लागत से 33 ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श सौर ग्राम को इस योजना के तहत सोलर पावर प्लांट संबधित गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक करोड़ रुपए की राशि मिलेगी और उसे राशि से भी यहां पर सोलर पावर प्लांट गतिविधियों को और बढ़ावा दिया जाएगा।

**जिला में सौर पैनल के मुताबिक 203 केवी बिजली की जा रही उत्पन्न**

### 27 गांव किए गए थे चयनित

**योजना** के मुताबिक, 5000 से अधिक जनसंख्या वाले गांवों को इसमें शामिल किया जाना था। परंतु भौगोलिक स्थिति को देखते हुए सिरमौर में 2000 से अधिक जनसंख्या वाले 27 गांव चयनित किए गए थे, जिसमें योजना के तहत 6 माह के भीतर यह सौर पैनल लगाने की प्रतियोगिता रखी गई थी। कोलर गांव में सबसे अधिक पैनल लगाकर पहला स्थान प्राप्त किया है। सिरमौर जिले में 27 गांव का प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत चयन किया गया था। इन गांव में 203 किलोवॉट विद्युत उत्पादन किया जा रहा है। ओम प्रकाश ने लोगों से इस योजना का लाभ उठाने की भी अपील की है।

## नुक्कड़ नाटक से लोगों को हिम गंगा योजना की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विकास खंड नाहन की आंबवाला-सेनवाला पंचायत के सेनवाला तथा कटोला के महोलिया खटोला में फोक मीडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कलाकारों ने जनता को बताया कि प्रदेश सरकार विधवा पुनर्विवाह योजना के तहत 2 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर रही है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ावर्ग, अल्प संख्यक समुदायों की महिलाओं, बच्चों, दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के उत्थान व समाज में इन वर्गों को समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे फोक मीडिया विशेष प्रचार अभियान के माध्यम से सिरमौर जिला में आमजन तक पहुंचाया जा रहा है। वहीं, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को हिम गंगा योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना के बारे में जानकारी दी। इस दौरान आंबवाला-सेनवाला पंचायत के उपप्रधान संजीव कुमार, वार्ड सदस्य कविता देवी, बेबो देवी, पंचायत कटोला की प्रधान अनिता देवी, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं सहित स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

**विधवा पुनर्विवाह योजना के तहत सरकार प्रदान कर रही है 2 लाख रुपए**

# डीसी से की मिल्ला स्कूल भवन और शौचालय निर्माण की मांग


मिल्ला स्कूल भवन की हालत को लेकर डीसी को मांग पत्र सौंपते हेमराज राणा।

**अनंत ज्ञान, शिलाई**

**सिरमौर** जिले के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मिल्लाह स्कूल में बने शौचालय की जमीन दिन-प्रतिदिन धंसती जा रही है, जिस कारण कभी भी गिर सकता है।

भवन की गंभीर स्थिति को लेकर समाजसेवी एवं स्कूल प्रायोजक हेमराज राणा ने डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा से आग्रह किया कि मिल्ला स्कूल की इस गंभीर समस्या का जल्द समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में कोई अनहोनी न हो। हेमराज राणा ने स्कूल प्रबंधन कमेटी से प्रस्ताव पारित की प्रतिलिपि और मौके की गंभीर स्थिति की छायाप्रति के गंभीर स्थिति से डीसी को अवगत करवाया, जिसमें मांग की गई है कि छात्रों के शौचालय और वरिष्ठ सहायक कार्यालय को गिराया जाए और छात्रों को शौचालय और वरिष्ठ सहायक कार्यालय का नव निर्माण किया जाए, जिसके लिए बजट मुहैया करवाने का आग्रह किया गया। डीसी ने आश्वस्त किया और संबंधित विभाग शिक्षा उपनिदेशक एलीमेंट्री को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

## फुटबाल वेलफेयर एसोसिएशन ने की जांच समिति गठित करने की मांग

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सुप्रीम कोर्ट की ओर से अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) के संविधान पर दिए गए ऐतिहासिक फैसले के बाद हिमाचल प्रदेश में भी फुटबाल संघ के कामकाज में पारदर्शिता और सुधार की मांग जोर पकड़ने लगी है। हिमाचल प्रदेश फुटबाल वेलफेयर एसोसिएशन ने इस फैसले का स्वागत करते हुए प्रदेश स्तर और जिला इकाइयों में संविधान सम्मत कार्य प्रणाली की मांग की है।

राज्य संयोजक नरिंदर थापा ने आरोप लगाया कि पिछले 14 वर्षों से हिमाचल प्रदेश फुटबाल एसोसिएशन में महासचिव और कोषाध्यक्ष जैसे अहम पदों पर सिर्फ दो ही व्यक्तियों का कब्जा है, जो संविधान के खिलाफ है और संगठन की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने मांग की कि एचपीएफए और सभी जिला फुटबाल संघों की कार्यप्रणाली को संविधान के अनुसार चलाया जाए और इसके लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया जाए। समिति यह सुनिश्चित करे कि जिला एसोसिएशन की कार्यकारिणी विधिवत गठित हुई है या नहीं।

एसोसिएशन ने पिछले 15 साल के सभी पदाधिकारियों के रिकॉर्ड सार्वजनिक करने की भी मांग की है। उनका मानना है कि यदि जिला स्तर पर संगठन पारदर्शी और उत्तरदायी नहीं होंगे, तो राज्य स्तर पर भी सुधार संभव नहीं है। वेलफेयर एसोसिएशन ने बताया कि वे जल्द ही मुख्यमंत्री, खेल मंत्री, एचएफए अध्यक्ष और एआईएफएफ अध्यक्ष से मिलकर अपनी मांगें रखेंगे। साथ ही सभी फुटबाल प्रेमियों और खिलाड़ियों से सुधार अभियान में जुड़ने की अपील की है, ताकि राज्य में फुटबाल को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया जा सके।

**खेलकूद** अमन ठाकुर ने लॉन्ग जंप में गोल्ड मेडल और हाई जंप में झटका सिल्वर मेडल

# डीएवी स्कूल सराहां ने खिलाड़ियों ने जीते 32 मेडल

**संजय राजन, अनंत ज्ञान**

**सराहां।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर 8 में आयोजित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराहां के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 32 मेडल झटके। गौरतलब है कि डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाहन के चंबा ग्राउंड में कलस्टर 8 खेलकूद प्रतियोगिता का गत रविवार को समापन हो गया। इसमें एआरओ एचपी जॉन मासूमा सिंघा, प्रिंसिपल डीएवी परमाणु डॉ. हरनीत कौर और आरओ एचपी जॉन ई. स्नेहा रैना, प्रिंसिपल डीएवी पांवटा साहिब शालिनी कांत ठाकुर ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया।



विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराहां के खिलाड़ी।

एक दिवसीय प्रतियोगिता में डीएवी सराहां ने सराहनीय प्रदर्शन रहा। अंडर-14 ब्वॉयज वर्ग में अभिनव ठाकुर ने 100 मीटर और 200 मीटर में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। दीक्षित चौहान ने 400 मीटर और 800 मीटर में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। अंडर-14 गर्ल्स वर्ग में तेजस्विनी राजन ने 100 मीटर और 200 मीटर में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। निवृति पुंडीर ने 400 और 800 मीटर में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अंडर-17 ब्वॉयज वर्ग में अमन ठाकुर ने लॉन्ग जंप में गोल्ड मेडल, हाई जंप में सिल्वर मेडल, सोनिक शर्मा ने 100 और 200 मीटर में सिल्वर मेडल, उज्जवल शर्मा ने 400 मीटर में सिल्वर मेडल, पीयूष ठाकुर ने 1500 मीटर में सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

अंडर-17 गर्ल्स वर्ग में आरुषि शर्मा ने लॉन्ग जंप में गोल्ड मेडल, 1500 मीटर रेस में सिल्वर मेडल, अंशिता वर्मा ने 400 मीटर और 800 मीटर में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वैष्णवी शर्मा ने 100 मीटर और 200 मीटर रेस में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। रितिक ने डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल, शॉर्ट पुट में ब्रॉन्ज मेडल 4*100 एम रिले गर्ल्स रे गर्ल्स और ब्वॉयज दोनों ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

बच्चों की इस उपलब्धि पर स्कूल में खुशी की लहर है। स्कूल प्रभारी विशाल पुंडीर ने खिलाड़ियों, अभिभावकों तथा विद्यालय के सभी स्टाफ को बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा नेता युद्धवीर पठानिया पर जानलेवा हमला

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** भारतीय जनता पार्टी के नेता युद्धवीर पठानिया पर कुछ अज्ञात लोगों द्वारा तेजधार हथियारों के साथ जानलेवा हमला किया गया। युद्धवीर पठानिया को बेसुध हालत में सिविल अस्पताल पठानकोट में इलाज के लिए दाखिल करवाया गया है, जहां उनका ईलाज करने वाले डॉक्टरों का कहना है कि उनके हाथ पैरो पर फ्रेक्चर आया है और अभी ईलाज चल रहा है। वहीं, हलका सुजानपुर के पूर्व विधायक दिनेश सिंह बब्बू भी समर्थकों सहित घायल का हालचाल जानने के लिए अस्पताल पहुंचे। घटना के चश्मदीदों की मानें तो हमला उस समय किया गया, जब युद्धवीर पठानिया दो पक्षों में हुए झगड़े का राजीनामा करवाने लिए जा रहे थे।

### सेवा ही पीएम मोदी के जीवन का उद्देश्य : टंडन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों के तहत सोमवार को सेक्टर-44 स्थित लेबर चौक पर निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर भाजपा चंडीगढ़ मेडिकल सेल द्वारा कंस्ट्रक्शन वर्कर लेबर यूनियन, सेक्टर-44 के सहयोग से लगाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में मजदूरों व स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश सहप्रभारी संजय टंडन ने भी उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। संजय टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन का मूल मंत्र सेवा है। गरीब और जरूरतमंद तक सुविधाएं पहुंचाना ही उनके जीवन का उद्देश्य रहा है। सेवा पखवाड़ा इसी सोच का प्रतीक है।' उन्होंने आगे कहा, 'चंडीगढ़ भाजपा मेडिकल सेल द्वारा लगाया गया यह स्वास्थ्य शिविर वाकई एक सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजन न केवल मजदूर वर्ग को राहत देते हैं, बल्कि समाज में सेवा की भावना को भी मजबूत करते हैं।'

### अल्जाइमर रोग के शुरुआती संकेतों को न करें अनदेखी

**अनंत ज्ञान, मोहाली।** मोहाली 'अल्जाइमर रोग न केवल स्मृति को प्रभावित करता है, बल्कि धीरे-धीरे सोचने, दिशा, भाषा और सरल कार्यों को करने की क्षमता को भी बिगाड़ता है।' एसोसिएट डायरेक्टर न्यूरोलॉजी, मैक्स हॉस्पिटल, मोहाली डॉ. सावन वर्मा ने कहा कि प्रारंभिक लक्षण अक्सर सामान्य उम्र बढ़ने के संकेतों के रूप में अनदेखे रह जाते हैं, लेकिन समय पर निदान रोग की प्रगति को धीमा करने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद कर सकता है। जोखिम कारकों में उम्र, पारिवारिक इतिहास, गतिहीन जीवनशैली, धूम्रपान, अनियंत्रित डायबिटीज, उच्च रक्तचाप और मानसिक उत्तेजना की कमी शामिल हैं, उन्होंने बताया। डॉ. वर्मा ने आगे कहा कि वर्तमान में अल्जाइमर का कोई इलाज नहीं है, लेकिन नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, सामाजिक जुड़ाव और मानसिक गतिविधियों जैसे स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने से जोखिम कम हो सकता है। 'प्रारंभिक हस्तक्षेप, दवाएं और सहायक थेरेपी भी मरीजों को सम्मान के साथ जीने में मदद कर सकती हैं।' अल्जाइमर केवल एक मरीज की बीमारी नहीं है, यह पूरे परिवार को प्रभावित करता है। मिलकर, जागरूकता फैलाकर और सहानुभूति दिखाकर, हम प्रभावित लोगों के लिए एक अधिक सहायक वातावरण बना सकते हैं।'

### जींद में दो वर्षीय बच्ची का शव मिला

**अनंत ज्ञान, जींद।** दड़ा मोहल्ला में सोमवार सायं उस समय हड़कंप मच गया, जब संदिग्ध परिस्थितियों में दो वर्षीय बच्ची का शव बरामद हुआ है। बच्ची के मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था और उसका शव कंबल में लिपटा हुआ था। घटना की सूचना मिलने पर डीएसपी संदीप मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक बच्ची के शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। मंगलवार को बच्ची के शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। उत्तर प्रदेश के आगरा निवासी महिला प्रीति कई वर्षों से अपने चार वर्षीय बेटे और दो वर्षीय बेटी साधना के साथ शहर के धड़ा मोहल्ला में रह रही थी। वह घरों में झाड़ू व पोचा करके अपने परिवार का पालन-पोषण कर रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पहले भी चार बार बच्ची गायब हो चुकी है। डीएसपी संदीप कुमार ने बताया कि बच्ची का शव मिलने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। बच्ची के शव का मंगलवार को पोस्टमार्टम करवाया जाएगा, के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रथम नवरात्र पर माता मनसा देवी मंदिर में की पूजा

# सामाजिक समरसता का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़/पंचकूला**



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी माता मनसा देवी मंदिर में पत्नी के साथ पूजन करते हुए।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अश्विन नवरात्र के पहले दिन अपनी पत्नी सुमन सैनी के साथ पंचकूला स्थित प्रसिद्ध शक्ति पीठ माता मनसा देवी मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने यज्ञशाला में हवन यज्ञ में आहुति भी डाली। मंदिर परिसर में उन्हें माता का चित्र श्राइन बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी निशा यादव ने भेंट किया। मुख्यमंत्री के साथ उपायुक्त सतपाल शर्मा, श्राइन बोर्ड की सचिव शारदा प्रजापति, मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अश्विन नवरात्र का प्रथम दिन शक्ति की उपासना का प्रतीक है और यह हम सभी को शक्ति, संयम और सेवा का संदेश देता है।

इसके उपरांत मुख्यमंत्री पंचकूला में आयोजित 'महाराजा अग्रसेन जयंती' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

### महाराजा अग्रसेन जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत

कार्यक्रम हरियाणा सरकार की *संत महापुरुष सम्मान एवं विचार-प्रसार योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतो समावेशिता, समानता और आत्मनिर्भरता पर आधारित नीतियों के माध्यम से कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन अपने राज्य में बसने वाले प्रत्येक व्यक्ति को एक ईंट और एक स्वर्ण मुद्रा देते थे, ताकि वह समाज में आत्मनिर्भर होकर योगदान दे सके। इसी नीति को आधार बनाकर वर्तमान सरकारें भी 'सबका साथ, सबका विकास' की सोच के साथ काम कर रही हैं।मुख्यमंत्री ने बताया कि व्यापारियों और उद्योगपतियों के लिए 'ई-रिफंड', 'ई-पंजीकरण', 'ई-फाइलिंग' जैसी सुविधाएं शुरू की गई हैं।

हिसार हवाई अड्डे का नाम महाराजा अग्रसेन के नाम पर रखा गया है ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके योगदान को याद रखें। 'प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना' के तहत 60 वर्ष की आयु पर 3000 रुपए मासिक पेंशन की सुविधा दी जा रही है।

कार्यक्रम में विपुल गोयल, विधायक सावित्री जिंदल, ज्ञानचंद गुप्ता, असीम गोयल सहित अग्रवाल समाज के प्रमुख लोग मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने समाज से प्रदेश के विकास में भागीदार बनने का आह्वान किया।

# 'गोपाल' ने व्रतियों के लिए लांच की स्पेशल नवरात्र थाली

**अनंत ज्ञान,चंडीगढ़**



22 सितंबर से शारदीय नवरात्र की शुरुआत हो गई है। इस 9 दिन लोग व्रत रखने के साथ खान-पान में भी सावधानी बरतते हैं। इसे देखते हुए होटल और रेस्टोरेंट में भी नवरात्र स्पेशल थाली लाई गई है। लोगों को इसमें साबुदाने की खिचड़ी खूब पसंद आ रही है। नवरात्र में 9 दिनों तक व्रत रखा जाता है। इन दिनों में नमक और अन्न नहीं खाया जाता है। ऐसे में बाजार में नवरात्र स्पेशल थाली आ गई है। नवरात्र के पावन अवसर पर विभिन्न रेस्टोरेंट्स ने भी खास थाली और स्नैक्स तैयार किए हैं।

फूड और स्वीट्स में विख्यात 'गोपाल' की विशेष थाली भी देखने में काफी आकर्षित कर रही है। आउटलेट पर 2 तरह की थाली पेश की गई हैं, जिनकी कीमत क्रमश: 410 और 472 रुपए है। आउटलेट निदेशक शरणजीत सिंह की बहू भावना सिंह बतरा ने बताया कि व्रत रखने वाले लोगों के लिए विशेष 'व्रत थाली तैयार की है, जिसमें व्रत के अनुसार चीजें होंगी। नवरात्र थाली तैयार करने और परोसने में शुद्धता और सफाई का पूरा ख्याल रखा जाएगा। आउटलेट में व्रत वाले ग्राहकों के लिए अलग व्यवस्था होगी।

नमकीन में कई प्रकार की चाट और मीठे में कई प्रकार की मिठाइयां तैयार की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि नवरात्र स्पेशल थाली में कुट्टू के आटे की दो पूड़ी, रायता, आलू जीरा, दही का रायता, समक चावल, साबूदाना की खीर, कद्दू की सब्जी को शामिल किया गया है। ये डाइट एक व्रती के लिए पर्याप्त है। उन्होंने आगे बताया कि जिन लोगों को हल्का-फुल्का खाना है, उनके लिए भी दूसरे कई आइटम रेडी करवाए हैं। इसमें कुट्टू के आटे से तैयार पनीर टिक्का, साबुदाना खिचड़ी, व्रत का दही भल्ला, पूरी-सब्जी, समक चावल दही का रसा, साबुदाना की टिक्की, मिल्क बादाम पिस्ता मिल्क, कोल्ड कॉफी, चाय, कलाकंद, काजू बर्फी, अंजीर बर्फी, खोया बर्फी, फलाहारी पंचरत्न मिक्स और आलू चिप्स रखे हैं। सबसे ज्यादा साबुदाना की खिचड़ी पसंद की जाती है। व्रत के खाने में अपने यहां लहसून प्याज का इस्तेमाल कभी नहीं होता है।

# चंडीगढ़ में मुख्य सचिव राजीव ने किया 'स्वच्छता ही सेवा 2025' का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ में 17 सितंबर से 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान की शुरुआत हुई। यह अभियान 2 अक्तूबर तक चलेगा। मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने रोजगार्डन से इसकी शुरुआत की। कार्यक्रम की शुरुआत सफाई मित्रों द्वारा बनाई गई मानव श्रृंखला से हुई, जिसमें 'कम करो, फिर से इस्तेमाल करो और रिसायकल करो' का संदेश दिया गया। इसके बाद स्वच्छता रैली निकाली गई और नगर निगम की सफाई मशीनों का प्रदर्शन किया गया।

इस अभियान का उद्देश्य शहर के गंदे और उपेक्षित इलाकों की सफाई करना, सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करना, और प्लास्टिक मुक्त तथा साफ-स्वच्छ चंडीगढ़ बनाना है। इसके अंतर्गत स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों की पहचान कर वहां विशेष अभियान चलाए जाएंगे। 25 सितंबर को 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' थीम पर सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम होगा, जिसमें सभी नागरिकों से भाग लेने की अपील की गई है। अमित कुमार ने बताया कि इस दौरान स्वच्छ स्कूल अभियान, वेस्ट से आर्ट प्रदर्शनी, साफ पार्क अभियान, प्लास्टिक संग्रह अभियान और समापन समारोह में स्वच्छता चैंपियनों का सम्मान किया जाएगा।

इस अभियान में भाग लेने के लिए नागरिक [https://chandigarh.gov.in/shsw®wz](https://chandigarh.gov.in/shs2025) लिंक पर पंजीकरण कर सकते हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम के अधिकारी भी शामिल हुए।

# सर्वेश्वर ग्रुप : ऑर्गेनिक उत्कृष्टता और सतत विकास का अग्रदूत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चेयरमैन रोहित गुप्ता के दूरदर्शी नेतृत्व में सर्वेश्वर ग्रुप ने ऑर्गेनिक कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और निर्यात के क्षेत्र में एक सशक्त पहचान बनाई है। लगभग 130 वर्षों की परंपरा और अनुभव के साथ यह समूह आज भी गुणवत्ता, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी के मूल सिद्धांतों पर काम कर रहा है। ग्रुप का उद्देश्य है कि स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना, किसानों को सशक्त बनाना और पर्यावरण के अनुकूल खेती को प्रोत्साहित करना।

इस दिशा में समूह ने *उत्तर प्रदेश में 'नोमानी गंगेय प्रोजेक्ट', उत्तर-पूर्व में 'मिशन ऑर्गेनिक वैल्यू चेन डेवलपमेंट' और हिमाचल प्रदेश में क्रॉप डायवर्सिफिकेशन योजना के तहत अनेक सफल पहलें की हैं। जम्मू-कश्मीर सरकार के सहयोग से 25,000 से अधिक





किसानों को ऑर्गेनिक तंत्र से जोड़ा गया है। सर्वेश्वर ग्रुप की ऑर्गेनिक पहल का केंद्र हिमालयन बायो ऑर्गेनिक फूड्स लिमिटेड (HBOFL) है, जो सतत् कृषि और प्राकृतिक खाद्य उत्पादों को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, साथ ही, निंबार्क जो सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड की सहायक इकाई है, जो भारत और विदेशों में प्रमाणित ऑर्गेनिक उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला प्रस्तुत कर रही है।

हाल ही में चंडीगढ़ में 13वें निंबार्क स्टोर का शुभारंभ नगर आयुक्त अमित कुमार ने किया। इस स्टोर में ऑर्गेनिक चावल, दालें, मसाले, तेल, घी, जूस, हर्बल पाउडर व सुपरफूड्स उपलब्ध हैं। आयुक्त ने ऑर्गेनिक उत्पादों के प्रचार को सार्वजनिक स्वास्थ्य और सतत विकास के लिए आवश्यक बताया। पूजा गुप्ता (निंबार्क की नवाचार नेतृत्वकर्ता) और अनिल शर्मा (HBOFL की टीम के प्रमुख) ग्रुप की इस सफलता में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ये सभी मिलकर किसानों और उपभोक्ताओं के बीच की दूरी घटा रहे हैं और भारत में ऑर्गेनिक जागरूकता आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं।

सर्वेश्वर ग्रुप जम्मू-कश्मीर से NSE और BSE में सूचीबद्ध होने वाली एकमात्र कंपनी है। यह समूह परंपरा और नवाचार का संगम प्रस्तुत करता है और सतत कृषि के माध्यम से समाज को स्वास्थ्य और समृद्धि की ओर ले जा रहा है।

## देश-विदेश

# पाकिस्तानी एयरफोर्स ने अपने ही लोगों पर बरसाए बम, 30 की मौत

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की वायुसेना पर अपने ही लोगों पर बमबारी के आरोप लगे हैं। सोमवार को कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पाकिस्तानी वायुसेना ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के वजीरिस्तान स्थित तिराह घाटी में बिना कोई चेतावनी जारी किए ही बम गिरा दिए। इस हमले की चपेट में आकर 30 लोगों की जान चली गई। रिपोट्र्स में बताया गया है कि यह बमबारी पाकिस्तानी वायुसेना के जेएफ-17 विमान के जरिए की गई। जो बम बरसाए गए, वह घातक किस्म के एलएस-6 बम थे।

यह घटना रविवार देर रात करीब दो बजे की है। धमाके इतने तेज थे कि गांव के गांव तबाह हो गए। हमले में कई लोग घायल भी हुए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पाकिस्तान की वायुसेना इन हमलों के जरिए आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को निशाना बनाने की कोशिश कर रही थी। हालांकि, आतंकियों के बजाय हमले में अधिकतर नागरिकों की मौत हुई। (अनंत ज्ञान)

### कई लोग घायल

**इमरान** खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) खैबर पख्तूनख्वा संभाग ने इस घटना की जानकारी दी है। पार्टी ने बताया है कि हमले में कई आम लोग घायल हुए हैं। पांच से ज्यादा घर भी तबाह हुए हैं। इसके अलावा महिलाओं और बच्चों की मौत हुई है। पीटीआई ने इस घटना की तस्वीरें और वीडियो साझा किए हैं। घटना पर प्रांतीय सदन के सदस्य अब्दुल गनी अफरीदी ने कहा कि सरकार अपने ही लोगों को निशाना बनाकर मानवता के खिलाफ अपराध को अंजाम दे रही है। दूसरी तरफ पीटीआई खैबर पख्तूनख्वा के एक्स हैंडल में पोस्ट में कहा गया कि कभी ड्रोन हमले तो कभी बमबारी से नफरत के बीज बोए जा रहे हैं। जब यह गुस्से का गुबार फूटेगा तो कुछ भी नहीं बचेगा।

# 24 घंटे में फिलिस्तीन को 4 देशों ने दी मान्यता

**एजेंसी, लंदन।** पिछले 24 घंटे में ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और पुर्तगाल ने फिलिस्तीन को औपचारिक तौर पर एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे दी। इससे फिलिस्तीन को मान्यता देने वाले देशों की संख्या अब करीब 150 हो गई है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि दो राष्ट्र समाधान ही शांति का रास्ता है। वहीं, पुर्तगाल के विदेश मंत्री पाउलो रेंजेल ने कहा कि फिलिस्तीन को मान्यता देना ही स्थायी शांति का एकमात्र रास्ता है। हालांकि, अमेरिका अब भी फिलिस्तीन को एक देश के तौर पर मान्यता नहीं देता है। वहीं, फ्रांस ने भी ऐलान किया है कि वह इस हफ्ते यूएन में फिलिस्तीन को मान्यता देने के पक्ष में वोट करेगा। वहीं, इसराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि फिलिस्तीन को आजाद देश मानना आतंकवाद को इनाम देना है। नेतन्याहू ने कहा कि वह इसका जवाब अमेरिका से लौटने के बाद देंगे। (अनंत ज्ञान)

# पत्नी की स्थायी आमदनी न होने पर देना होगा गुजारा भत्ता : हाईकोर्ट

**एजेंसी, भुवनेश्वर**

ओडिशा हाईकोर्ट ने सोमवार को पत्नी और बेटी को 10 हजार रुपए गुजारा भत्ता यानी मेंटेनेंस देने के फैमिली कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। हाईकोर्ट ने कहा कि पति यह साबित नहीं कर पाया कि पत्नी के पास परमानेंट इनकम है। जस्टिस गौरीशंकर सतपथी की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि पति ने ऐसा कोई दस्तावेज या सबूत नहीं दिया, जिससे पता चले कि पत्नी कितने मामलों में वकालत कर रही है और कितना कमा रही है। कोर्ट ने कहा कि यदि पत्नी की इनकम के सबूत नहीं हैं, तो यह मानना गलत है कि सभी पढ़ी-लिखी पत्नियां पति के पैसों पर जीना चाहती हैं। उन्हें बेकार वर्ग कहना भी गलत है।



### ओडिशा हाईकोर्ट ने बरकरार रखा फैमिली कोर्ट का फैसला

हाईकोर्ट ने कहा कि सिर्फ शिक्षित होना यह साबित नहीं करता कि महिला जानबूझकर काम नहीं कर रही या पति पर बोझ बनकर रहना चाहती है। जब तक ठोस सबूत न हों, तब तक ऐसी सोच रखना गलत है। अगर पत्नी के पास कमाई का स्थयी सोर्स नहीं है तो पति को उसे गुजारा भत्ता देना होगा। (अनंत ज्ञान)

### यह है पूरा मामला

**यह** मामला बारगढ़ का है। तलाक के केस में पति देवेंद्र राव ने अपनी पत्नी और बेटी को गुजारा भत्ता देने से मना कर दिया। फैमिली कोर्ट में दलील दी गई कि उनकी पत्नी पढ़ी-लिखी है। वह एमए, एलएलबी है। टीचर और एलआईसी एजेंट है, इसलिए उसे गुजारा भत्ता का हक नहीं है। उनकी बेटी भी एडल्ट हो चुकी है। इसलिए वह मेंटेनेंस नहीं मांग सकती। फैमिली कोर्ट ने आदेश में कहा कि 2012 से याचिकाकर्ता हर माह पत्नी और बेटी को 5-5 हजार यानी 10,000 का भुगतान करे। देवेंद्र ने फैमिली कोर्ट के इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी। पति ने याचिका में कहा था कि उसकी पत्नी पढ़ी-लिखी है और उससे ज्यादा कमाती है। उसने यह भी आरोप लगाया कि पत्नी अपनी इच्छा से घर छोड़कर चली गई है, इसलिए वह मेंटेनेंस की हकदार नहीं है। वहीं, इस मामले में पत्नी ने कहा कि वह वकील जरूर हैं, लेकिन उनकी कमाई बहुत कम है। साथ ही उन्हें लॉ पढ़ रही बेटी की पढ़ाई का और अन्य खर्च भी उठाना पड़ता है। पत्नी ने आरोप लगाया कि पति ने दूसरी शादी कर ली है। हाईकोर्ट ने कहा कि उसने पति की दूसरी शादी पर भी आपत्ति दर्ज नहीं की है, इसलिए उसे अलग रहने का कानूनी आधार है। फिर पति खुद तलाक की अर्जी दे चुका है। अब यह तर्क देना कि पत्नी ने घर छोड़ दिया, वाली दलील से कोई फायदा नहीं मिल सकता।

### एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर क्राइम नहीं : हाईकोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि व्यभिचार यानी एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर अपने-आप में कोई अपराध नहीं है, बल्कि यह एक वैवाहिक वजह है, जिसे तलाक या वैवाहिक विवाद के मामलों में आधार बनाया जा सकता है। जस्टिस पुरुषेन्द्र कौरव ने कहा कि कोई भी पति या पत्नी अपने साथी के प्रेमी पर मुकदमा कर सकता है, और अपनी शादी तोड़ने, आपसी प्रेम को नुकसान पहुंचाने के लिए आर्थिक मुआवजे की मांग भी कर सकता है। यह इसलिए कि इसके नतीजे खतरनाक हो सकते हैं। याचिका में पत्नी ने पति की प्रेमिका से भावनात्मक नुकसान और साथी की हानि के लिए मुआवजा मांगा है। हालांकि पति और उसकी प्रेमिका को नोटिस जारी किया गया है, ताकि इस बात पर फैसला हो सके कि शादी टूटने की वजह महिला है या नहीं। (अनंत ज्ञान)

### राजस्थान, पंजाब व गुजरात से मानसून की विदाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राजस्थान, पंजाब और गुजरात से मानसून की वापसी होने लगी है। मध्य प्रदेश में लौटते मानसून के चलते बारिश का दौर जारी है। प्रदेश में अगले 10 दिन और बारिश होगी। 30 सितंबर के बाद एमपी से मानसून लौटने लगेगा। बिहार में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अगले एक हफ्ते मानसून की एक्टिविटी जारी रहेगी। इस दौरान कई जिलों में भारी बारिश होने की भी संभावना है। उधर, यूपी में बारिश से नदियां उफान पर हैं। लखीमपुर खीरी, बलिया, गोंडा समेत 8 जिलों के कुछ इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। लखीमपुर खीरी में 4 सेकेंड में मकान बह गया। 48 घंटे में यहां 8 मकान नदी में समा गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### खालिद, इमाम की जमानत पर पुलिस जवाब तलब

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली दंगा मामले में आरोपी उमर खालिद, शरजील इमाम, मीरां हैदर, गुल्फिशा फातिमा, और शिफा उर रहमान ने अपनी जमानत याचिकाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी नियमित और अंतरिम जमानत याचिकाओं पर दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। इन याचिकाओं पर अगली सुनवाई 7 अक्तूबर को होनी है। आरोपियों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकीलों, कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने अंतरिम जमानत पर जल्द सुनवाई की मांग की है, ताकि आरोपी दिवाली से पहले रिहा हो सकें। इन आरोपियों ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। (अनंत ज्ञान)

### फिलीपींस में भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़कों पर लोग

**एजेंसी, मनीला।** फिलीपींस में रविवार को लोगों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प हुई। फिलीपींस की राजधानी मनीला में रविवार को लोगों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ 50 हजार से ज्यादा लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प हुई। लोगों मे पुलिस पर पत्थर, बोतलें और फायर बम फेंके। पुलिस ने अब तक 200 लोगों को गिरफ्तार किया है। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 466 अंक गिरकर 82160 पर हुआ बंद

**एजेंसी, मुंबई**

### निफ्टी में भी 125 अंक की गिरावट, 25202 पर बंद

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को सेंसेक्स 466 अंक गिरकर 82,160 से स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 125 अंक की गिरावट रही, ये 25,202 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 19 शेयरों में गिरावट रही। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, टाटा मोटर्स, HCL टेक, के शेयरों में बिकवाली के चलते 3% तक की गिरावट रही। जोमैटो, अडानी पोट्र्स और अल्ट्राटेक सीमेंट चढ़कर बंद हुए। वहीं, निफ्टी के 50 में से 32 शेयर्स गिरे। अमेरिका की ओर से एच-1बी वीजा की फीस बढ़ोतरी के चलते सोमवार को आईटी शेयरों में बड़ी गिरावट है। एनएसई का आईटी इंडेक्स सबसे ज्यादा करीब 3% गिरा है। (अनंत ज्ञान)

# टैरिफ और एच-1 बी वीजा पर कुछ तो करना होगा : भागवत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



### कहा- हम आंख मूंदकर आगे नहीं बढ़ सकते

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चीफ मोहन भागवत ने अमेरिका के भारत पर बढ़ाए टैरिफ और एच-1 बी वीजा फीस पर कहा, 'भारत को इस स्थिति से बाहर निकलने के लिए जो भी जरूरी हो करना चाहिए, लेकिन हम आंख मूंदकर आगे नहीं बढ़ सकते।' उन्होंने कहा कि भारत और अन्य देशों के सामने आज जो समस्याएं हैं, वे पिछले 2 हजार सालों से अपनाई गई उस व्यवस्था का नतीजा हैं, जो विकास और सुख की खंडित दृष्टि पर आधारित रही हैं। इसलिए हमें अपनी राह खुद तय करनी होगी। आरएसएस चीफ ने कहा कि हम इन हालात से निकलने का रास्ता ढूंढ लेंगे, लेकिन भविष्य में कभी न कभी हमें फिर ऐसे ही हालात का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि इस खंडित दृष्टि में हमेशा 'मैं और बाकी दुनिया' या 'हम और वे' की सोच रहती है।

उन्होंने कहा कि भारत को भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचने के लिए विकास और प्रगति के सनातन दृष्टिकोण का पालन करते हुए अपना रास्ता खुद बनाना शुरू करना होगा। (अनंत ज्ञान)

## संभावना — एसबीआई की रिपोर्ट में ब्याज दर कम होने का अनुमान, अभी 5.50% पर है रेपो रेट

# इस महीने 0.25% ब्याज दर घटा सकता है आरबीआई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक सितंबर में ब्याज दरों में 25 आधार अंकों यानी 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। इस समय आरबीआई की रेपो रेट 5.50 प्रतिशत है।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की रिपोर्ट में यह संभवना जताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महंगाई नियंत्रण में होने और भविष्य में और नरमी की संभावना को देखते हुए यह कदम उचित और तर्कसंगत रहेगा। बता दें कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 29 और 30 सितंबर को होने वाली है। मौद्रिक नीति की घोषणा 1 अक्तूबर को की जाएगी। एसबीआई ने कहा कि केंद्रीय बैंक का स्पष्ट और शांतिपूर्ण संचार ही इस बीच एक प्रभावी नीति उपकरण है। रिपोर्ट ने चेतावनी दी कि सितंबर में टाइप 2 गलती (तटस्थ रुख के बावजूद दर कटौती न करना) करने का कोई फायदा नहीं है। ऐसे में 25 आधार अंक की कटौती आरबीआई के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प माना जा रहा है। हालांकि, इसने इस बात पर जोर दिया कि वित्त वर्ष 2027 में भी मुद्रास्फीति के नरम बने रहने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 27 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़े अब लगभग 4 प्रतिशत या उससे कम रहने का अनुमान है। (अनंत ज्ञान)

### जून के बाद दरों में कटौती चुनौतीपूर्ण

**एसबीआई** ने यह भी रेखांकित किया कि जून के बाद दरों में कटौती का स्तर अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। इस तरह के निर्णय के लिए केंद्रीय बैंक को सावधानीपूर्वक और संतुलित संचार करना जरूरी होगा।





### कटौती न करने का मतलब गलती दोहराना

**रिपोर्ट** में चेतावनी दी गई है कि ब्याज दरों में कटौती न करने का मतलब पहले की गई टाइप 2 गलती को दोहराना हो सकता है। इसका मतलब अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद तटस्थ रुख बनाए रखना। इसमें बताया गया है कि 2019 के अनुभव से यह भी पता चला है कि दरों को युक्तिसंगत बनाने, विशेष रूप से सामान्य वस्तुओं के लिए दरों को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने से कुछ महीनों के भीतर समग्र मुद्रास्फीति में लगभग 35 आधार अंक की गिरावट आई है।

# सीरिया 58 साल बाद यूएन महासभा में होगा शामिल

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** सीरिया 58 साल में पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा में शामिल होगा। इसके लिए सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा रविवार को न्यूयॉर्क पहुंचे हैं। वे यहां 80वीं महासभा के सत्र में हिस्सा लेंगे। ये 23 सितंबर से 29 सितंबर, 2025 तक चलेगा। इससे पहले 1967 में तत्कालीन सीरियाई राष्ट्रपति नूर अल-दीन अल-अतासी ने UNGA में हिस्सा लिया था। इसके बाद सीरिया में असद परिवार (हाफिज असद और बशर असद) का 50 साल लंबा शासन रहा। पिछले साल दिसंबर में अल-शरा ने असद परिवार का तख्तापलट किया और अंतरिम राष्ट्रपति बने। अब सीरियाई सरकार अमेरिका और पश्चिमी देशों से रिश्ते सुधारने में जुटी है। सीरिया और इसराइल के रिश्ते लंबे समय से तनावपूर्ण हैं। असद के पतन के बाद इसराइल ने सीरिया पर हवाई हमले बढ़ा दिए थे। इसराइल ने यूएन शांति सैनिकों की निगरानी वाला गोलन हाइट्स बफर जोन पर भी कब्जा कर लिया। इस बैठक में अल-शरा इजराइल के साथ अपने रिश्तों को सुधारने पर जोर दे सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### लोकेश राहुल पीवीएल फ्रेंचाइजी गोवा गार्डियंस के सह मालिक बने

**एजेंसी, पणजी।** भारतीय क्रिकेटर लोकेश राहुल ने प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) के चौथे सत्र से पहले गोवा गार्डियंस फ्रेंचाइजी के सह-मालिक बन गए हैं। यह सत्र दो से 26 अक्तूबर तक हैदराबाद में खेला जाएगा। राहुल ने यहां जारी बयान में कहा कि वह वॉलीबॉल को उस तरह की लोकप्रियता दिलाना चाहते हैं जिसका वह हकदार है। उन्होंने कहा, '' पीवीएल भारत में वॉलीबॉल के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है और इसका मुख्य उद्देश्य इस खेल को अधिक लोगों तक पहुंचाना है।'' गोवा गार्डियंस के मुख्य मालिक राजू चेकुरी ने राहुल के इस कदम का स्वागत किया। वॉलीबॉल के प्रति राहुल का जुनून और इसकी क्षमता में उनका विश्वास एक ऐसी फ्रेंचाइजी बनाने में मदद करेगा जो प्रशंसकों को प्रेरित करेगी और खिलाड़ियों को सशक्त बनाएगी। गोवा गार्डियंस इस सत्र में पदार्पण कर रहा है। यह टीम शीर्ष फ्रेंचाइजी के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी।(अनंत ज्ञान)

### एक अक्तूबर को नुमाइशी फुटबॉल मैच के लिए भारत आएंगे बोल्ट

**एजेंसी, मुंबई।** महान फर्राटा धावक उसैन बोल्ट एक अक्तूबर को एक नुमाइशी फुटबॉल मैच के लिए भारत आएंगे। आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता महानतम खिलाड़ियों में से एक बोल्ट महान फुटबॉल खिलाड़ियों, बॉलीवुड हस्तियों और अन्य जाने माने लोगों के साथ फुटबॉल मैच खेलेंगे। बोल्ट बेंगलुरू एफसी और मुंबई सिटी एफसी दोनों के लिए एक एक हाफ खेलेंगे। वह 30 सितंबर से शुरू हो रहे प्यूमा के दो दिवसीय जश्न के सिलसिले में यहां आ रहे हैं। इस मैच के लिये टिकट खरीदने होंगे। प्यूमा भारत के प्रबंध निदेशक कार्तिक बालागोपालन ने कहा ,''हमारा मानना है कि खेलों में समुदायों को प्रेरित करने और एकजुट करने की ताकत है। फुटबॉल भारतीय युवाओं में सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है और उसेन बोल्ट को यहां फुटबॉल खेलने के लिये बुलाकर हम इसका जश्न मनाना चाहते हैं ।'' (अनंत ज्ञान)

### अभिषेक शर्मा क्रिकेट जगत में तहलका मचा देंगे : रविचंद्रन अश्विन

**एजेंसी, नई दिल्ली ।** पाकिस्तान के खिलाफ अभिषेक शर्मा की शानदार पारी ने पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन और केविन पीटरसन को आश्चर्यचकित कर दिया। भारतीय ऑफ स्पिनर ने तो यहां तक कह दिया है कि यह युवा खिलाड़ी 'भारत के लिए सीमित ओवरों के क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक' बन जाएगा। अभिषेक की 39 गेंद पर 74 रन की ताबड़तोड़ पारी से भारत ने रविवार को एशिया कप के सुपर चार चरण के मुकाबले में पाकिस्तान को आसानी से छह विकेट से मात दी। अभिषेक ने इस पारी में धैर्य और आक्रमण का शानदार मिश्रण दिखाते हुए कमाल के शॉट लगाए। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, ''मैं आपको बताना चाहता हूं कि यह अभिषेक शर्मा का आगमन नहीं है। यह तो बस शुरुआत है। उसने अभी-अभी शुरू किया है और उसका भविष्य बहुत लंबा है। वह क्रिकेट की दुनिया में तहलका मचाने जा रहा है।'' अश्विन ने 23 साल के अभिषेक की तारीफ करते हुए कहा कि वह अपने गुरु युवराज सिंह की विरासत को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा, ''यह बात लिख लीजिए। उनमें बहुत क्षमता है। जिस तरह से युवराज सिंह सीमित ओवरों में भारत के लिए सबसे शानदार खिलाड़ियों में से एक रहे हैं अभिषेक के पास भी सीमित ओवरों के प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनने की क्षमता है। वह उस स्तर तक आसानी से पहुंच सकते हैं। मुझे लगता है कि वह युवराज की विरासत को आगे बढ़ाएंगे। वह एक अद्भुत प्रतिभा हैं।'' (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत महिला तैराक ग्रेटचेन वॉल्श

**ग्रेटचेन** वॉल्श एक अमेरिकी तैराक, ने 2025 की विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा जीती और इस प्रदर्शन के साथ अपने करियर का पहला व्यक्तिगत लंबी दूरी का विश्व खिताब हासिल किया। उन्होंने 54.73 सेकंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ जीत हासिल की, जो बीमारी से पीड़ित होने के बावजूद उनके अविश्वसनीय प्रदर्शन को दर्शाता है।




### विश्व कप चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन हमारा लक्ष्य इस खिताब को जीतना : स्नेह राणा

**एजेंसी, मुंबई।** भारतीय स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला स्नेह राणा ने कहा कि घरेलू मैदान पर महिला एकदिवसीय विश्व कप खेलना चुनौतीपूर्ण होगा लेकिन उनकी टीम यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने के लिए कमर कस चुकी है। टूर्नामेंट के सह-मेजबान भारत और श्रीलंका 30 सितंबर को गुवाहाटी में प्रतियोगिता के शुरुआती मैच में आमने-सामने होंगे। भारत ने अभी तक कभी विश्व कप नहीं जीता है। राणा ने 'जियोस्टार' को बताया, '' हम घरेलू मैदान पर खेलने वाले वाले हैं। यह दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण होने वाला है। यह एक खास एहसास है। यह हरमन दीदी (हरमनप्रीत कौर) के लिए और भी खास है क्योंकि वह इतने सालों से क्रिकेट खेल रही हैं। हमारा लक्ष्य इस विश्व कप को जीतना है। '' अनुभवी हरफनमौला दीप्ति शर्मा ने कहा कि यह मुख्य कोच अमोल मजूमदार के लिए भी एक 'महत्वपूर्ण' टूर्नामेंट होगा। उन्होंने कहा, ''जब भी हम कोई द्विपक्षीय श्रृंखला खेलते हैं तो विश्व कप ट्रॉफी हमारे दिमाग में आती रहती है और यह अमोल मजूमदार सर का पहला विश्व कप है। ऐसे में यह महत्वपूर्ण और खास है।'' उन्होंने कहा, ''हम भारत में दर्शकों से भरे स्टेडियम में खेलने जा रहे हैं और यह एक यादगार अभियान होने वाला है और हम इसके लिए तैयार हैं।'' राणा और विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष दोनों ने भारतीय खिलाड़ियों को 'एक्सपोजर' देने के लिए महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) को श्रेय दिया। (अनंत ज्ञान)

## एशिया कप
### भारत ने सुपर-4 के मुकाबले में पाकिस्तान को रौंदा

# श्रीलंका से भी हारा पाक तो हो जाएगा बाहर

**एजेंसी, अबुधाबी**

भारत ने रविवार को सुपर-4 के मुकाबले में पाकिस्तान को रौंद दिया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया के सामने 172 रनों का लक्ष्य रखा था जिसे सूर्या की सेना ने 4 विकेट के नुकसान पर आसानी से हासिल कर लिया। भारत की तरफ से सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी की।

उन्होंने धुंआधार पारी खेलते हुए महज 39 गेंदों पर 74 रन बनाए। इसी तरह शुभमन गिल ने भी पाकिस्तानी गेंदबाजों की धुनाई की। उन्होंने ने 28 गेंदों में 47 रनों की पारी खेली। दोनों ने मिलकर भारत को मजबूत शुरुआत दी। पहले विकेट के लिए दोनों के बीच 109 रनों की साझेदारी हुई। इस पार्टनरशिप ने टीम इंडिया के जीत की नींव रखी। (अनंत ज्ञान)




### भारत की राह आसान

**बहरहाल** भारत ने सुपर चार का पहला मुकाबला जीतकर फाइनल के लिए अपनी रह आसान कर ली है। भारत का अगला मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ 24 सितंबर को खेला जाएगा। इस मैच में जीत के साथ ही भारत की फाइनल की दावेदारी पक्की हो जाएगी जबकि दो दिन बाद श्रीलंका से भिड़ंत होगी।

### हर क्रिकेट फैंस की नजर भारत और पाकिस्तान के मुकाबले पर

**टूर्नामेंट** में हर क्रिकेट फैंस की नजर सबसे ज्यादा चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के मुकाबले पर ही रही। इन दो देशों के मैच में ही स्टेडियम में सबसे ज्यादा भीड़ देखी गई। ऐसे में क्रिकेट फैंस के साथ ही एशिया क्रिकेट काउंसिल भी चाहेगा कि, यह दोनों देश फाइनल मुकाबले में एक बार फिर आमने-सामने हो ताकि उन्हें इसका फायदा मिल सके, लेकिन सुपर चार के खेले गए दो मुकाबलों के बाद भी क्या यह संभव है कि भारत और पाकिस्तान फाइनल में पहुंचेंगे? क्या दोनों देशों के बीच तीसरी बार भिड़ंत होगी? बात करें एशिया कप में सुपर चार के प्वाइंट्स टेबल की तो इस चरण में चार टीमों के बीच कुछ 6 मुकाबले खेले जायेंगे यानि हर टीम एक-दूसरे से भिड़ेंगी। फिलहाल दो मैच के बाद भारत इस टेबल में एक जीत के साथ शीर्ष पर है जबकि दूसरे स्थान पर बांग्लादेश काबिज है, जिसने पिछले दिनों श्रीलंका को हराया था। दोनों टीमों के पास दो-दो अंक है। अगर दोनों ही टीमें बेहतर रनरेट के साथ अपने बाकी दो-दो में से एक-एक मुकाबले भी जीत जाती है तो, ये फाइनल में पहुंच जाएंगे, लेकिन हार के साथ इन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ सकता है।

### श्रीलंका और पाकिस्तान का अंकतालिका में नहीं खुला खाता

**बात** पाकिस्तान की करें तो पाकिस्तानी टीम अपना पहला मुकाबला भारत से हार चुकी है। ऐसे में यदि अगले मुकाबले में 23 सितंबर को श्रीलंका से हार जाती है, तो उसका बाहर होना लगभग तय हो जाएगा। क्योंकि बांग्लादेश से जीतकर भी वो अधिकतम 2 अंक तक ही पहुंच पाएगी। अगर पाकिस्तान श्रीलंकाई टीम को हरा देता है, तो फिर उसे फाइनल की संभावनाओं को मजबूत करने के लिए बांग्लादेश के खिलाफ जीत चाहिए होगी। श्रीलंका और बांग्लादेश भी फाइनल की रेस में पूरी तरह बनी हुई है। श्रीलंका ने ग्रुप-बी में तीनों मैच जीते थे, लेकिन सुपर-4 के पहले मैच में उसे बांग्लादेश ने हरा दिया। यानी बांग्लादेश के पास पहले से एक जीत है और उसके दो अंक हैं। भारत के पास भी दो अंक हैं और वो बेहतर नेट-रनरेट के चलते अंकतालिका में पहले स्थान पर है। भारत का नेट-रनरेट +0.689 है, जबकि बांग्लादेश का नेट-रनरेट +0.121 है। श्रीलंका और पाकिस्तान का अंकतालिका में खाता नहीं खुला है। हालांकि श्रीलंकाई टीम पाकिस्तान से ऊपर तीसरे नंबर पर है।

## भारत ने सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के मुकाबले में पाकिस्तान को 3-2 से हराया



**एजेंसी, कोलंबो**

भारत ने सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप के बेहद रोमांचक मैच में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सोमवार को यहां 3-2 से शिकस्त दी। मैच के दौरान पाकिस्तान के मोहम्मद अब्दुल्ला का विवादास्पद जश्न चर्चा का विषय बन गया। दोनों टीमों के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के बाद यह मुकाबला औपचारिक हो गया था। भारत ने मैच के 31वें मिनट में डल्लालमुओन गांगटे के गोल से बढ़त बना ली।

पाकिस्तान ने 43वें मिनट में अब्दुल्ला द्वारा पेनल्टी को गोल में बदलकर बराबरी की। गोल करने के बाद वह अपने साथियों के साथ एक अनोखे जश्न में चाय पीने की नकल करने लगा।

उसका यह जश्न हालांकि पाकिस्तान के लिए ही भारी पड़ गया क्योंकि भारत ने शानदार खेल दिखाते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित कर दी। गुनलेइबा वांगखेइराकपम ने 63वें मिनट में गोल कर भारत को फिर से बढ़त दिला दी लेकिन इसके सात मिनट बाद ही हमजा यासिर ने पाकिस्तान के लिए बराबरी का गोल दाग दिया। रहाम अहमद ने 73वें मिनट में गोल कर भारत को 3-2 से आगे कर दिया जो निर्णायक साबित हुआ।

भारत ने इसके बाद रक्षापंक्ति को मजबूत कर पाकिस्तान को बराबरी करने का मौका नहीं दिया।

अब्दुल्ला का यह विवादास्पद जश्न पाकिस्तान के क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहम द्वारा रविवार को दुबई में भारत के खिलाफ एशिया कप सुपर चार मैच के दौरान किए गए उकसाने वाले इशारों के ठीक एक दिन बाद आया।

भारत ने एशिया कप का वह मैच छह विकेट से जीता था, जिसके बाद भारत की युवा फुटबॉल टीम ने श्रीलंका की राजधानी में रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान को शिकस्त दी।

## आग और बर्फ की तरह शुभमन और अभिषेक : सूर्यकुमार

**एजेंसी, दुबई**

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव का मानना है कि जिगरी दोस्त अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल के बल्लेबाजी के विपरीज अंदाज से भारतीय टी20 क्रिकेट को ' आग और बर्फ' का संयोजन मिल गया है । पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के सुपर 4 मैच में जीत के लिये 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दस साल की उम्र से साथ खेल रहे दोनों दोस्तों ने 105 रन की साझेदारी की ।

अभिषेक ने 39 गेंद में 74 रन बनाए जबकि गिल ने 28 गेंद में 47 रन जोड़े । सूर्यकुमार ने छह विकेट से मिली जीत के बाद कहा ,'' यह आग और बर्फ जैसा संयोजन है । दोनों एक दूसरे के पूरक हैं । यही मैं देखना चाहता हूं । अगर एक जबर्दस्त बल्लेबाजी कर रहा है तो दूसरा सहायक की भूमिका निभाकर स्ट्राइक रोटेट कर सकता है । हमें अच्छी शुरूआत की जरूरत थी और दोनों ने वह दी ।''

पंजाब में अंडर 12 दिनों से साथ खेल रहे अभिषेक और गिल एक दूसरे के खेल को बखूबी जानते हैं और मौके के हिसाब से भूमिकाएं बदल लेते हैं। सूर्यकुमार का मानना है कि मैदान के बाहर की अच्छी दोस्ती मैदान पर आपसी समझ में भी परिलक्षित होती है । उन्होंने कहा ,'' मैदान के बाहर अच्छे दोस्त होना जरूरी है । जब आप पारी की शुरूआत कर रहे हैं तो यह समझ काफी जरूरी है । एक रन लेने के लिए एक नजर का इशारा ही काफी होता है । जब ये दोनों साथ में बल्लेबाजी करते हैं तो इनकी दोस्ती दिखती है।'' कोरोना काल में दोनों चंडीगढ़ में युवराज सिंह के घर पर थे और साथ में अभ्यास किया करते थे।

सूर्यकुमार ने अभिषेक के बारे में कहा ,'' काफी निस्वार्थ बल्लेबाजी करता ह । पावरप्ले में वह आक्रामक खेलता है और उसके बाद भी उसे पता है कि क्या जरूरी है । वह हालात का आकलन करके मैच दर मैच सीख रहा है । वह अभ्यास कभी नहीं चूकता ।'' गिल के बारे में उन्होंने कहा ,'' शुभमन के बारे में सभी को पता है कि वह कैसा खिलाड़ी है । मैं इतना ही कहूंगा कि उसे पता है कि रन कैसे बनाना है ।

## कोरिया ओपन में भारत की चुनौती पेश करेंगे प्रणय-आयुष

**एजेंसी, सुवोन ( कोरिया )**



इस सत्र में लय हासिल करने के लिये जूझ रहे एच एस प्रणय और उदीयमान सितारे आयुष शेट्टी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे ।

हांगकांग और चाइना मास्टर्स में फाइनल तक पहुंचे सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे ।

विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय इस सत्र में कई टूर्नामेंटों के शुरूआती दौर से ही बाहर हो गए थे । वह यहां एक क्वालीफायर के खिलाफ शुरूआत करेंगे और दूसरे दौर में चीनी ताइपै के चोउ तियेन चेन से खेल सकते हैं । इस सत्र में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय यूएस ओपन विजेत 22 वर्ष के आयुष का सामना पहले दौर में चीनी ताइपै के सू लि यांग से होगा । किरण जॉर्ज को पहले दौर में सिंगापुर के लोह कीन यू के रूप में कठिन चुनौती मिली है।

महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय का सामना इंडोनेशिया की चौथी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुम वरदानी से होगा । युगल में मोहित जगलान और लक्षिता जगलान की टक्कर जापान के यूइची शिमोगामी और सयाका होबारा से होगी ।

## सुल्तान जोहोर हॉकी कप में भारतीय जूनियर टीम की कप्तानी करेंगे रोहित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

डिफेंडर रोहित 11 अक्तूबर से मलेशिया में हो रहे सुल्तान जोहोर कप टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करेंगे और उनका लक्ष्य पिछली बार के कांस्य पदक से बेहतर प्रदर्शन करना होगा । टूर्नामेंट 18 अक्तूबर को खत्म होगा और यह 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए अहम होगा।

भारत को 11 अक्तूबर को ब्रिटेन से खेलना है जबकि 12 अक्तूबर को सामना न्यूजीलैंड से होगा । भारत और पाकिस्तान का सामना 14 अक्टूबर को होगा जबकि आस्ट्रेलिया से 15 अक्टूबर को मैच है । राउंड रॉबिन चरण में आखिरी मैच 17 अक्तूबर को मलेशिया से खेलना है । राउंड रॉबिन चरण से शीर्ष दो टीमें 18 अक्तूबर को फाइनल खेलेंगी । भारत के कोच पी आर श्रीजेश ने कहा ,'' टीम सुल्तान जोहोर कप की अच्छी तैयारी कर रही है । हमारे पास अच्छी टीम है और जूनियर विश्व कप को देखते हुए यह तैयारी का अच्छा मौका होगा जिसमें मजबूत टीमों के खिलाफ खुद को आंक सकेंगे ।'' (अनंत ज्ञान)

> खिलाड़ियों को पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन करना होगा

### भारतीय टीम में शामिल खिलाड़ी

**गोलकीपर :** ब्रिकमजीत सिंह, प्रिंसदीप सिंह
**डिफेंडर :** रोहित (कप्तान ), तालेम प्रियब्रत, अनमोल इक्का, आमिर अली, सुनील पीबी, रवनीत सिंह
**मिडफील्डर :** अंकित पाल, टी इंगेलम्बा लुवांग, अद्रोहित इक्का, अराइजीत सिंह हुंडल, रोशन कुजूर , मनमीत सिंह
**फॉरवर्ड :** अर्शदीप सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, अजीत यादव, गुरजोत सिंह
**स्टैंडबाय :** विवेक लाकड़ा, शारदानंद तिवारी, टी किंगसन, रोहित कुल्लू, दिलराज सिंह ।

## टीकेआर ने वॉरियर्स को हरा पांचवीं बार जीता खिताब

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2025 का फाइनल मुकाबला ट्रिनबागो नाइट राइडर्स और गयाना अमेजन वॉरियर्स के बीच खेला गया। गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेले गए इस खिताबी मुकाबले में टीकेआर ने अकील होसेन के ऑलराउंड प्रदर्शन की मदद से वॉरियर्स को तीन विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीकेआर पांचवीं बार चैंपियन बन गई है।

कायरन पोलार्ड, आंद्रे रसेल, सुनील नरेन जैसे दिग्गजों से लैस टीकेआर पांच साल के लंबे अंतराल के बाद फिर से चैम्पियन बनी है। आखिरी बार 2020 में टीकेआर ने सीपीएल का खिताब अपने नाम किया था। फाइनल में टॉस गयाना अमेजन वॉरियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर मात्र 130 रन बनाए। सौरभ नेत्रावलकर की खतरनाक गेंदबाजी के सामने वॉरियर्स के बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए।

टीम के लिए इफ्तिखार अहमद ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। उनेक अलावा बेन डरमॉट ने 28 और ड्वाइन प्रिटोरियस ने 25 रन का योगदान दिया। सौरभ नेत्रावलकर ने चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट झटके। गयाना अमेजन वॉरियर्स के लिए अकील हुसैन ने 26 रन देकर दो विकेट, उस्मान तारिक और आंद्रे रसेल ने एक-एक विकेट लिए। इस आसान लक्ष्य को टीकेआर ने 18 ओवर में सात विकेट खोकर हासिल कर लिया। (अनंत ज्ञान)


## डिकॉक ने सीमित ओवर क्रिकेट में संन्यास से वापसी की, पाकिस्तान दौरे से बावुमा बाहर

**एजेंसी, जोहानिसबर्ग**

दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने सीमित ओवरों से संन्यास लेने का अपना फैसला वापस ले लिया जिसके बाद सोमवार को उन्हें पाकिस्तान दौरे के लिए इस प्रारूप की टीम में शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीका को हालांकि कप्तान तेम्बा बावुमा की सेवाएं नहीं मिलेंगी जो पिंडली में खिंचाव के कारण टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की गदा हासिल करने के बाद दक्षिण अफ्रीका 12 से 24 अक्तूबर तक लाहौर और रावलपिंडी में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से इस नए सत्र का आगाज करेगा। डिकॉक ने सीमित ओवर प्रारूप में अपना पिछला मैच 2024 में बारबाडोस में टी20 विश्व कप में खेला था। उन्हें नामीबिया में होने वाले एकमात्र टी20 मैच के लिए भी टीम में जगह मिली है।

इस बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने 2023 विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। जिसके बाद तत्कालीन कोच रॉब वाल्टर ने उन्हें टी20 टीम में शामिल नहीं किया था क्योंकि वह उनकी लंबी अवधि की योजनाओं के बारे में निश्चित नहीं थे। दक्षिण अफ्रीका के वर्तमान मुख्य कोच शकुरी कॉनराड ने इस खिलाड़ी से चर्चा करने के बाद उन्हें सीमित ओवरों की दोनों राष्ट्रीय टीमों में शामिल किया है।

कॉनराड ने कहा, '' डिकॉक का सीमित ओवरों की क्रिकेट के लिए लौटना हमारे लिए मनोबल बढ़ाने वाला है। पिछले महीने जब उनके भविष्य के बारे में बात की थी तो यह साफ था कि उनमें अब भी देश के प्रतिनिधित्व करने की मजबूत इच्छा है। (अनंत ज्ञान)



### डिकॉक ने 155 वनडे मैचों में 6770 रन बनाए

**डिकॉक** ने अब तक 155 वनडे मैचों में 45.74 की औसत और 96.64 के स्ट्राइक रेट से 6770 रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कप्तान तेम्बा बावुमा इंग्लैंड दौरे के दौरान लगी पिंडली की चोट से अभी तक नहीं उबर पाए हैं, जिसके चलते वह आगामी श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। उनकी अनुपस्थिति में एडेन मारक्रम टीम की कप्तानी करेंगे।

### बावुमा टीम के लिए महत्वपूर्ण : शकुरी

**शकुरी** ने कहा, '' मैं बावुमा के बारे में बहुत चिंतित हूं। वह हर श्रृंखला में चोटिल हो रहे हैं और यह उनकी कोशिश की कमी के कारण नहीं है। वह चोट बचे रहने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। वह अच्छी लय में है और निश्चित रूप से टीम के लिए महत्वपूर्ण हैं। उनकी उम्र बढ़ रही है और ऐसे में यह यह चिंता का विषय है। मुझे हालांकि मेडिकल स्टाफ और तेम्बा की फिट होने की इच्छा पर पूरा भरोसा है।''

## सफलता
### कोहली का कप्तानी रिकॉर्ड बाबर आजम से भी खराब

# सूर्यकुमार टी20 फॉर्मेट में सबसे सफल भारतीय कप्तान

**एजेंसी, दुबई**

भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2025 का सुपर 4 मुकाबला खेला गया। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया। यह दूसरी बार है जब सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने पाकिस्तान को मात दी है। इस जीत के साथ सूर्यकुमार टी20 फॉर्मेट में भारत-पाकिस्तान मुकाबलों में सबसे सफल भारतीय कप्तान बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी, बाबर आजम और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज कप्तानों को पीछे छोड़ दिया। सूर्या ने पाकिस्तान के खिलाफ दो मुकाबलों में भारतीय टीम की कप्तानी की है और दोनों जीते हैं। उनका विनिंग प्रतिशत 100% है। (अनंत ज्ञान)




### विराट कोहली नहीं जीत सके एक भी मैच

**पाकिस्तान** के खिलाफ टी20 कप्तान विराट कोहली का रिकॉर्ड सबसे खराब है। कोहली ने मात्र एक टी20 मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम की कप्तानी की है और उसी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। यह मुकाबला टी20 वर्ल्ड कप 2022 में खेला गया था।

### पाक के कप्तानों में बाबर आजम सबसे सफल

**बाबर** आजम ने भारत के खिलाफ टी20 में पाकिस्तान के सबसे सफल कप्तान हैं। उनकी अगुआई में पाकिस्तान ने दो बार भारत को हराया है। तीन बार टीम को हार का सामना करना पड़ा है। बाबर का विनिंग प्रतिशत 40% है। कप्तानी में पाकिस्तान ने भारत को टी20 वर्ल्ड कप 2022 और एशिया कप 2022 में मात दी थी।

### एमएस धोनी ने जीते सबसे ज्यादा मुकाबले

**सबसे** ज्यादा मुकाबले जीतने के मामले में अब भी कैप्टन कूल एमएस धोनी टॉप पर हैं। धोनी ने 8 भारत पाकिस्तान मुकाबलों में कप्तानी की है और इनमें से छह में जीत हासिल की है। इस दौरान एक मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा, वहीं एक टाई रहा है। धोनी का विनिंग प्रतिशत 75% है।

### रोहित शर्मा दूसरे नंबर पर

**पूर्व** कप्तान रोहित शर्मा का पाकिस्तान के खिलाफ विनिंग प्रतिशत 75% है। रोहित की कप्तानी में भारत ने पाकिस्तान से चार टी20 मुकाबले खेले हैं और इनमें से तीन में टीम ने जीत हासिल की है। एक मुकाबले में भारत को हार का सामन करना पड़ा था। यह मैच एशिया कप 2022 में खेला गया था।

## पहले दस ओवर के बाद बल्लेबाजी करना आसान नहीं था : सलमान

**एजेंसी, दुबई**

पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने स्वीकार किया कि उनकी टीम भारत के खिलाफ एशिया कप सुपर 4 मैच में हर विभाग में उन्नीस साबित हुई और पहले दस ओवर के बाद बल्लेबाजी करना मुश्किल हो गया था ।

पहले दस ओवर में 91 रन बनाने के बाद पाकिस्तान अगले दस ओवर में 80 रन ही बना सके । शिवम दुबे ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में 16 रन देकर दो विकेट लिए ।

आगा ने कहा ,'' बल्लेबाजी में हमने बेहतर प्रदर्शन किया जो अच्छी बात है । हमने जिस तरह से शुरूआत की थी, 15 रन और बनाने चाहिये थे लेकिन पहले दस ओवर के बाद गेंद नरम हो गई और बल्लेबाजी करना आसान नहीं रहा ।'' उन्होंने कहा ,'' हमने पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी नहीं की और इसका खामियाजा भुगतना पड़ा ।'' उन्होंने कहा ,'' आपको परफेक्ट मैच खेलना होता है और जीत के लिये तीनों विभाग में अच्छे प्रदर्शन की जरूरत हे । हम अच्छा क्षेत्ररक्षण या गेंदबाजी नहीं कर सके ।'' पाकिस्तानी कप्तान ने अपनी टीम से भारत के खिलाफ मैच को भुलाकर श्रीलंका के खिलाफ अगले मैच पर फोकस करने के लिए कहा । उन्होंने कहा ,''हमे इस मैच को भूलना होगा क्योंकि मंगलवार को फिर एक मैच खेलना है। बेहतर प्रदर्शन करना होगा ।''(अनंत ज्ञान)

